राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 165
लखनऊ, रविवार 15 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नवाबगंज टाउन के लिए नये फीडर का विधायक ने किया शुभारंभ 10
कृषि शोध को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : शाही 03

# नौकरी की गारंटी होगी वानिकी वि.वि. की डिग्री : योगी

- अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा विश्वविद्यालय

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे। साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएम योगी शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे लिए किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञ होना हमारी जीवनशैली का हिस्सा है। गिद्धराज जटायु की मानव जाति पर बड़ी कृपा रही। माता सीता का हरण कर ले जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही, वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी।




### नीयत साफ हो तो परिणाम अपने आप आ जाते हैं

सीएम ने वर्ष 2017 के बाद प्रदेश और गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि जब नीयत साफ हो तो परिणाम अपने आप आ जाते हैं। अच्छी दिशा में किए गए प्रयास से आज गोरखपुर में खाद कारखाना चालू हो चुका है। गोरखपुर में एम्स सेवाएं दे रहा है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। पिपराइच में चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। धुरियापार में कम्प्रेस्ड बायो गैस का प्लांट लग चुका है। गीडा में उद्योग ही उद्योग नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और प्रदेश में विकास के बहुत बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। विकास की सोच ही वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगी।

### उत्तर प्रदेश में विकास भी है और दमघोंटू वातावरण से मुक्ति भी

सीएम योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा। जब प्रदूषण नहीं होगा तो बीमारी भी नहीं होगी। उन्होंने वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली की चर्चा करते हुए कहा कि वहां डॉक्टर दमा रोगियों, बुजुर्गों और बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सलाह देते हैं। यह स्थिति पर्यावरण के साथ खिलवाड़ से बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास भी है और दमघोंटू वातावरण से मुक्ति भी। इसी क्रम में कैम्पियरगंज में बनने जा रहा वानिकी विश्वविद्यालय पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने में और कारगर सिद्ध होगा। यह वनाच्छादन बढ़ाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि का भी नया प्रयास होगा।

### जंगल कौड़िया के हर गांव से जुड़ाव

अपने संबोधन में सीएम ने जंगल कौड़िया ब्लॉक के हर गांव से जुड़ाव का जिक्र किया। कहा कि वह यहां एक-एक गांव गए हैं। हर गांव की समस्या जानते हैं, समस्या समाधान के लिए संघर्ष किया है। बाढ़ की स्थिति में पानी में घुसकर लोगों तक पहुंचे हैं। समस्याओं की तस्वीर पहले से सामने थी तो लखनऊ से उन सभी समस्याओं का समाधान भी करा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जंगल कौड़िया ब्लॉक व कैम्पियरगंज विधानसभा क्षेत्र में आज विकास की जो स्थिति है, वह लोगों की कल्पनाओं से भी परे है। यहां कालेसर-जंगल कौड़िया बाईपास बन जाने से लोग सीधे लखनऊ पहुंच जाते हैं, वह भी सिर्फ तीन-साढ़े तीन घंटे में। चिउटहा से कुशीनगर जाने में सिर्फ आधा घंटा लगता है। क्षेत्र की हर प्रमुख सड़क फोरलेन हो गई है। बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान हो रहा है। जंगल कौड़िया में पूज्य ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में डिग्री कॉलेज बन गया है। यहां 2 हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षा मिल रही है। स्टेडियम बन गया है। कुश्ती के प्रशिक्षण और अभ्यास की सुविधा से क्षेत्र के पहलवानों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। विकास के साथ ही गरीबों के कल्याण के कार्य हुए हैं। आवास, शौचालय, राशन, आयुष्मान भारत, पेंशन का लाभ हर पात्र को उपलब्ध हुआ है। यह सब विकास के प्रति भाव रखने का ही परिणाम है।

# माओवादी मुस्लिम लीग बन गयी है कांग्रेस, असम में गरजे पीएम मोदी

**एजेंसी, गुवाहाटी।**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी को भारत का बुरा चाहने वाली और आतंकी सोच रखने वालों के साथ चलने वाली पार्टी बताते हुए उसकी तीखी आलोचना की और कहा कि यह भारत को एक राष्ट्र मानने से इनकार करती है, इससे राष्ट्र के भले की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि जो पार्टी देश को एक राष्ट्र मानने से परहेज करे, माँ भारती के प्रति सम्मान न दिखाए वह देश का भला नहीं कर सकती। वह विधानसभा चुनावों के मूड में चल रहे असम के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने विपक्षी दल पर असम में केवल तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति करते तथा विकास और शांति की उपेक्षा करने के भी आरोप लगाये। प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को इस अवसर पर पुलवामा (कश्मीर) आतंकवादी हमले की बरसी की याद दिलाते हुए उस हमले में जान गंवाने वाले जवानों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलवामा के बाद भारत ने जिस तरह आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की उसे दुनिया ने देखा है। कुछ लोग भारत की कार्रवाई से आज भी कांप रहे हैं। माँ भारती की शक्ति को आप ने ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा।

प्रधानमंत्री ने इसी संदर्भ में राष्ट्र और आतंकवाद के प्रति कांग्रेस की कथित कमजोरियों का जिक्र किया और सवाल किया, क्या कांग्रेस में देश हित के लिए इस तरह के फैसले करने की ताकत है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसे मौकों पर ज्यादा से ज्यादा एक बयान दे सकती है। श्री मोदी ने कहा, जो कांग्रेस भारत को राष्ट्र मानने से भी इनकार करती हो...जो सवाल करते हैं कि मां भारती क्या होती है, जो माँ भारती के प्रति जरा सा सम्मान नहीं दिखाते... वह कांग्रेस कभी भारत का भला नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी, उसके समय में पूरा पूर्वोत्तर डर और असुरक्षा में जीता रहा। कांग्रेस ने सुरक्षा के लिए कुछ खरीदा तो, उसमें भी घोटाले किये गये।

**पीएम ने असम में पूर्वोत्तर के पहले राजमार्ग आधारित आपातकालीन लैंडिंग रनवे का किया उद्घाटन**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले के मोरन में पूर्वोत्तर के पहले राजमार्ग आधारित आपातकालीन लैंडिंग रनवे (ईएलएफ) का उद्घाटन किया। यह भारत के रक्षा अवसंरचना और संचालन तैयारियों की कड़ी में एक बड़ा कदम है।

प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा और विकास की दृष्टि से सड़कों, सुरंगों हवाई पट्टियों और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का उल्लेख किया और कहा कि भारत सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, यह सब देख कर कांग्रेस बौखलाई हुई है, उसे लगता है मोदी यह सब कैसे कर लेता है। उसे रात में नींद नहीं आती और वह दिन में कुछ भी बोले जा रही है। आज कांग्रेस हर उस विचारधारा के साथ है जो भारत का बुरा चाहते हैं, जो भारत को टुकड़े टुकड़े करने का नारा लगाते हैं, जो पूर्वोत्तर को भारत से अलग करना चाहते हैं, उन्हें कांग्रेस अपने कंधे पर पर बिठाती है। मोदी ने कहा, कांग्रेस एमएमसी (माओवादी मुस्लिम लीग) बन गयी है। उन्होंने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को यह संदेश असम की जनता (मतदाताओं) तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,900/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,460/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,75,000/किग्रा |



# केंद्र ने शुरू की 'पीएम राहत' योजना

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख रुपये का कैशलेस इलाज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'पीएम राहत' (रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेशन एंड एश्योर्ड ट्रीटमेंट) योजना की शुरुआत की है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपना कार्यालय सेवा तीर्थ में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले ही फैसले में पीएम राहत योजना से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किए। यह फैसला सरकार के इस वादे को दिखाता है कि सड़क दुर्घटना के बाद तुरंत मेडिकल मदद न मिलने से किसी की जान न जाए।

मंत्रालय के अनुसार, देश में हर वर्ष बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत मामलों में यदि पीड़ित को दुर्घटना के पहले 'गोल्डन ऑवर' में अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो जान बचाई जा सकती है।

योजना के तहत किसी भी श्रेणी की सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से सात दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलेगा। गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तथा गंभीर मामलों में 48 घंटे तक स्थिरीकरण उपचार की सुविधा दी जाएगी, जिसके लिए एकीकृत डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पुलिस प्रमाणीकरण आवश्यक होगा। योजना को आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) 112 हेल्पलाइन से जोड़ा गया है। दुर्घटना पीड़ित, 'राह-वीर' (गुड समैरिटन) या घटनास्थल पर मौजूद कोई भी व्यक्ति 112 पर कॉल कर निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी प्राप्त कर सकता है और एंबुलेंस सहायता का अनुरोध कर सकता है। इससे पुलिस, आपातकालीन सेवाओं और अस्पतालों के बीच त्वरित समन्वय सुनिश्चित होगा। यह योजना तकनीक आधारित ढांचे के माध्यम से लागू की जा रही है, जिसमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के ई-डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट (ईडीएआर) प्लेटफॉर्म को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ट्रांजैक्शन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस 2.0) से जोड़ा गया है। इससे दुर्घटना की रिपोर्टिंग से लेकर अस्पताल में भर्ती, उपचार, दावा निपटान और भुगतान तक की प्रक्रिया डिजिटल रूप से संचालित होगी। अस्पतालों को भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष (एमवीएएफ) से किया जाएगा। बीमित वाहन के मामलों में सामान्य बीमा कंपनियों के योगदान से राशि दी जाएगी, जबकि बिना बीमा या हिट एंड रन मामलों में केंद्र सरकार के बजटीय प्रावधान से भुगतान होगा। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा स्वीकृत दावों का भुगतान 10 दिनों के भीतर किया जाएगा। जिला स्तर पर शिकायतों के निवारण के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा नामित शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिला कलेक्टर/ जिलाधिकारी/ उपायुक्त करेंगे।




### एआई इम्पैक्ट समिट में 65 से अधिक देशों की होगी भागीदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत आगामी 16 से 20 फरवरी तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के भविष्य की दिशा तय करने वाले सबसे बड़े वैश्विक मंच की मेजबानी करने जा रहा है जिसमें 65 से अधिक देशों की सरकार के स्तर पर उपस्थिति रहेगी।

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 अपनी तरह का पहला ऐसा वैश्विक सम्मेलन है, जो ग्लोबल साउथ के किसी देश में आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस व्यक्तिगत रूप से इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। उनकी भागीदारी यह संकेत देती है कि वैश्विक स्तर पर एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को लेकर संयुक्त राष्ट्र भारत की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा आयोजित इस समिट में अभूतपूर्व वैश्विक भागीदारी देखने को मिलेगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### बस यात्री से 10.41 करोड़ की हेरोइन बरामद

**लखनऊ।** काठमांडू से दिल्ली जा रही बस में यात्रा कर रहे एक पुरुष यात्री के पास मादक पदार्थ होने की खुफिया सूचना के आधार पर राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों ने निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध व्यक्ति की लखनऊ में रोककर जाँच की। यात्री के सामान की गहन तलाशी के दौरान 04 पैकेटों में रखा 5,209 ग्राम सफेद पाउडरनुमा पदार्थ बरामद हुआ। मौके पर किए गए फील्ड टेस्ट में उक्त पदार्थ हेरोइन पाया गया। बरामद हेरोइन का कुल मूल्य अवैध बाजार में लगभग 10.418 करोड़ आंका गया है। बरामद हेरोइन को जब्त किया गया तथा प्रतिबंधित पदार्थ ले जा रहे यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है।

#### धूमधाम से मना क्रेयॉन किड्स का वार्षिकोत्सव

**लखनऊ।** क्रेयॉन किड्स इंदिरानगर ने उर्दू अकादमी, गोमतीनगर में अपना 13वां वार्षिकोत्सव बडे उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया। कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी द्वारा सम्पन्न किया गया। इसके पश्चात् राष्ट्रगान एवं गणेश वंदना की प्रस्तुति से समारोह की विधिवत शुरुआत हुई। 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 2.5 से 3.5 वर्ष के बच्चों द्वारा अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी का सम्मान समारोह रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावुक कर दिया। समारोह में सुकन्या, मनीषा, माधुरी, दिव्या, अलका समेत कई विद्यार्थियों की माताओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य और विद्यालय के पूर्व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिया। प्रधानाचार्य नमिता सिंह समेत विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### ऑपरेशन सिंदूर के नाम से गुलाब की नई किस्म लॉन्च




**खड़गपुर।** पहलगाम घटना की बरसी से पहले सेना ने वेलेंटाइन वीक के दौरान एक खास लाल गुलाब की किस्म को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। यह नाम वीरता और अदम्य साहस के प्रतीक के रूप में रखा गया है।

यह हाइब्रिड किस्म खड़गपुर के जकपुर स्थित पुष्पांजलि रोज गार्डन में विकसित की गई है।

# फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह को फिर मिली रंगदारी की धमकी

**एजेंसी, मुंबई।**



बॉलीवुड फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह को फिर से रंगदारी के लिए धमकी भरा ऑडियो क्लिप मैसेज भेजा गया है। इस ऑडियो क्लिप की छानबीन मुंबई पुलिस कर रही है।

इस मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रणवीर सिंह को तीन मिनट के ऑडियो क्लिप के ज़रिए एक धमकी भरा मैसेज मिला है। शुक्रवार को देर शाम रणवीर सिंह को मिला यह मैसेज बॉक्सर से गैंगस्टर बने हरि चंद जाट उर्फ हैरी बॉक्सर द्वारा भेजा गया बताया जा रहा है। क्लिप में सिंह को धमकी देते हुए सुना जा सकता है कि अगर वे लाइन में नहीं रहे और उसकी मांगें पूरी नहीं कीं तो उनकी टीमों को गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। क्लिप में उस आदमी ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का वफादार साथी होने का दावा किया है और एक्टर रणवीर सिंह को सबक सिखाने की धमकी दी है।

# नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

- सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किमी विस्तार को हरी झंडी
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो नेटवर्क 61.62 किमी तक पहुंचेगा



पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इस नए एलिवेटेड कॉरिडोर में 8 स्टेशन होंगे। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 61.62 किलोमीटर हो जाएगी। यह कॉरिडोर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की यात्रा भी सुगम बनाएगा।

इस फैसले को यूपी में शहरीकरण और औद्योगिक विकास के अनुरूप सार्वजनिक परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है। यह नया कॉरिडोर नोएडा के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी।

इससे नोएडा व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को सीधे दिल्ली और अन्य प्रमुख ट्रांजिट हब से जुड़ने का लाभ मिलेगा। इससे दिल्ली एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक पहुंच और सुगम होगी। एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के कई प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 स्थित एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस और एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट तथा सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र भी इस विस्तार से जुड़ेंगे। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय, सेक्टर-91 का पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 का महामाया बालिका इंटर कॉलेज और सेक्टर-128 का मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अब मेट्रो नेटवर्क से बेहतर तरीके से कनेक्ट होंगे। इसके अलावा बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-93 पार्क जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रैफिक जाम में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और ईंधन की बचत होगी। पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन पर निर्भरता घटेगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी।

### दहशत का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद



**बिजनौर, समृद्धि न्यूज।** बिजनौर जिले में थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव बाखराबाद खटाई के जंगल से सटे एक खेत में वन विभाग द्वारा लगाए पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया। मालूम हो कि ग्राम बाखराबाद खटाई में बीते कई दिनों से गुलदार की दहशत बनी हुई थी ग्रामीण डर के कारण खेतों पर जाने से बच रहे थे। गांव वालों की मांग पर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल से सटे जगवीर सिंह के खेत में पिंजरा लगाया था। आज उस पिंजरे में गुलदार के कैद गया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को अपने कब्जे में लिया। गुलदार के पकड़े जाने से गांव वालों ने राहत की सास ली।

# सपा ने फर्रुखाबाद सहित कई जनपदों में पकड़े अवैध फार्म-7, भाजपा पर आरोप

- अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


ज्ञापन
मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने अवैध फार्म-7 बड़ी संख्या में पकड़े। इस मामले की जानकारी होने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फर्रुखाबाद की घटना को गंभीरता से लिया है। इसके अलावा प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी ऐसे मामले पकड़े है। इन सभी मामलों की उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ से शिकायत कर कार्यवाही कर दोषी लोगों को दंडित करने की मांग की। इसकी जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने देते हुए बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर आयोग से शिकायत की गई है। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद सदर विधानसभा की पोलिंग बूथ संख्या 276, 277, 278 पर क्रमशः 66, 130, 14 फार्म-7 मौके पर महासचिव द्वारा बीएलओ व सुपरवाईजर से बरामद किया गया है। मौके पर प्रभावित मतदाताओं ने बताया कि भाजपा समर्थक रंजीत कश्यप, उमेश कश्यप, उमेश सक्सेना ने फार्म-7 पर आवेदक के रूप में हस्ताक्षर करके हम मतदाताओं का नाम काटने के लिए सुपरवाईजर संजीव दुबे ने यह फार्म बीएलओ को दिया है। बडी संख्या में एकत्रित मतदाताओं ने बताया। इसके अलावा सपा ने प्रदेश के अन्य कई जिलों में ऐसे कई मामले पकड़े है। इन सभी मामलों को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया है।

**बंगलादेश चुनाव** — बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान का बड़ा बयान

# भारत, चीन और पाकिस्तान के साथ संबंधों पर स्पष्ट की नीति

- पारस्परिक हित होगी प्राथमिकता
- चीन, बंगलादेश का दीर्घकालिक विकास में भागीदार

**एजेंसी, ढाका।** बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चेयरमैन और देश के भावी प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे तारिक रहमान ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी एक ऐसी विदेश नीति का पालन करेगी जो चीन, भारत और पाकिस्तान के साथ व्यवहार में बंगलादेश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने स्पष्ट किया कि बंगलादेश की विदेश नीति पूरी तरह से देश और यहां के लोगों के व्यापक हितों द्वारा निर्देशित होगी।

सरकार के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों के सवाल पर श्री रहमान ने अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था को प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा, हमारे सामने कई चुनौतियां हैं। हमारी अर्थव्यवस्था संकट का सामना कर रही है और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय है। हमें लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने अवामी लीग की पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगभग सभी संस्थाओं का राजनीतिकरण कर दिया गया है, इसलिए सुशासन सुनिश्चित करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। चीन और बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के साथ भविष्य के संबंधों पर चर्चा करते हुए बीएनपी चेयरमैन ने कहा कि वह केवल उन्हीं परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे जो बंगलादेश के हित में होंगी। उन्होंने कहा, पारस्परिक हित हमारी पहली प्राथमिकता होगी। अगर कुछ बंगलादेश के हित में नहीं है, तो स्वाभाविक रूप से हम उसे आगे नहीं बढ़ा सकते। अगर बीआरआई से बंगलादेश को लाभ होता है और यह हमारी अर्थव्यवस्था को समर्थन देता है, तभी हम इस पर निर्णय लेंगे। दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) को पुनर्जीवित करने के मुद्दे पर श्री रहमान ने कहा कि सार्क की स्थापना बंगलादेश की पहल पर हुई थी और वह इसे फिर से सक्रिय देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में मित्र देशों के साथ चर्चा करेंगे। भारत से पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग पार्टी प्रमुख शेख हसीना के प्रत्यर्पण के सवाल पर उन्होंने संक्षिप्त उत्तर देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि इन चुनावों में अवामी लीग शामिल नहीं थी।



युवाओं की भागीदारी और आर्थिक सुधारों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार युवाओं सहित समाज के हर वर्ग की आवाज सुनेगी। उन्होंने वादा किया कि देश की कमजोर अर्थव्यवस्था, कम निवेश और बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के लिए नई सरकार नए निवेश लाएगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगी। श्री रहमान ने चीन को बंगलादेश का दीर्घकालिक विकास भागीदार बताया और भविष्य में साथ मिलकर काम करने के नए क्षेत्र तलाशने की उम्मीद जताई।

## खबरें एक नजर में

### गांव महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया ने किया जादुई धमाल



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय गांव महोत्सव में जादूगर मिस्टर इंडिया ने मनमोहक जादू कला प्रस्तुत किया। जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। जादू शो में अपनी अलग पहचान कायम बनाने वाले इंटरनेशनल मैजिशियन जादूगर मिस्टर इंडिया ने समाज में फैली कुरीतियों पर प्रहार किया। उन्होंने नशा उन्मूलन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या सड़क सुरक्षा सहित कई विषयों पर शानदार जादू प्रस्तुति किया। और आमजन को बुराईयों से बचने के प्रति जागरूक किया। कागज के टुकड़े को जलाकर काफी संख्या में नोट बना दिया। सच झूठ की पहचान कराई। जादू के माध्यम से द्रौपदी चीर हरण प्रसंग पर हैरत अंगेज जादू दिखाया, और साड़ियां बढाकर श्रीकृष्ण ने द्रौपदी की लज्जा बचाई थी। उसी प्रकार जादूगर ने साड़ियों का ढेर लगा दिया। जिसे देख दर्शक भावविभोर हो गये। और दर्शकों की तालियों से सम्पूर्ण पंडाल गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

### विचंद्र बने आठवीं बार अध्यक्ष तो सुनील बने महामंत्री



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव उहापोह के साथ हुआ संपन्न अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए आठ लोगों ने किया था नामांकन जिसमें रवि चंद्र त्रिपाठी आठव बार अध्यक्ष पद का ताज पहनने में हुए सफल वही महामंत्री पद के लिए सुनील कुमार पांडे ने 465 मत प्राप्त कर महामंत्री के पद पर हुए असीन जबकि वरिष्टित्तम उपाध्यक्ष शिवम दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनी त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री अतुल दुबे, बृजेश पांडे, व आदित्य तिवारी ने जीत हासिल की जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर चुनाव लड़े श्री भगवान पांडे ने विजय का फहराया परचम उक्त विजय प्रत्याशियों की घोंषणा देर रात एल्डर कमेटी द्वारा की गई अपने विजय प्रत्याशियों की घोषणा सुनते ही समर्थकों ने उन्हें मिठाई खिलाकर पहनाया माला और दी ढेरों शुभकामनाएं जबकि आठवीं बार अध्यक्ष बने रवि चंद्र त्रिपाठी ने अपनी कार्यकारिणी को विश्वास दिलाया और कहा कि हम अधिवक्ताओं के हित के लिए अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे ,आपदा राहत कोष को सुरक्षित रखने का प्रयास करेंगे किसी अधिवक्ता पर अन्याय नहीं होने देंगे तहसील के भष्ट्राचार को तत्काल बंद कराएंगे वादकारियों व अधिवक्ताओं के बैठने एवं उनके लिए प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

### बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से हमला, सिर पर गंभीर चोट



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला पर धारदार हथियार से हमला किया गया। यह हमला खेत में मवेशी जाने को लेकर हुए पुराने विवाद के चलते हुआ। घायल महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना शनिवार को हुई जब 65 वर्षीय मुन्नी देवी अपनी बेटी मंजू के साथ जा रही थीं। तभी पड़ोसी महाजन ने उन पर हंसिए से वार कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। महिला की चीख सुनकर परिजन दौड़े और उनकी जान बचाई। मंजू ने बताया कि करीब दस दिन पहले गांव के महाजन के खेत में उनकी बकरी चली गई थी। इस बात को लेकर उस समय विवाद हुआ था, जिसे लोगों ने शांत करा दिया था। इसी पुरानी रंजिश के चलते महाजन ने उनकी मां पर हमला किया। घायल मुन्नी देवी को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत अब स्थिर है।

### मदरलैंड पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** मदरलैंड पब्लिक स्कूल शंकरपुर विशुनीपुर निकट फुलवरिया बायपास चौराहा में आज स्वर्गीय सुरेश कुमार कश्यप स्मारक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता2026 का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक में निशा कश्यप एवं आर्या का प्रथम स्थान, अंशिका द्वितीय स्थान पर तथा अदिति मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 2 में सरस वर्मा का प्रथम स्थान रुद्र मिश्रा द्वितीय स्थान पर तथा खुशी मौर्य तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा तीन में मोहम्मद आर्यन खान एवं अंशिका का प्रथम स्थान दिया यादव का द्वितीय स्थान तथा रोहित विश्वकर्मा एवं राधिका वर्मा और अवनी का तृतीय स्थान रहा। कक्षा चार में नैना यादव का प्रथम स्थान लाइबा बानो का द्वितीय स्थान तथा अंकुश चौरसिया का तृतीय स्थान रहा। कक्षा 5 में नीरज एवं गोविंद कुमार का प्रथम स्थान अतुल पटेल और दीपशिखा का द्वितीय स्थान तथा अनन्या का तृतीय स्थान रहा। कक्षा 6 में सत्यम का प्रथम स्थान साक्षी वर्मा का द्वितीय स्थान तथा प्रीति मौर्या का तृतीय स्थान रहा। कक्षा 7 में अंबिका यादव का प्रथम स्थान अमित कुमार एवं वैष्णवी वर्मा का द्वितीय स्थान तथा मानस यादव का तृतीय स्थान रहा। कक्षा 8 में आभा चौरसिया का प्रथम स्थान प्रिया और सलोनी का द्वितीय स्थान तथा दिव्यांशु चौधरी का तृतीय स्थान रहा। प्रतियोगिता के बारे में प्रधानाचार्य अतुल गौरव नबतीया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्गीय सुरेश कुमार कश्यप स्मारक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसमें आगामी शिक्षण सत्र में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय द्वारा निशुल्क शिक्षा एवं काफी किताब प्रदान की जाती है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अध्यापक रूद्र बहादुर सिंह, आराधना मिश्रा, कल्पना कश्यप, मंजू सोनकर, आरती वर्मा, काजल पांडे, सुमन वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

सीएचसी मोतीपुर में 'विद्रोह'

# आशा-एएनएम का फूटा ज्वालामुखी

- अधीक्षक पर शोषण-उगाही के संगीन आरोप

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



मिहींपुरवा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में शनिवार को हालात विस्फोटक हो गए। सैकड़ों आशा बहुओं और एएनएम कर्मियों का गुस्सा ज्वालामुखी की तरह फूट पड़ा। अधीक्षक पर मानसिक उत्पीड़न और कथित अवैध उगाही के गंभीर आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने खुला मोर्चा खोल दिया। अधीक्षक हटाओ और शोषण बंद करो के नारों से पूरा परिसर थर्रा उठा।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि लंबे समय से उन्हें दबाव और धमकी के साये में काम करने को मजबूर किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं के नाम पर कथित रूप से धन की मांग की जाती है और विरोध करने पर प्रताड़ित किया जाता है। उनका कहना है कि छुट्टी लेने पर पूरे महीने का मानदेय काट लिया जाता है, जिससे आर्थिक संकट और गहराता जा रहा है।

सूचना पर पहुंचे जिला चिकित्सा अधिकारी ने पहले अधीक्षक से बंद कमरे में बातचीत की, फिर कर्मचारियों से वार्ता की। लेकिन कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें सिर्फ आश्वासन देकर टालने की कोशिश की गई। इससे नाराज महिलाएं सीएचसी से निकलकर नगर के मुख्य चौराहे पर पहुंच गईं और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। मुख्य चौराहे पर घंटों तक नारेबाजी होती रही।

उगाही बंद करो, दोषी पर कार्रवाई करो और न्याय दो जैसे नारों से माहौल गरमा गया। अधिकारियों की ओर से सार्वजनिक प्रदर्शन पर कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने से आक्रोश और भड़क उठा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्र में करीब 400 आशा बहुएं, 19 संगिनी और 60 एएनएम व संविदा कर्मचारी कार्यरत हैं। आरोप है कि पिछले एक वर्ष से प्रोत्साहन राशि और विभिन्न योजनाओं का भुगतान अटका हुआ है। महिलाओं के अनुसार, प्रति माह 2000 रुपये प्रोत्साहन, प्रति प्रसव 600 रुपये, परिवार नियोजन 300 रुपये, नसबंदी 300 रुपये, टीबी कार्य 1500 रुपये, मोबाइल रिचार्ज 300 रुपये और विशेष कार्यक्रमों में 3000 रुपये का भुगतान तय है, लेकिन उन्हें एक पैसा नहीं मिला। कर्मचारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि अधीक्षक को तत्काल नहीं हटाया गया और बकाया भुगतान जारी नहीं हुआ तो वे कार्य बहिष्कार के साथ बड़ा आंदोलन छेड़ेंगी। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने जांच की बात कही है, लेकिन कर्मचारियों का साफ कहना है– अब वादे नहीं, कार्रवाई चाहिए।



### नहीं किसी से कम, बेटियों में है दम विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**मिहींपुरवा-बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मोतीपुर में नहीं किसी से कम, बेटियों में है दम विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना तथा नारी सशक्तिकरण का संदेश देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं कविताओं के माध्यम से यह संदेश दिया कि बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रस्तुति के दौरान छात्राओं ने शिक्षा, खेल, विज्ञान और सेना जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों को दर्शाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि बेटियाँ परिवार और समाज की धरोहर हैं। उन्हें उचित शिक्षा एवं अवसर प्रदान कर ही राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। अंत में सभी ने छात्र-छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए तालियों से उनका स्वागत किया।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## स्कूल से चौपाल तक टीबी चैंपियनों ने सुनाई आप बीती



- जांच और पूरा इलाज ही टीबी से बचाव का रास्ता
- टीबी चैंपियन की कहानी से जागरूक हो रहे लोग

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बलहा और नानपारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर व मटेही में जागरूकता रैली आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक में टीबी चैंपियन गुलाम गौस ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें लगातार खांसी और कमजोरी रहने लगी थी। जांच कराने पर टीबी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया कि यह पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मुझे सरकारी अस्पताल से निःशुल्क दवा मिली और छह महीने तक नियमित उपचार लिया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं और दवा का पूरा कोर्स करें। अधूरे इलाज से टीबी और गंभीर हो सकती है। ब्लॉक मिहीपुरवा के आरोग्य मंदिर उर्रा में टीबी चैंपियन कृती कुशवाहा ने बताया कि टीबी खांसने-छींकने से फैलती है, इसलिए समय पर जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि मरीजों को निक्षय पोषण योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जाती है। बैठक में आशा और सीएचओ ने जांच व उपचार की जानकारी दी। इसी क्रम में ब्लॉक हुजूरपुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदिलपुर में टीबी चैंपियन सुरेश पाल सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि सरकारी अस्पतालों में बलगम जांच, एक्स-रे और सीबी-नॉट मशीन की सुविधा उपलब्ध है। पुष्टि होने पर मरीज का पंजीकरण कर निःशुल्क दवा दी जाती है और स्वास्थ्य टीम नियमित निगरानी करती है। वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स से विकास चंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में 419 टीबी चैंपियनों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। ये सभी इलाज कर स्वयं इस बीमारी से स्वस्थ हुए हैं, इसलिए इनकी बातों का समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम. एल. वर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिले में लगभग 6100 टीबी मरीजों का उपचार चल रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क जांच, दवा, निक्षय पोषण योजना का लाभ और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति बीच में उपचार न छोड़े।

## जनपद में 16 से 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- चार लाख से अधिक बच्चों को मिलेगी संक्रामक रोग से सुरक्षा
- 2893 विद्यालयों में 2720 सत्र होंगे आयोजित

जनपद में खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में कुल 2720 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2146 सत्र सरकारी विद्यालयों, 384 सत्र निजी विद्यालयों तथा 190 सत्र मदरसा व अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद में मीजल्स (खसरा) तथा रूबेला के 23 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक मीजल्स और रूबेला के चार मामले चिन्हित किए गए हैं। संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए व्यापक टीकाकरण बेहद आवश्यक है। सीएमओ ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होता है, जिसमें खसरा और रूबेला भी शामिल हैं। दो वर्ष से कम आयु वर्ग में एमआर-1 का कवरेज 84 प्रतिशत तथा एमआर-2 का कवरेज 83 प्रतिशत है। अब स्कूल आधारित विशेष अभियान के माध्यम से बड़े आयु वर्ग के बच्चों को भी कवर किया जा रहा है।डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि अभियान के दौरान सर्विलांस व्यवस्था भी मजबूत रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल बुखार के साथ दाने वाले मामलों को एमआर संदिग्ध केस माना जाता है। ऐसे किसी भी उम्र के लोगों में यह लक्षण पाए जाने पर तुरंत सूचना देकर रिपोर्टिंग और जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि संभावित संक्रमण को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजें और टीकाकरण में सहयोग करें, ताकि जनपद को खसरा-रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

### क्या है एमआर, कैसे फैलता है संक्रमण

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग हैं, जो खांसने-छींकने, गले व नाक के स्राव तथा संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से तेजी से फैलते हैं। खसरा में तेज बुखार, खांसी, आंखों में लाली और शरीर पर दाने निकलना प्रमुख लक्षण हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद गंभीर हो सकता है। एमआर का टीका एक ही बार में दोनों बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है और सभी सत्रों की प्रविष्टि यू-विन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाएगी।

## ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- आउट ऑफ स्कूल शारदा कार्यक्रम के तहत बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू

बेसिक शिक्षा विभाग ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गई है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को राजकीय इंटर कॉलेज में प्रशिक्षित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता राजेश कुमार मिश्र ने प्रतिभागियों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके शिक्षण की रणनीतियों से अवगत कराया।प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी।प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए भाषा, गणित तथा पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बीएसए कहा कि ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता द्वारा विकासखंड के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित कर आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशुतोष कुमार सिंह, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र, समन्व्यक निर्माण राकेश कुमार सिंह अतुल कुमार सिंह, लाल जी दुबे समेकित शिक्षा जयवीर सिंह आदि कार्यालय के समस्त समन्वयको ने सहयोग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतुल त्रिपाठी, हरिराम यादव, राज कुमार पाण्डेय, रमेश द्विवेदी, सर्वेश श्रीवास्तव, संत कुमार चौबे, श्रवण मिश्र, मृत्युंजय शुक्ला, विनोद त्रिपाठी, मनोज कुमार, प्रदीप तिवारी, सुनील कुमार, नैमिष गिरि, प्रदुमन पाण्डेय, क्षमा चौहान, संतोष, उम्मे हानी, शिप्रा श्रीवास्तव, श्वेता वर्मा, अश्विनी कैराती , आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### छात्रों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार यदि नहीं बनेगा पुल तो किसी दिन समा जाएंगी तमाम जिंदगियां



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर आठवें दिन भी प्रदर्शन जारी रहा प्रदर्शन के पहले छात्र पंचायत की कार्यकर्ताओं के द्वारा पुलवामा में शहीद जवानों के लिए मौन रहकर वा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की उसके पश्चात कार्यकर्ताओं के द्वारा बिसुही पुल निर्माण को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा और मांग की है कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक युगांक मिश्रा ने बताया की आज हमने मुख्यमंत्री के नाम से 80 पत्र लिखे हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश में पीडब्ल्यूडी मिनिस्ट्री माननीय मुख्यमंत्री जी के पास है तो उनसे ही हमारी मांग है कि इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए वा पारा सराय निवासी सूरज शुक्ला ने बताया कि हमें अपने मुख्यमंत्री पर पूरा यकीन है कि हमारे पत्र को संज्ञान में लेकर वह इस पुल का निर्माण जल्द से जल्द करवाएंगे इसीलिए आज मैं भी राष्ट्रीय छात्र पंचायत के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है इस अवसर पर शिव प्रसाद, मन्नू तिवारी,अमर नाथ, शिव वर्मा, सूरज कसौधन, मुंशी कन्नौजिया, आरिफ सिद्दीकी, संतोष यादव, मोबीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

## फाल्गुन उत्सव पर भजन कीर्तन आयोजित

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार की रात्रि रानी बाजार पुरानी गल्ला मंडी पर बाबा खाटू का फाल्गुन उत्सव पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गणेश वन्दना से भजनों की शुरुआत परमानंद शर्मा ने किया।

हैलो देकर बुलाएं रयो है खाटू के सांवरियो... उसके बाद भजन गायक पुनीत बंसल ने गाया,बनता है सारा काम मेरा खाटू धाम से, मुझे जानते हैं लोग आपके नाम से,.... बिन पानी के नाव ढेल रहा है ... जब जब फाल्गुन आयें, हवाएं लहराएं, मन में मन में उमंग जगाएं ,चलों चालों बाबा जी द्वार ..वो बुला रहा कैसे रोक लूं, हाथों में लेके निशान चला ले हम तो अपने बाबा के द्वार चला रे ...तेरे नाम का पहन के चोला , नाचूं बीचों बीच बाजार में .. सूरजगढ़ निशान के नीचे



जो कोई आया है,खाटू वाले श्याम ने उसका भाग्य बनाया है आदि भजनों की हाजिरी लगाई।लो आ गया,लो आ गया,मेरा बाबा मारे हेला ... मेला आया श्याम का मेला आया ...फिर आलोक भावसिंहका ने गाया,चढ़वा दें बाबा श्याम निशान मेरो चढ़वा दें ..सुरेश भावसिंहका ने गाया,थारो लावा गा निशान खाटू,लावा गा....आदि भजनों की हाजिरी लगाई। इसके अलावा नितेश मित्तल, अंकित लवी, ने भी बाबा खाटू श्याम जी के भजनों की हाजिरी लगाई।और शनिवार को पुरानी परंपरा को लेकर सुबह बाबा खाटू श्याम जी का निशान ध्वजा शोभायात्रा पुरानी गल्ला मंडी से निकाली गई।जो रानी बाजार, अग्रसेन चौक, ददुआ बजार होते हुए श्री श्याम मंदिर पहुंची।फिर वही से खाटू धाम के लिए गोन्डा से श्याम प्रेमी का 32 लोगों का जत्था बसों द्वारा रवाना हुआ।ये जत्था सोमवार को राजस्थान प्रांत में स्थित रिंगस से खाटू धाम के लिए पैदल चल कर बाबा खाटू श्याम जी का गुणगान करते हुए निशानों को लहराते हुए बाबा खाटू धाम पर निशान अर्पित करें गे। कार्यक्रम में? सुशील पचेरिया, विजेंद्र सिंघल,नवनीत सिंघल, राजकुमार सिंघल, प्रेमलता सिंघल ,रोली पचारिया, अर्चना, मोहिनी, प्रिया, मीना देवी, मीनू, रितिका सहित अन्य लोग मौजूद रही।

## ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने की मांग, आप ने सौंपा ज्ञापन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**




मोदी टंप ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने एवं देश के किसानों, आम नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, को संबोधित ज्ञापन सौपा आम आदमी पार्टी की ओर से सौंपा गया। इस आवसर पर आम आदमी पार्टी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ की गई ट्रेड डील डील को लेकर देशभर में गहरी चिंता और व्यापक आशंकाएँ व्याप्त हैं। इस ट्रेड डील की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों को लेकर न तो संसद को विश्वास में लिया गया है और न ही देश की जनता के समक्ष पूर्ण पारदर्शिता बरती गई है।

यह तथ्य सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा है है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ भारतीय उद्योग समूहों (अडानी) के विरुद्ध जांच, समन और वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित कार्यवाहियाँ चल रही हैं। ऐसे समय में मय में जब देश के प्रमुख उद्योगपति अडानी को अमेरिका में समन जारी होने, एप्स्टीन प्रकरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आने जैसी घटनाएँ सामने आई हैं, तब मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की समय-संवेदनशीलता और इसके पीछे की प्राथमिकताओं पर स्वाभाविक प्रश्न उठते हैं।

देश यह भी भूला नहीं है कि राफेल सौदे के दौरान अनिल अंबानी की महज़ 12 दिन पुरानी कंपनी को ऑफसेट पार्टनर बनाए जाने को लेकर व्यापक सार्वजनिक बहस और गंभीर प्रश्न उठे थे। उस समय भी यह आरोप लगा था कि सरकारी नीतिगत निर्णयों से चुनिंदा कॉरपोरेट समूहों को लाभ पहुंचाया गया। आज जब मोदी-ट्रंप ट्रेड डील सामने आई है, तो यह आवश्यक है कि यह स्पष्ट किया जाए कि कहीं यह डील भी किसी विशेष उद्योग समूह को लाभ पहुंचाने की मंशा से तो नहीं की गई।

मोदी सरकार पर आरोप है कि उसने देश के करोड़ों किसानों के हितों को अमेरिका के सामने गिरवी रख दिया है, क्योंकि इस समझौते के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर जीरो प्रतिशत टैक्स वसूलेगा, और सबसे गंभीर बात यह है कि भारत का कृषि बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोल दिया गया है, जिन्हें वहां लगभग 80 लाख रुपये तक की सब्सिडी मिलती है; ऐसे में भारतीय किसान ऐसी किसी सब्सिडी के अभाव में उनसे कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा- यह सवाल खड़ा होता है।

## गांव, गरीब, किसान और नौजवान के कल्याण का बजट : पल्टूराम

- केंद्रीय बजट 2026-27 पर पूर्व राज्य मंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम ने की प्रेस वार्ता

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



गाँव, गरीब, किसान और नौजवान के हितों को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया गया है। केंद्रीय बजट 2026-27 को देश के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं कल्याणकारी है। ये बाते केंद्रीय बजट को लेकर विधायक आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से पूर्व राज्य मंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम ने कहीं।

विधायक बोले कि लगभग 53.5 लाख करोड़ रुपए के कुल व्यय और जीडीपी के 4.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के साथ सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को प्राथमिकता दी है। पूंजीगत व्यय को 12.2 लाख करोड़ रुपए तक बढ़ाया जाना इंफ्रास्ट्रक्चर,रोजगार और औद्योगिक विकास को नई गति देगा।

विधायक ने कहा कि नई फ्रेट कॉरिडोर,हाई-स्पीड रेल और नेशनल वाटरवे जैसी परियोजनाएं देश की कनेक्टिविटी को सशक्त करेंगी, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। सेमीकंडक्टर,बायोफार्मा और दुर्लभ खनिज क्षेत्रों में निवेश से भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत स्थिति बनाएगा। कर सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आयकर कानून 2025 को 1 अप्रैल 2026 से लागू करने की घोषणा तथा टीसीएस दरों में कमी मध्यम वर्ग,विद्यार्थियों और छोटे व्यापारियों को राहत प्रदान करेगी। एमएसएमई के लिए विशेष निधि और निवेश प्रोत्साहन योजनाएं स्थानीय उद्योगों को सशक्त करेंगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। विधायक ने कहा कि रक्षा क्षेत्र के लिए लगभग 7.8 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करेगा। पल्टूराम ने कहा कि यह बजट 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है और इसका सीधा लाभ देश के आम नागरिकों को मिलेगा। प्रेस वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, मीडिया संयोजक अवधेश पान्डेय,जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, महामत्री वरुण सिंह मोनू, संदीप उपाध्याय उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कमेटी ने निजामुद्दीन को सौंपी बलरामपुर की कमान

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ता निजामुद्दीन अंसारी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग का बलरामपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया उतरौला (बलरामपुर) बलरामपुर अधिवक्ता निजामुद्दीन अंसारी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग का बलरामपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर थाना अंतर्गत श्रीदत्तगंज गांव पिपरी कोल्हुई के निवासी हैं।



संगठन में उनकी सक्रियता और विधिक अनुभव को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। यूपी कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ जमा रिजवी के प्रस्ताव पर हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा यह सूची जारी की गई है। अपनी नियुक्ति पर निजामुद्दीन अंसारी ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे विधि विभाग को संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाएंगे और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विधि विभाग को आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। निजामुद्दीन अंसारी की नियुक्ति पर जिले के कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## खबरें एक नजर में

### चलती बाइक पर युवक की गर्दन में उलझा चाइनीज मांझा, पत्नी-बेटे समेत फ्लाईओवर पर गिरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में प्रतिबंध के बावजूद चाइनीज मांझा लोगों की जान पर बनता जा रहा है। थाना हुसैनगंज क्षेत्र में शेर वाली कोठी के पास रहने वाले 29 वर्षीय मोहम्मद मुशर्रफ शनिवार को चाइनीज मांझे का शिकार हो गए। वह अपनी पत्नी और छोटी बच्ची के साथ बाइक से हुसैनगंज से लालकुआं जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उनकी बाइक फ्लाईओवर पर पहुंची, अचानक चाइनीज मांझा सामने आ गया। मुशर्रफ संभल पाते उससे पहले मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया। तेज धार मांझे से उनकी गर्दन कट गई और दर्द से घबराकर उन्होंने अचानक ब्रेक लगा दी। बाइक स्लिप हो गई और तीनों फ्लाईओवर पर ही गिर पड़े। हादसे में मुशर्रफगंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उनकी पत्नी को भी चोटें आईं। छोटी बच्ची बाल-बाल बच गई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत मदद की। मुशर्रफ और उनकी पत्नी को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मुशर्रफ की हालत स्थिर है। मुशर्रफ ने बताया मैं पत्नी और बच्ची के साथ बाइक से लालकुआं जा रहा था। फ्लाईओवर पर मांझा गर्दन में फंस गया। इससे बाइक कंट्रोल से बाहर हो गई। पत्नी और बच्ची समेत फ्लाईओवर पर गिर गया। गनीमत रही कि फ्लाईओवर से नीचे नहीं गिरा या पीछे से आ रहे किसी वाहन की चपेट में नहीं आए, वरना बड़ा हादसा हो जाता। गिरने से पत्नी को भी चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया है। मुशर्रफ ने कहा प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग चाइनीज मांझे का प्रयोग कर रहे हैं। यह जानलेवा बन रहा है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि लोगों की जान बच सके।

### प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई, कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूजह।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जोन-1 क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें एसएफआई सुनील वर्मा की सक्रिय भागीदारी रही। अभियान के दौरान क्षेत्र के कई बड़े प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल चालानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री की जांच की। जांच में पाया गया कि कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा शासन के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद प्लास्टिक कैरी बैग और अन्य प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। इस पर टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए मौके पर ही जुर्माना वसूला। कार्रवाई के तहत 'रंजन स्नैक्स फूड' पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार 'द ऑर्गेनिक डिलाइट' पर 10 हजार रुपये का चालान काटा गया। इसके अलावा 'चारमिनार' नामक प्रतिष्ठान पर 2 हजार रुपये तथा 'रहमान मुरादाबादी' पर भी 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। सभी संबंधित प्रतिष्ठानों से कुल मिलाकर निर्धारित राशि की वसूली की गई और भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

### शादी से लौट रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र के रहने वाले 28 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक आलमबाग में एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था, तभी लंगड़ा फाटक के पास कोई वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। वह सड़क पर तड़प रहा था तो एक डिलीवरी बॉय ने उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन बचाया नहीं जा सका। कैंपल रोड स्थित रीफा कॉलोनी ठाकुरगंज निवासी नितिन कुमार (28) पुत्र ज्ञान प्रकाश एक प्राइवेट कंपनी में काम रहते थे। परिवार में मां प्रतिमा सिंह और छोटा भाई वैभव हैं। परिजनों के मुताबिक, नितिन शुक्रवार रात आलमबाग के होटल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात में करीब 1 बजे वो वापस लौट रहा था। तभी किसी अज्ञात गाड़ी ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि नितिन गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना पर वहां से गुजर रहे एक डिलीवरी बॉय ने मानवता दिखाते हुए नितिन को तत्काल लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उनकी जान नहीं बच सकी। डिलीवरी बॉय ने ही नितिन के मोबाइल से परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। परिजनों के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे में संभवत: ब्रेजा कार शामिल थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर दर्ज हो एफआईआर : योगी

- पीड़ितों की सहायता में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य
- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। हर मामले की निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी।

सीएम ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए ये निर्देश प्रशासन व पुलिस के अफसरों को दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। बोले, किसी को घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझ कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।

कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों पर योगी ने अपना स्नेह बरसाया।

मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा, उन्हें चॉकलेट दी और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर उन्होंने गोसेवा की। गायों और गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## कृषि शोध को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : शाही



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए श्री अन्न उत्कृष्टता केंद तथा खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने 20 करोड़ रुपये की लागत वाले प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद और 11 करोड़ रुपये की प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला का शिलान्यास किया, जो बुंदेलखंड की कृषि व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कृषि शोध को प्रयोगशालाओं से किसानों के खेत तक पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## उप्र की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ढाई गुना से ऊपर पहुंची

- 9 वर्षों में यूपी में महिला श्रम भागीदारी 13 फीसदी से बढ़कर 36 फीसदी हुई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में राज्य में महिला श्रम बल भागीदारी दर 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इससे उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। इसी अवधि में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017 में करीब 13 लाख करोड़ रुपये तक सीमित रही जीएसडीपी 2026-27 में बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये की ओर अग्रसर है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि महिला श्रम बल भागीदारी दर में हर एक प्रतिशत की वृद्धि से सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 0.5 से एक प्रतिशत तक अतिरिक्त उछाल आता है। सीएम योगी के नेतृत्व में अर्थशास्त्र का यह सिद्धांत व्यवहार में साबित होता दिख रहा है। यही नहीं, महिला कार्यबल बढ़ने से उत्पादन क्षमता, श्रम उत्पादकता और राज्य के टैक्स बेस तीनों में समानांतर विस्तार हुआ है।

महिलाओं की आय बढ़ने से घरेलू उपभोग में वृद्धि हुई है, जिससे एमएसएमई गतिविधियों और सेवा क्षेत्र को लगातार गति मिल रही है। ग्रामीण स्वयं सहायता समूह, डेयरी और कृषि आधारित उद्योगों से लेकर शहरी सेवा क्षेत्र तक महिलाएं अब 'ग्रोथ मल्टीप्लायर' की भूमिका निभा रही हैं। नीतिगत स्तर पर महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए उत्तर प्रदेश में आर्थिक भागीदारी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। यदि यही रफ्तार बनी रही तो उत्तर प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह में महिलाओं की भूमिका निर्णायक रहेगी।

## भारत-नेपाल रिश्तों को मिलेगी नई मजबूती : जयवीर

- 16 से 28 फरवरी तक चलेगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के 8 जिलों में किया जाएगा। इस खास महोत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी, इसके बाद 18-19 फरवरी को सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम होंगे। महाराजगंज, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और 27-28 फरवरी को पीलीभीत में अलग-अलग सांस्कृतिक आयोजन होंगे। यह महोत्सव भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों को और मजबूत बनाने का एक बड़ा प्रयास है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, यह महोत्सव दोनों देशों की साझा विरासत, परंपराओं और आपसी भाईचारे को मंच देने का काम करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीतेंगे और दोनों देशों के बीच सद्भाव का संदेश देंगे।

## शंकराचार्य पर अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना शाब्दिक हिंसा और पाप : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि शंकराचार्य के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करना शाब्दिक हिंसा और पाप है।

अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहन ले कोई जैसे भी चोले, पर उसकी वाणी पोल खोले। परम पूज्य शंकराचार्य जी के बारे में घोर अपमानजनक अपशब्द बोलना शाब्दिक हिंसा है और पाप भी। ऐसा कहने वाले के साथ-साथ उन्हें भी पाप लगेगा जिन्होंने चापलूसी में मेजें थपथपाई हैं। उन्होंने कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सदन के बाहर जनता का सामना करेंगे तो जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। अखिलेश यादव की टिप्पणी महत्वपूर्ण है,



- पहन ले कोई जैसे भी चोले, पर उसकी वाणी पोल खोले : पूर्व सीएम

क्योंकि यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में यह कहने के एक दिन बाद आई कि हर कोई शंकराचार्य की उपाधि का इस्तेमाल नहीं कर सकता और सभी कार्यक्रमों के दौरान धार्मिक मर्यादा और कानून का शासन बनाए रखा जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, जो महाकुंभ की मौतों पर सच्चे आंकड़े नहीं बताते, मुआवजा में भी भ्रष्टाचार निकाल लेते हैं, जिन तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका हिसाब नहीं देते, अपने ऊपर लगे मुकदमे हटवाते हैं, ऐसे लोग किसी और के धर्म-पद पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

अखिलेश यादव ने कहा, अपने बयान में उन्होंने कानून का शासन बोल दिया। जैसे ही उनका ध्यान जाएगा, वे विधि का शासन बोलने के लिए क्या फिर से सदन बुलाएंगे या टांग पर खड़े होकर लड़खड़ाता प्रायश्चित करेंगे। जब इंसान नहीं, अहंकार बोलता है तो यही होता है। अहंकार संस्कार को विकार में बदल देता है। वह व्यक्ति समाज में मान-सम्मान खो देता है, जिसके बारे में कहावत प्रचलित है, जब मुंह खोला, तब बुरा बोला। सपा नेता ने कहा, हाता नहीं भाता का ये विस्तारित रूप है। जिस समाज के खिलाफ उन्होंने हमेशा नफरत की राजनीति की है, उसे धर्म के मामले में भी अपमानित-पराजित करने का यह उनका अहंकार है।

42वें विग्रह मूर्ति स्थापना दिवस पर
परम पूज्य बाबा नीमकरोरी जी महाराज को शत-शत नमन
महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
वीर गोयल
अध्यक्ष रेस्टोरेंट एसोसियशन (उ.प्र.उद्योग व्यापर मण्डल)
ग्रीन लीफ रेस्टोरेन्ट
स्वादिष्ट ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर, और बर्थ-डे, एनीवर्सरी आदि की उत्तम व्यवस्था
खोजीपुर किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पम्प के पास, सौरिख रोड, छिबरामऊ मो. 9990355848

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन गुप्ता
राहुल एजेंसीज (रिटेल) मेडिकल स्टोर
नए धर्मशाला के पास, छिबरामऊ (कन्नौज)

डॉ० प्रदीप सिंह
डॉ० राहुल सिंह
बी० डी० एस०, दंत रोग विशेषज्ञ
कमला सिंह अस्पताल
डॉ० दीपिका सिंह
कमला सिंह संरक्षक
पुराने सौरिख बस स्टॉप के पास, बनवारीनगर, छिबरामऊ

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
सुशील कुमार (पिंटू)
श्रीराम मेडिकल स्टोर
ताजपुर रोड, छिबरामऊ मो.9452131960

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
उमाशंकर यादव संस्थापक
श्रीमती मीरा देवी सुधांशु निदेशक
मे० के० आर० कोल्ड स्टोरेज प्रा० लि० सराय दायमगंज ताजपुर रोड, छिबरामऊ (कन्नौज)
भदौरिया एजूकेशन सेन्टर
श्री बालाजी ट्रेडर्स

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
अतुल यादव
विशुनगढ़ रोड, छिबरामऊ मो.9415757607

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
SRD ई-रिक्शा कम्पनी
की तरफ से मात्र 35000/- रू में रोजगार पायें।
25000/- रू की भारी छूट के साथ कीमत
95,000/- मात्र
ऑफर सीमित समय तक
लोन सेवा उपलब्ध है।
सबसे अच्छा, सबसे भरोसे मंद सबसे मजबूत
नीरज दुबे
जिला संयोजक भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ (कन्नौज)
पूर्वी बाईपास छिबरामऊ (कन्नौज)
9838621426
शोरूम - (1) SRD ई-रिक्शा, पूर्वी बाईपास, छिबरामऊ
(2) SRD ई-रिक्शा, तिर्वा रोड, ममता हॉस्पिटल के पास, कन्नौज

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
शिवा इण्टरप्राइजेज
बिल्डर्स & इंटीरियर डिजाइनर्स
हमारे यहाँ मकान, दुकान बनाने, POP, सीलिंग, PVC, पेन्टिंग, टाइल्स फर्नीचर आदि का काम कुशल कारीगरों द्वारा उचित रेट पर किया जाता है।
POP, पुट्टी, चैनल व जाली के सामान के थोक व फुटकर विक्रेता
रवि जायसवाल
M.9305594500
विशुनगढ़ रोड, निकट आर.एल.गेस्ट हाउस छिबरामऊ (कन्नौज)

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
महेन्द्र यादव
पूर्व प्रधान
विशुनगढ़ रोड, छिबरामऊ मो.9415493858

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० अनिल दुबे
डा० आकाश दीप 'एम०डी०'
सरला देवी मेमोरियल क्लीनिक
छिबरामऊ (कन्नौज) मो.9415124173

हरि ने आपन रूप छिपायो, गुरू दीपक लै मोहि दिखायो।
जो सुमिरै तुमको उर माही, ताकी विपत्ति नष्ट हो जाही।।
प्रातः स्मरणीय बाबा नीमकरोरी महाराज के चरणों में शत्-शत् नमन
स्व. महेश चन्द्र तिवारी
42 वां विग्रह मूर्ति स्थापना दिवस
गुरुधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
श्रीचन्द्र (ललुआ) तिवारी
विश्वनाथ (नानू) तिवारी
बी.आर. ब्रिक्र फील्ड सराय सुन्दर, छिबरामऊ (कन्नौज)

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
माँ लक्ष्मी शीतालय
विजय दुबे प्रबंधक 9935586855
जय दुबे निदेशक 8090446970
शिखर दुबे निदेशक 8840450245
जी.टी. रोड हाइवे, उधन्नापुर, घिलोई, छिबरामऊ (कन्नौज)

गुरूधाम नीमकरोरी में पधारे समस्त भक्तों का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन
हाइवे ढाबा एण्ड फैमली रेस्टोरेंट
सुनील यादव उर्फ देवांश M.9044403747
अंशू दुबे M.9956131154
पता - लता शीतालय के सामने ग्राम घिलोई के पास नैशनल हाइवे, छिबरामऊ (कन्नौज)

## खबरें एक नजर में

### गैस सिलेंडर रेगुलेटर से लगी आग, महिला के बाल झुलसे, हजारों का सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर में सुबह खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस लीक होने पर भीषण आग लग गई। इस हादसे में कविता गुप्ता (पत्नी करण गुप्ता) के बाल आग की चपेट में आ गए, जिससे परिवार में अफरा-तफरी मच गई।घटना सुबह की बताई जा रही है, जब कविता घर में नाश्ता तैयार कर रही थीं। अचानक रेगुलेटर से गैस लीक हुई और चूल्हे की आंच लगते ही आग भड़क उठी। आग तेजी से फैल गई, जिसमें घर में रखे हजारों रुपये के सामान जलकर राख हो गए।परिवार के सदस्यों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन नुकसान भारी हो चुका था। कविता को मामूली झुलस आने के कारण प्राथमिक उपचार दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गैस सिलेंडर की समय पर जांच न होने से ऐसा हादसा हुआ।

### बुजुर्ग मां को कलयुगी बहू बेटों ने बेहरमी से पीटते हुए दी जान से मारने की धमकी

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर में घरेलू विवाद के चलते मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। जहां कलयुगी बहु बेटे ने बुजुर्ग माँ एवम बहन को बुरी तरीके से पीटते हुए रिश्तों को तार तार कर दिया ।पीड़िता नन्ही बिटिया ने थाना काँट में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका बड़ा बेटा अश्विनी कुमार उर्फ मोनू तथा उसकी पत्नी अपूर्वा, जो ग्राम मल्हपुर ब्लॉक काँट में पंचायत सहायक के पद पर तैनात हैं, अक्सर उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हैं। पीड़िता के अनुसार शुक्रवार सुबह लगभग 8:30 बजे अपूर्वा ने अपने पति के साथ मिलकर उसे अपशब्द कहे। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इस दौरान पीड़िता को बचाने आई उसकी बेटी निधि के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। जाते समय दोनों ने जान से मारने की धमकी भी दी।प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि नन्ही बिटिया की तहरीर के आधार पर अपूर्वा एवं अश्विनी कुमार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2) , धारा 352 तथा धारा 351(3) के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा घटना की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पंचायत सहायक अपूर्वा का विवादों से रहा है नाता**

ग्राम मल्हपुर में मारपीट व जान से मारने की धमकी के ताजा मामले के बाद पंचायत सहायक अपूर्वा एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं। थाना काँट में दर्ज मुकदमे में अपूर्वा व उनके पति अश्विनी कुमार के खिलाफ कार्रवाई की जा रही हैस्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत सहायक अपूर्वा का विवादों से पुराना नाता रहा है। पूर्व में भी उनके खिलाफ विभागीय जांच कराई गई थी, जिसमें कथित रूप से गलत तरीके से हस्ताक्षर (साइन) करने का मामला सामने आया था। शिकायतकर्ता द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद हुई जांच में उन्हें दोषी पाया गया था।

### गायब युवक का पेड़ पर लटका मिला शव

**बंडा, शाहजहांपुर।** दो माह पहले रहस्यमय ढंग से गायब हुए युवक का शव आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला है । परिजन पुलिस की कार्यशैली पर हजारों सवाल उठा रहे हैं और विरोध कर रहे हैं। बंडा के गांव रसूलपुर गढ़िया निवासी अमर सिंह यादव का इकलौता 28 वर्षीय पुत्र राजेश यादव दिसम्बर माह की आठ तारीख को सुबह छः बजे अपने घर से साइकिल लेकर छुट्टा पशुओं को भगाने की बात कहकर निकला था उसके बाद कभी घर वापस नहीं लौटा। परिवार वालों की शिकायत पर पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल की थी और घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसकी साइकिल और चप्पलें बरामद कर ली थीं । देर शाम को पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कर ली थी । तब से परिजन लगातार कई बार बंडा पुलिस के पास जाकर उसकी तलाश करने की मांग कर रहे थे लेकिन तब भी बंडा पुलिस ने उनकी नहीं सुनी । परेशान परिजन बाद में पुलिस अधीक्षक से लेकर कई अधिकारियों के पास तक गए लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा जिससे नाराज बंडा पुलिस ने परिवार के दो लोगों सहित कई लोगों को शक के आधार पर उठा लिया और कोई भी सुराग न मिलने पर छोड़ दिया । अब दो माह और पांच दिन बीत जाने के बाद मृतक राजेश का शव अपने ही सगे चाचा रामरहीस के खेत में खड़े आम के पेड़ पर रहस्यमय ढंग से लटका हुआ मिला है जिससे पूरे क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं । घटनास्थल से मृतक राजेश के घर की दूरी महज 200 मीटर है और रोजाना कई गांव के लोग खेतों की तरफ आते जाते रहते हैं। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई कई बार आसपास के बागानों के पेड़ों पर अपने बेटे को तलाश किया था लेकिन उसका कोई पता नहीं चला था अब अचानक रहस्यमय ढंग से उसका शव पेड़ पर कैसे आ गया ? मृतक के पिता अमर सिंह यादव ने बताया कि अब उसके ही भाई रामरहीस ने खुद अपने ही खेत में खड़े आम के पेड़ पर राजेश की लाश लटकती हुई देखी है । पुलिस अब गांव के लोगों से मुंह छिपाती हुई घूम रही है और कोई भी जवाब नहीं दे पा रही है । जमीनी विवाद और पुरानी रंजिश को लेकर भी परिजन पुलिस पर तरह तरह के आरोप लगा रहे थे। घटनास्थल पर सीओ पुवायां प्रवीण मालिक और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की । देर शाम पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं अब राजेश का शव मिलने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई है । उसकी मौत की खबर सुनकर पत्नी गायत्री देवी, पुत्री आतिशी, बहन रीना और सीमा का रो रो कर बुरा हाल है।

### सनातन धर्म तो अनादि और अनन्त है

#### सिंधौली में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली-शाहजहांपुर।** विकासखण्ड परिसर में शनिवार को आयोजित हुए विराट हिन्दू सम्मेलन में आरएसएस के प्रान्त धर्म जागरण प्रमुख तथा कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता विशाल राजा ने कहा कि आज विभिन्न संप्रदाय



सनातन धर्म की उत्पत्ति काल का बखान करते हैं, जबकि उन्हें यह नही पता कि धरती का आदि मानव जब कच्चे मांस से अपना भरण पोषण करता था, तब हमारे गिरधर गोपाल को छप्पन भोग लगाया जाता था। सनातन धर्म तो अनादि और अनन्त है। स्वामी दयानंद सरस्वती हिन्दू सम्मेलन समिति के तत्वाधान में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता ने बताया कि हिंदुओं का सनातन धर्म तो वह है जिसने विश्व को ज्ञान,विज्ञान और भारतदेश ने विश्व को मानवता और संस्कारों जैसे उपहार दिए हैं। आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि हिन्दू एकता का प्रतीक है कि आज एक-एक इंच की दूरी पर भगवा लहरा रहा है। और कहा कि हिन्दू कभी हिंसा में विश्वास नहीं करता। हम तो वह हैं जो 'अधर्म के नाश' और 'विश्व के कल्याण 'की कामना करते हुए अपनी धरती और अपने देश को माँ आदिशक्ति की भाँति पूजते हैं। संत संगत से पधारे जूना अखाड़ा के सत्यगिरि महाराज ने कहा कि हिन्दू विरोधी ताकतें विघटन की कोशिश में लगी हैं लेकिन हिंदुओं को उनसे सतर्क और एकजुट रहने की जरूरत है। हिंदुओं के ऐसे समागम सराहनीय हैं। समस्त हिन्दू संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया विराट सम्मेलन हमारी एकता का परिचायक है।सिख संगत के प्रचारक रजविंदर सिंह ने कहा हमारा देश भगवान राम और भगवान कृष्ण का देश है। हमारे संस्कार पूरी दुनिया में प्रशंसनीय हैं। विहिप की प्रान्त सह संयोजिका साधना सिंह ने कहा कि भारत तो हमेशा से हिन्दू राष्ट्र के नाम से जाना जाता रहा और यह हमेशा हिन्दू राष्ट्र रहेगा। हमारे देश की माटी पर जगतपिता के पदचिन्ह हैं। हमारे वेद, पुराणों में हजारों वर्ष पहले लिखे गए रहस्यों के आगे बार-बार सम्पूर्ण विश्व और विज्ञान नतमस्तक हुआ है। सम्मेलन में आए एमएलसी सुधीर गुप्ता ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदुओं की एकता ही भारत देश को विश्वगुरु की संज्ञा प्रदान करती है। हमे अपने देश,धर्म पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम को जिला प्रचारक अभिनव कुमार, नरेंद्र शुक्ल तथा गौरव चौहान आदि ने भी संबोधित किया। धर्मेन्द्र कुमार सरस्वती शिशु मन्दिर मुड़िया पमार की छात्राओं ने स्वागत गीत तथा संयुक्त गीत प्रस्तुत किए।

# मानव जीवन कल्याण समिति ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान



समृद्धि न्यूज

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** पुलवामा शहीदों की याद मे मानव जीवन कल्याण समिति द्वारा आज नगर मे यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया । समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। समिति के सदस्यों ने नगर के मुख्य चौराहे पर वाहनों को रोक रोक कर चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया । दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने और नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की। नियमों का पालन करने बाले चालकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आज ही के दिन 2019 मे हमारे वीर जवानों ने अपने प्राणो की आहूति दी थी। देश के जवान हमारी सुरक्षा के लिए रात दिन मुस्तैद रहते हैं। हमारी भी जिम्मेदारी है कि हम अपने प्राणों की रक्षा करें और वाहन चलाते समय संयम और समझदारी से काम लें । यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण न जाने कितने परिवारों के दीपक बुझ गए । हमें चाहिए कि नियमों का उल्लंघन न करें ताकि सुरक्षित रहें और हमारी वजह से किसी और को भी नुकसान न पहुँचे । इस अवसर पर हेड कांस्टेबल अभिषेक, हेड कांस्टेबल संजीव, कांस्टेबल अंकित कांस्टेबल रोहित कांस्टेबल करन, कांस्टेबल अमित, के अलावा सुरेश शर्मा एडवोकेट गौरव कुमार, एडवोकेट पवन शर्मा, अभय राजपूत, विपिन यादव, देवेंद्र यादव, दिलीप यादव, राकेश कुमार, विवेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एनएचआई ने हाइवे के अवरोधक ध्वस्त कर डलवाई सफेद पट्टी

- दो दिन में दो भीषण दुर्घटना के बाद जागा एनएचआई

समृद्धि न्यूज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** एनएचआई द्वारा हाइवे पर बनाए गए अवरोधकों के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं और उनमें असमय लोगों के काल कल्वित होने की प्रमुखता से छप रही खबरों तथा सोशल मीडिया पर लोगों के उग्र होने पर आखिर कर एनएचआई अथॉरिटी की कुंभकर्णी नींद टूटी और हाइवे के अवरोधक हटवा कर पेंट पट्टी डालबाई गई।

बता दें गुरुवार की रात तीन बजे अवरोधक पर धीमी गति होने से एक ट्राला में पीछे से जा रही डीसीएम जा घुसी । जिससे डीसीएम चालक रामपुर के शाहाबाद के मीरापुर निवासी मनोज यादव की दर्दनाक मौत हो गई थी । उसका पोस्टमार्टम भी नहीं हो पाया तब तक शुक्रवार को उसी ब्रेकर पर सुबह सात बजे एक कंटेनर के पीछे एक ट्रक पीछे से जा टकराया । टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक के चैंबर के परखच्चे उड़ गए । और चालक हरदोई के शिवनगरी निवासी यासीन बुरी तरह फंस गया । जिसे बमुश्किल निकालकर पुलिस ने सीएचसी भिजवाया । जिसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गौर तलब है कि एनएचआई द्वारा जब से हाइवे पर पॉवर हाउस के सामने अवरोधक बनावाए गए।

तब से वर्तमान तक करीब डेढ़ दर्जन दुर्घटनाएं हो चुकी। जिनमें कई चालक अथवा राहगीर मौत के मुंह में समा गए ।लगातार दो दिन हुई भीषण दुर्घटनाओं की समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होने तथा सोशल मीडिया पर उग्र प्रदर्शन के चलते शनिवार को एनएचआई ने हाइवे के अवरोधक ध्वस्त करवाकर सफेद पट्टी डलबा दी है। अवरोधकों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आने का आनन लगाया जा रहा है।

## ईसीसीई किट वितरण कार्यक्रम का विधायक ने किया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के ददरौल ब्लॉक सभागार में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा ई0सी0सी0ई0 (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) किट वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविन्द सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर बाल विकास परियोजना भावलखेड़ा, ददरौल एवं कांट की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ईसीसीई किट वितरित कीं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था बच्चों के



मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास की नींव होती है। ईसीसीई किट के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने की व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है।उन्होंने कार्यकत्रियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी समाज की आधारशिला तैयार कर रही हैं। बच्चों में संस्कार, शिक्षा और पोषण का समन्वय ही उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि क्षेत्र में बाल विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारियों ने ईसीसीई किट की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन किटों में शैक्षिक एवं रचनात्मक सामग्री शामिल है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनी फरियाद शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

प्रदेश सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक माह के दूसरे एवं चौथे शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के तहत आज कोतवाली काँट परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जिसमें एसडीएम सदर संजय पांडे ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि समाधान दिवस में कुल आठ प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें चार मामले पुलिस विभाग से



संबंधित तथा चार राजस्व विभाग से जुड़े थे। पुलिस से संबंधित चारों मामलों में तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। वहीं राजस्व विभाग से संबंधित मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम गठित कर मौके पर जांच के निर्देश दिए गए हैं।एसडीएम सदर ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समाधान पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि फरियादियों को अनावश्यक रूप से चक्कर न लगवाए जाएं।

# फॉर्मर रजिस्ट्री सत्यापन न कराने वाले किसान होंगे सम्मान निधि से वंचित : एसडीएम

- फरवरी मासान्त तक राजस्व व विकास विभाग की टीमें करेंगी शिविर लगाकर सत्यापन
- सात जनसेवा केंद्र संचालकों को भी दिए गए दिशा निर्देश

समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** एसडीएम ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन न कराने बाले किसान आगामी कृषक सम्मान निधि किशत से वंचित रह जाएंगे । इसलिए जिन किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री का सत्यापन नहीं कराया है । वह फरवरी मासान्त तक सत्यापान अवश्य करवा लें ।



एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि सत्यापन करने के लिए राजस्व तथा विकास विभाग की टीमें लगाई गई हैं । उन्होंने सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसानों से फार्मर रजिस्ट्री सत्यापन कराने की अपील की । एसडीएम ने बताया कि तहसील क्षेत्र में कुल एक लाख 39 हजार 873 पीएम किसान हैं। जिनमें से वर्तमान समय तक 89 हजार 873किसानों का ही फॉर्मर रजिस्ट्री सत्यापन ही हो सका है । 50 हजार 310 किसानों का सत्यापन शेष है।

उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री डिजिटल किसान बही की तरह होगी। फार्मर रजिस्ट्री करने वाले किसानों को ही किसान सम्मान निधि मिल सकेगी । उन्हीं किसानों को गोल्डन कार्ड मिलेगा जिससे विभिन्न लाभ जुड़े हैं । जिससे किसानों की अलग पहचान बनेगी। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लिए भटकना न पड़े इसके लिए क्षेत्रीय जनसेवा केंद्र संचालकों को निर्देशित किया जा रहा है । गांवो में आयोजित सत्यापन शिविर में जनसेवा केंद्र संचालकों के साथ लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक भी मौजूद रहेंगे । जो तत्काल सत्यापन वेरीफाई करेंगे । एसडीएम ने कहा कि किसानों को यदि कोई समस्या होती है तो वह उनसे अथवा तहसीलदार सीधे संपर्क भी कर सकता है।

## अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण व विश्व शांति के लिए मंगल की कामना

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक पूज्य कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में राम चन्द्र मिशन आश्रम की पुण्य धरा पर बसंत उत्सव-



2026 के प्रथम चरण का आज समापन हो गय। आज सुबह उत्सव का शुभारंभ ध्यान से हुआ। देश-विदेश से पधारे हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए मंगल की कामना कीं। संपूर्ण आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना की दिव्य तरंगों से आलोकित हो उठा। इस अवसर पर पूज्य दाजी ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक साधना में एक भ्रान्ति यह है कि साधन और ध्यान को लक्ष्य मान लिया जाता है जबकि सत्य इसके विपरीत है। एकाग्रता ध्यान का परिणाम है कारण नहीं यह स्वतः विकसित हो जाती है जाती है जब धारणा ध्यान बन जाती है और ध्यान समाधि बन जाता है। उन्होंने बताया कि दिव्य प्राणाहुति की जीवंत धारा अल्प समय में ही निष्ठापूर्ण दैनिक अभ्यास द्वारा साधक को समाधि की अवस्थाओं तक पहुँचा देती है।

## मिर्जापुर कस्बे में चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना लाखों के सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गए

- पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद भी दर्ज नहीं की चोरी की रिपोर्ट, पीड़ित की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** कस्बे के मोहल्ला कुतुलूपुर में घनी आबादी के बीच एक बंद मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात और कीमती धातु के बर्तन चोरी कर ले गए। गृहस्वामी परिवार सहित ईट भट्ठे पर काम करने गया था। पड़ोसी की सूचना पर आए गृहस्वामी ने घटना की तहरीर पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौका मुआयना तो किया,किंतु तहरीर देने के दूसरे दिन भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित परिवार के मुखिया रामनिवास ने बताया कि उसका मकान तीन तरफ से आबाद मकानों से घिरा हुआ है। सामने गली में शिक्षक मुकेश व सुनील के मकान के बाहर सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। जिससे वह अपने चौतरफा सुरक्षित मकान में ताले डालकर बीते अक्टूबर माह में हरियाणा के ईट भट्ठे पर परिवार सहित काम करने चला गया था। बीती 12 फरवरी को उसके पड़ोस में रहने वाले छोटे भाई नेत्रपाल की लड़की ने उसे सूचना दी कि तुम्हारे मकान के ताले टूटे पड़े हैं। वह सूचना मिलते ही पत्नी के साथ घर के लिए चल दिया। 13 फरवरी को सुबह घर आने पर देखा,कि उसके ऊपर नीचे के दोनों कमरों के साथ ही कमरों में रखे दो बड़े संदूकों के भी ताले टूटे पड़े थे। जब उसने संदूकों में देखा तो उसमें रखे सोने के झाले,कुंडल,मांगवेंदी, बेसर,बच्चों के कुण्डल और चार जोड़ी पायल गायब थीं। इसी संदूक में रखे उसके परिवार के कई लोगों के आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक व आवश्यक कागजात भी गायब हैं।

## 24 घंटे में हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर हुआ शव का अंतिम संस्कार

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

नदी किनारे मिले सोनपाल के शव के मामले में मृतक के बेटे की ओर से चार नामजद समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । उधर परिजनों ने उनकी हत्या करने बालों की गिरफ्तारी न होने तक शव का दाह संस्कार न करने पर अड़े रहे । 24 घंटे में गिरफ्तारी किए जाने के अधिकारियों के आश्वासन के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया । तब जाकर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली । गौर तलब है कि बीती 11 फरवरी को कोतवाली क्षेत्र के गांव पिंगरा पिंगरी गांव के जंगल में गर्रा नदी के किनारे को एक ग्रामीण का शव मिला था। शव की 13 फरवरी को राईखुर्द गांव निवासी बलवीर कठेरिया ने अपने 55 वर्षीय पिता सोनपाल के रूप में की थी। बलवीर ने बताया कि 13 जनवरी को गांव तालबीपुर दियूरिया के रामचंद्र एवं उसके भाई सचिन ने फोन कर



उसके पिता को कहीं बुलाया था। इसके बाद से वह घर वापस नहीं लौटे । जब उनका कोई सुराग नहीं लगा तो बलबीर ने 23 जनवरी को पिता की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। नदी किनारे सोनपाल का सब मिलने पर बलवीर की तहरीर पर शुक्रवार देर रात तालबीपुर दयूरिया के दामोदर व उसके बेटे मनोज तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज की गई । शुक्रवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद सोनपाल का शव घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया । पुलिस ने शुक्रवार शाम को ही अंतिम संस्कार कराने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने रात में किसी भी हालत में संस्कार करने से साफ मना कर दिया । इससे अनिष्ट की आशंका प्रबल होने पर पुलिस शनिवार को सुबह से ही अंतिम संस्कार कराए जाने के प्रयास में जुट गई। उधर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे , सीओ ज्योति यादव नागरिया मोड़ पुलिस चौकी पहुंच गई । उनकी मॉनिटरिंग में कोतवाल जुगुल किशोर पाल पुलिस बल के साथ गांव में शव का अंतिम संस्कार कराने के मद्देनजर परिजनों को समझाते रहे । वहीं परिजन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव का संस्कार न करने पर अड़े रहे । इसी क्रम में जब पुलिस अधिकारियों ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया । तब जाकर परिजन संस्कार करने को राजी हुए । और अपरान्ह करीब दो बजे सोनपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया । तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# जीएफ कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जी एफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो फैयाज अहमद ने झंडी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर उन्होंने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस छात्रों में नागरिक कर्तव्य की प्रबल भावना विकसित करने में मदद करता है।स्वच्छता अभियान, साक्षरता अभियान और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों जैसे सामुदायिक सेवा कार्यो के माध्यम से स्वयंसेवक सीखते हैं कि वे केवल व्यक्ति नहीं बल्कि समाज निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।शिविर के प्रथम दिवस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रज़ा



रसूल के नेतृत्व में प्रथम छात्र इकाई का शिविर मऊ खालसा गांव प्राइमरी स्कूल में आयोजित हुआ। स्वयंसेवियों ने मऊ खालसा प्राइमरी स्कूल के बच्चों एवं गांव के लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि अच्छा मानसिक स्वास्थ्य भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ाता है,रिश्तों को बेहतर बनाता है और तनाव और और कठिनाइयों से प्रभावी ढंग से निपटने में सहायक होता है।कार्यक्रम अधिकारी डॉ समन ज़ेहरा ज़ैदी के नेतृत्व में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई का शिविर प्राथमिक विद्यालय प्रथम दिलाज़ाक मोहल्ले में स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान के बाद लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे प्लास्टिक का प्रयोग न करे,जल का संरक्षण करे, पेड़-पौधे लगाएं। स्वयंसेवियों ने 'पेड़ नही लगाओगे तो, ऑक्सीजन कहां से पाओगे' , 'आज जल बचाएंगे तो कल जीवन पाएंगे ' आदि नारे भी लगाए।कार्यक्रम अधिकारी डॉ निज़ामुद्दीन खान की देख- रेख में तृतीय मिश्रित छात्र-छात्रा इकाई का शिविर कंपोजिट विद्यालय दिलाज़ाक में आयोजित किया गया।स्वयंसेवियों को डॉ रज़ी ने ब्लड प्रेशर,डाईबेटिक आदि बीमारियों से बचने के लिए चिकित्सा सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खान के दिशा-निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

## विधायक ने कई सड़कें मंजूर कराकर जनता को दिया तोहफा

**सिधौली शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** 133 विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सलोना कुशवाहा जी ने कई सड़कों को मंजूर कराकर सिंधौली क्षेत्र की जनता को दिया विशेष तोहफा। आपको बता दें सैकड़ों वर्षों से सिंधौली क्षेत्र की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही थी क्योंकि कई सरकारे आई विधायक, एम पी निर्वाचित हुए पर किसी ने इस क्षेत्र की ओर कोई ध्यान नहीं दिया भाजपा सरकार में तेज तर्रार विधायिका सलोना कुशवाहा के प्रयासों से कुइयां कीरतपुर से कलंदरगंज तक सड़क को मंजूर कराकर दर्जनों गांव बगडेर, कलंदर गंज, कुइयां कीरतपुर, खिरिया पाठक, बलरामपुर, गोटिया, दिवाली, अनावा, पसियाखेड़ा, चांदा, बढ़ेला, मुड़िया



वैश्य, पटई, नवादा सोनवर्षा, उदारा, सिसैया, आदि दर्जनों गांवों को तोहफा दिया। इस क्षेत्र के लोगों को इस सड़क के बनने से काफी लाभ होगा।

**सूचना**

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

अशोक कुमार सिंह
ब्लॉक संवाददाता
अल्हागंज, शाहजहांपुर
मो. 8273285323

## खबरें एक नजर में

### बिना परमिट सागौन के पेड़ काटे कार्रवाई के डर से उखाड़ी जड़

**जांच के भय से खुदवा दी सागौन की जड़ें, खाना पूर्ति कर लौटे दरोगा**

**खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।** खुटार क्षेत्र के गांव बेला मजरा जमुनाहा में दो-तीन दिन पूर्व लगभग 10 सागौन के हरे-भरे पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि एक कथित ठेकेदार ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से मिलीभगत कर बिना परमिट के पेड़ों की कटान करवा दिया और लकड़ी को बेच दिया। सूत्रों के अनुसार जब पत्रकारों को पेड़ कटान की जानकारी मिली तो वे मौके पर पहुंचे। वहां सागौन के कटे हुए पत्तों से ढके मिले, जिनके वीडियो और फोटो बनाए गए। इसके बाद समाचार प्रकाशित किया गया। मामला तूल पकड़ने पर वन विभाग ने जांच की बात कही। बताया जाता है कि जांच की भनक लगते ही लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया। आरोप है कि कथित ठेकेदार ने रातों-रात जेसीबी लगाकर सागौन की बची हुई जड़ों को भी खुदवा दिया, ताकि मौके पर कोई साक्ष्य न बचे और मामला दबाया जा सके। मामले की जानकारी पर दरोगा रोहित पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दरोगा ने खेत मालिक से पूछताछ की। खेत मालिक ने दावा किया कि कटे हुए पेड़ सागौन नहीं बल्कि 'लिप्टिस' (यूकेलिप्टस) के थे। हालांकि स्थानीय लोग सागौन के पेड़ होने की बात कह रहे हैं। आरोप है कि वन विभाग ने मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इस संबंध में दरोगा रोहित पांडे ने बताया है कि मामले में पूछताछ की जा रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जानकारी रेंजर मनोज श्रीवास्तव से की तो उन्होंने बताया मैं इस वक्त सरकारी कार्य से बाहर आया हुआ हूं पूरी जानकारी रेंज पर पहुंचने के बाद दूंगा।

### न्यायालय आदेश के अनुपालन की मांग को लेकर डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**खुटार/पुवायां (शाहजहांपुर)।** तहसील पुवायां क्षेत्र के ग्राम रौतापुर कलां निवासी स्वर्ण सिंह ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। प्रार्थी के अनुसार गाटा संख्या 716/16, रकबा 7.1680 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 4500 वर्गमीटर भूमि का विक्रय किया जा चुका है, जबकि शेष भूमि विवादित है। इस संबंध में माननीय न्यायालय पुवायां में वाद संख्या 57/2025 विचाराधीन रहा, जिसमें दिनांक 20 मई 2025 को यथास्थिति बनाए रखने के आदेश पारित किए गए थे। प्रार्थी का कहना है कि न्यायालय के आदेश के बावजूद अब तक पूर्ण रूप से अनुपालन नहीं कराया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग द्वारा स्थलीय निरीक्षण किए बिना ही रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई। साथ ही 2 फरवरी 2026 को राजस्व टीम के मौके पर पहुंचने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रार्थी ने जिलाधिकारी से राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर शेष भूमि का स्थलीय निरीक्षण कराते हुए न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

### भोलेनाथ की बारात आज पहुंचेगी रोजा

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ की बारात रविवार को धूमधाम से रोजा के बाबा भोलेश्वर नाथ धाम पहुंचेगी। बारात की सभी तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर परिसर में पकवान बनने शुरू हो गये है।प्रशासनिक अधिकारियों ने बारात पूरे मार्ग का निरीक्षण कर लिया है। ज्ञात रहे कि प्रति वर्ष की भांति भगवान भोलेनाथ की बारात सरायकाईया स्थित कालेश्वर नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर पक्का पुल, दलेलगंज, पुतूलाल चौराहा होते हुए रोजा मंडी स्थित बेल बाबा से रोजा स्थित बाबा भोलेश्वर नाथ धाम बड़े मंदिर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में चौबीस झांकियों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को ही रोजा मंडी में विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। शिव बारात को लेकर बाबा भोलेश्वर नाथ धाम मंदिर परिसर में पकवान बनने का काम शुरू हो गया है। मंदिर को सजाया जा रहा है। वही, शिव बारात को प्रशासन पूरी तरह तैयार हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे रूट का निरीक्षण कर लिया हैं।

### केवाईसी : सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम

**आरबीआई वित्तीय साक्षरता सप्ताह में ग्रामीणों को जागरूक किया गया**



**सहारनपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मनाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत 'केवाईसीः सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' विषय पर पुंवारका ब्लॉक के ग्राम छजपुरा में एक मेगा कैंप आयोजित किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कैंप को भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ ऋषभ सक्सेना, डीडीएम नाबार्ड साद बिन अफरोज, एलडीएम कृष्णाणु दास, क्रिसिल फाउंडेशन की कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफिसर शीजा खानम और आरसेटी निदेशक ने संबोधित किया। इस दौरान ग्रामीणों को न केवल वित्तीय रूप से साक्षर किया गया, बल्कि के वाईसी, सी केवाई सी, खाता स्वच्छता व मनीम्यूल की भी विस्तार से जानकारी दी गई। कैंप को संबोधित करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ ऋषभ सक्सेना ने के वाईसी और री-केवाईसी की प्रक्रिया को विस्तार से सिखाया उन्होंने डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि धोखेबाज हर दिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आपकी एक छोटी सी लापरवाही आपकी जीवन भर की कमाई डुबो सकती है। उन्होंने आरबीआई के हेल्पलाइन नंबर की जानकारी देते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का आग्रह किया। डीडीएम नाबार्ड साद बिन अफरोज ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह घर को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत ताला जरूरी है, उसी तरह बैंक खाते को सुरक्षित रखने के लिए केवाईसी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और डिजिटल धोखाधड़ी से बचाना था। एलडीएम कृष्णाणु दास ने कहा, ''अपने ग्राहक को जानें'। यह सिर्फ एक कागजी प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके और बैंक के बीच विश्वास का रिश्ता है। अपडेटेड केवाईसी आपके खाते को किसी भी प्रकार के फ्रॉड से बचाने के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है।' उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे बिना किसी देरी के अपने बैंक खातों की केवाईसी पूरी कराएं। क्रिसिल फाउंडेशन की कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफिसर शीजा खानम ने बचत, बजट और निवेश के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बनने के गुर सिखाए। उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को खातों में नॉमिनी बनाए जाने के फायदे भी बताए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे अपने खातों की केवाईसी जरूर करा लें। उन्होंने सी-केवाईसी के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि यदि एक खाते की सी-केवाईसी करा ली जाए, तो सभी खातों की केवाईसी स्वतः ही हो जाती है। आरसेटी के डायरेक्टर दीपक कुमार ने युवाओं को मुफ्त कौशल प्रशिक्षण लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि उनके सेंटर में सैकड़ों स्किल प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिनके माध्यम से रोजगार स्थापित किए जा सकते हैं।इस अवसर पर एफएलसी सैयद शान हुसैन, सीएफएल पुंवारका के प्रबंधक कंवरपाल सिंह, इंडियन ओवरसीज बैंक के ब्रांच मैनेजर, ग्राम प्रधान बीना सैनी, फील्ड कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार, धनपाल व शिवकुमार के अलावा गांव के गणमान्य नागरिक और आसपास के बैंकों के शाखा प्रबंधक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। **मोबिलिटी एटीएम वैन** रही लोगों के ध्यान का केंद्र...वित्तीय साक्षरता कैंप के दौरान एटीएम वैन का भी डिस्प्ले किया गया। नाबार्ड की ओर से एटीएम मोबिलिटी वैन को लेकर स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। डीडीएम नाबार्ड साद बिन अफरोज ने बताया कि जिला सहकारी समितियों को डिजिटाइज्ड किया जा रहा है, जिसके चलते सहकारिता बैंक द्वारा मोबिलिटी एटीएम वैन का संचालन किया जाएगा, जिससे बैंक वित्तीय समावेशन के लिए खुद घर-घर तक पहुंचेगा।

# सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने फीता काटकर किया नवगठित पैक्स चौड़ेरा का शुभारंभ

**किसानों को दी बड़ी सौगात**

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने आज विकास खंड भावलखेड़ा स्थित नवनिर्मित सहकारी समिति (पैक्स) चौडेरा का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नारियल फोड़कर और फीता काटकर समिति का उद्घाटन किया और कार्य व्यवस्था का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा, 'सहकारी समितियों का मुख्य उद्देश्य किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। ये समितियां अब केवल ऋण वितरण का केंद्र नहीं रहेंगी, बल्कि किसानों को उन्नत बीज, उर्वरक और अन्य आवश्यक कृषि निवेश भी सुगमता से उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने आगे कहा, 'चौडेरा समिति का शुभारंभ इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि किसानों को सस्ती दरों पर ऋण मिल सके और वे साहूकारों के चंगुल से मुक्त हो सकें।

मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि पैक्स के माध्यम से अब किसानों को आधुनिक खेती का प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी दी जाएगी, जिससे फसल उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने उपस्थित किसानों को खाद की बोरियां प्रदान कर समिति के व्यावसायिक कार्य का भी शुभारंभ किया।

इससे पूर्व, कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर क्षेत्रीय किसानों व जनप्रतिनिधियों ने सहकारिता मंत्री का माला पहनाकर और बुके देकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, सदर भूमि विकास बैंक अध्यक्ष श्याम बाबू दीक्षित, पूर्व ब्लॉक प्रमुख छमा वर्मा, शरद कुमार सिंह सभापति वी पैक्स चौड़ेरा अजीत सिंह, पूर्व एम एल सी संजय मिश्रा, ए आर कॉपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह महाप्रबंधक सौरभ द्विवेदी एडीसीओ संजय सिंह एडीओ राकेश सिंह सुधीर पाठक अखिल प्रताप सिंह नवनीत पाठक बॉबी मनोज वर्मा प्रधान सुनील वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी भाजपा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## घुंघचिहाई में एसडीएम ने गौशालायें बनाने को लेकर की बैठक




समृद्धि न्यूज़

**पूरनपुर, पीलीभीत।** विकास खंड के गांव घुंघचिहाई की ग्राम पंचायत सचिवालय में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह व प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने विभिन्न क्षेत्रों के प्रधानों एवं पूर्व प्रधानों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में खुले में घूम रहे गौवंश पशुओं की समस्या पर चर्चा करते हुए स्थायी गौशाला के लिए ग्राम टांडा जितोरिया में भूमि चिन्हित होने की जानकारी दी गई। अधिकारियों को अतिशीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए, साथ ही सभी पंचायतों में अस्थायी गौशाला के लिए दो से तीन बीघा जमीन चिन्हित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बताया गया कि दो से तीन पंचायतों से लगभग 200-300 पशुओं को नजदीकी गौशालाओं में पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

जिसके लिए जनता से सहयोग की अपेक्षा की गई इस दौरान सचिव अवनीश कुमार, प्रधान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर हुआ व्याख्यान

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।** स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में के वाणिज्य विभाग में विद्यार्थियों के समग्र विकास के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप -प्राचार्य व वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. अनुराग अग्रवाल स्वामी शुकदेवानंद जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित मुकुल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, बचत, निवेश एवं डिजिटल लेन-देन के प्रति जागरूक किया।

## मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी : रजनीश

**कांग्रेस ने मनरेगा को लेकर की प्रेस वार्ता**




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व यूपीए 1 की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया है। कोविड 19 महामारी जैसे संकटों के दौरान यह ग्रामीण भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई। भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए गरिमा,सुरक्षा और जीवन यापन की गारंटी इस कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है कि जब तक मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। भाजपा के इस मजदूर विरोधी नियम के आते ही कांग्रेस ने 03 जनवरी से ही पूरे देश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू कर दिया था। पिछले एक माह से जारी इस संग्राम में हम गांधीवादी तरीके से संवेदनहीन बदलाव का विरोध कर रहे रहे है। पूरे प्रदेश में 5000 से ज्यादा पूरे जनपद में 150 से ज्यादा चौपाल का आयोजन किया जा चुका है। 13 फरवरी को शाहजहांपुर सहित 75 जनपदों में मनरेगा बचाओ पदयात्रा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम का दूसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिसमें हम दिनांक 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव करेंगे और राज्य सरकार को बताएंगे कि कैसे केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ आप पर बोझ डालकर खुद बच जाना चाह रही है। हम यह बताएंगे कि कैसे मनरेगा कानून में किए जा रहे बदलाव संघीय ढांचे को कमजोर करने का एक कुत्सित प्रयास है। मनरेगा कोऑर्डिनेटर अनूप वर्मा ने बताया कि हम सब 17 फरवरी को ट्रेन,बस,अपने अपने साधनों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ की तरफ कूच करेंगे और केंद्र की संवेदनहीन मोदी सरकार को जगाने का काम करेंगे। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र शुक्ला,फुरकान अहमद कुरैशी,रफी उल हसन,अनवर जमाल अंसारी,सुशील प्रकाश शर्मा,प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा मौजूद रहे।

# पुलवामा आतंकी हमले में बलिदान हुए वीर जवानों को बजरंगदल ने दी श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विश्व हिंदू परिषद की युवा शाखा बजरंगदल महानगर शाहजीपुर के नेतृत्व में पुलवामा आतंकी हमले में बलिदान हुए 40 वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर मौन धारण किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बजरंगदल महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में देश के 40 वीर जवानों ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि आज समाज का एक



वर्ग उस दिन को भूलकर विदेशी संस्कृति से जुड़ी वेलेंटाइन जैसी परंपराओं को बढ़ावा दे रहा है,जो युवाओं को संस्कारहीन बनाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रभक्ति,संस्कार और बलिदानियों के सम्मान को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर उपाध्यक्ष रमेश कुमार,महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता,सह संयोजक सोनू सिंह,महानगर सह मंत्री राहुल कनौजिया, प्रदीप प्रजापति,महानगर गौरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा, महानगर सह प्रचार प्रमुख कुनाल राठौड़, ऋषभ गुप्ता, सुमित सक्सेना, कीर्तिमान गुप्ता, आकाश राठौर, गोविंद श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव, जतिन, गिरीश बाबू, गोपाल, अनमोल शर्मा, अजय, हिमांशु प्रजापति, अमरदीप, विशाल गुप्ता, आशीष मिश्रा, आयुष गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, अरविंद वर्मा, सुनील सक्सेना, दिव्यांश प्रजापति, अंश यादव, किशन शर्मा, विवेक कोहली, सहित सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद जवानों की वीरता को नमन करते हुए उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया।

## अटल ऑडिटोरियम में 'कर्मयोग, मद्य निषेध व विकसित भारत' की संगोष्ठी आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** कर्मयोग मद्य निषेध एवं विकसित भारत' की संगोष्ठी मुख्य अतिथि श्री एल वेंकटेश्वर लू, अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन तथा महानिदेशक- उपाम व एसआईआरडी की उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, प्रबुद्धजनों एवं अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगोष्ठी का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। माननीय प्रधानमंत्री जी का जो सपना है कि भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाया जाए, उसमें हम सभी को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नशे की ओर जाएगा, वह बाद में अवश्य पछताएगा। इसलिए सही मार्ग पर चलना और सही बातों को समझना आवश्यक है, जिसके लिए मन और बुद्धि के स्तर पर संवाद करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत ऋषियों और मुनियों की पावन धरती है। जितनी तपस्या भारत में हुई है, उतनी विश्व में कहीं नहीं हुई। मन को वश में रखने और अच्छे कार्य करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता सर्वश्रेष्ठ शास्त्र है। सभी महापुरुषों ने अपने जीवन में अध्यात्म को प्राथमिकता दी है। विकसित भारत के निर्माण के लिए लोगों को अच्छे कार्यों हेतु मंथन और चिंतन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आहार, निद्रा और भोग व्यक्ति को भय प्रदान करते हैं। जब व्यक्ति को ज्ञान नहीं होता, तो उसके जीवन में दुख उत्पन्न होता है।

लोगों को सही बातों के प्रति जागरूक होकर अपनी चेतना का विकास करना चाहिए।

## स्वर, शब्द और संस्कृति का उत्सव

**शाहजहांपुर।** एसएस कालेज के संगीत विभाग की ओर से भारतीय संस्कारों में संगीत की भूमिका संगीत यात्रा तानसेन से ए.आर. रहमान तक' तथा 'भारतीय संगीत के विविध रूप' विषयों पर आयोजित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। संगीत विभाग में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव प्रो अवनीश मिश्रा, प्राचार्य प्रो आर के आजाद, उप प्राचार्य प्रो अनुराग अग्रवाल, संकायाध्यक्ष प्रो आलोक मिश्रा ने विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निबंध प्रतियोगिता में अंतरा सक्सेना और मान्या पांडेय ने प्रथम, शबनम भारतीय व काजल मिश्रा ने द्वितीय तथा मोहिनी प्रजापति और नेहा तिवारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। नीलम और राधा को सांत्वना पुरस्कार मिला। भाषण प्रतियोगिता में संध्या सिंह व मान्या पांडेय ने पहला, संजीत कुमार व काजल मिश्रा ने दूसरा तथा खुशी गुप्ता और काजल मिश्रा द्वितीय ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त 24 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. अवनीश मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवकोपार्जन का जरिया भी बन सकता है।

## बोगस फर्म बनाकर 2 करोड़ की जीएसटी चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।** पुलिस ने आर्थिक अपराध के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी जीएसटी फर्मों के जरिए लगभग 2 करोड़ रुपये की कर चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। संयुक्त पुलिस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन, बिल्टी बुक, रजिस्टर और एक कार बरामद की है।पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देश पर जीएसटी फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में एसओजी, सर्विलांस सेल, गैंगस्टर सेल और थाना रोजा पुलिस ने यह



कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर अटसलिया पुल के पास घेराबंदी कर दिल्ली की ओर से आ रही एक सफेद मारुति फ्रॉन्क्स कार को रोककर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि गिरोह सोशल मीडिया के जरिए लोगों को नौकरी दिलाने का लालच देता था और उनके आधार, पैन व फोटो हासिल कर फर्जी हस्ताक्षरों के सहारे बोगस जीएसटी फर्म पंजीकृत कराता था। इन फर्मों के नाम पर नकली ई-वे बिल और बिल्टी तैयार कर पूर्वांचल के कई जिलों से स्क्रैप खरीदा जाता और मुजफ्फरनगर में अवैध रूप से बेचकर फर्जी लेन-देन दिखाया जाता था।इस पूरे नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब नवंबर 2025 में जीएसटी सचल दल ने तीन वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के साथ पकड़ा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी गठित की गई और विवेचना गैंगस्टर सेल को सौंपी गई। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरोह के सदस्यों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बिहार के नाम पर फर्जी जीएसटी फर्म तैयार कर स्क्रैप की सैकड़ों गाड़ियों को पास करा चुके हैं। व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दस्तावेज चालकों तक भेजे जाते थे और जीएसटी चेकिंग के समय व रास्तों की जानकारी भी साझा की जाती थी। प्रति टन तय कमीशन के आधार पर अवैध कमाई का बंटवारा होता था।पुलिस के अनुसार गिरोह अब तक 200 से 250 स्क्रैप वाहन फर्जी कागजात के सहारे निकाल चुका है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है और उन्हें न्यायालय में पेश किया।

# गुमशुदगी के दिन ही सुनाई गई थी हत्या व लूट केस में सोनपाल को आजीवन सजा

**सजायाफ्ता दूसरे साथी व परिजनों पर लगा सोनपाल की हत्या का आरोप**

**तिलहर - शाहजहांपुर।**

43 साल पहले हुई हत्या व लूट वारदात में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के दिन ही सोनपाल कठेरिया लापता हो गया । नदी किनारे बरामद हुए शव की सोनपाल के रूप में शिनाख्त होने के बाद मृतक के बेटे बलबीर ने सोनपाल के ही सजायाफ्ता साथी रामचंद्र व उसके परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया ।

गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व रिंगरी विंगरा के जंगल में बरमद हुए शव की पहचान करते हुए स्वजन ने गांव के हो कुछ लोगों पर हत्या करने का 3- लोगों ने लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थत



नगरिया मोड़ चौर्क के सामने जाम लग दिया। तीओ ज्योति यादव के जांच कराकर कार्रवाई करने के अश्वासन पर शंत हुए। तिलहर के राई खेड़ा नेवासी के नेवासी के 13 जनत्ररी के पिता को गांव के काल करके बुलारा था। उराके बाद से पिता का कुछ पता नहीं चला। क्राफी तलाश करने के बाद 23 जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाया जाम, सीओ के आश्वासन पर माने 1982 के प्रकरण में 13 जनवरी को सुनाई गई थी सजा, उसी दिन से थे लापता

तिलहर में सीओ ज्योते यादव से वार्ता करते सोनपाल के स्वजन जंगल में शव मिला था। पुलिरा ने आसपास के लोगों से संपर्क कर शिनाखा करने का प्रयास किया थ, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके रामाचार पत्रों के माध्यम से बलवीर को इस बारे में पता चल, तो उन्होंने रात्र की पहचान की। बलवीर ने रामचंद्र के भाई दामोदर उसके बेटे

**- यह था मामला**

1982 में तिलहर के तालबीपुर दियूरिया गाव निवासी हरीर म की हुत्य कर दी गई थे। इन मामले में सोनपाल, रामचंद्र प गांव के ही मैक्कू के विरुद्ध लूट के बाद हत्य करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी पंजीकृत कराई गई थे। नैकु को कई माह पहले मृत्यु हो चुकी है। जबकि 13 जनवरी को सोनपाल व रामचंद्र सोनपात को हत्या, लूट के मामले में सजा हुई थी जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उसकी जांच कराईज रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का सही कारण स्पष्ट हो जाएगा। ज्योति या85, सीओ विलहर मनोज व एक अज्ञात व्यक्ति पर हत्या करने का अरोप लगाया। बड़ी संख्या में स्वजन लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित नगरिया मोड़ चौकी के सामने पहुंच गए। वहां ईंट पत्थर लेकर सड़क पर खड़े हो गए, जिससे आवागमन बंद हो गया। कई वाहन चालकों से उनकी नोकझोंक भी हुई। हंगामे की जानकारी जब को आजीवन कार वास की सज सुनाई गई थी। सोनपाल उसी दिन से घर से गायब हो गए थे। जब के रामचंद्र अगले दिनगांव से लापता हो गया। दोनों का कुछ पता नहीं वल रहा था। हालंकि 27 जनवरी को राम्चंद ने न्यायालय में आलसमर्पण कर दिया, जिसके बाद उसे जेल भेज देया गया था। सीओ ज्योति यादव को लगी, तो वह भी मौके पर पहुंच गई। उन्होंने स्वजन को जांच कर कार्रवाई कराने का भरोसा देकर शांत कराया। मोबाइल का नहीं लगा सुराग : बलवीर ने बताया कि पिता के पास मोबाइल व डायरी भी रहती थी। उसके बारे में भी कुछ पता नहीं चला है। बताया कि जब से पिता गायब थे. तब से कई बार थाने, चौको के चक्कर लगा चुके थे, लेकिन पुलिस हर बार जल्द बरामद करने का भरोसा दे देकर वापरा घर भेज देती थी। इस कारण आज ऐसी घटना हो गई। यदि पुलिस मामले को गंभीरता से लेत तो शायद यह न होता।

## अविश्वास प्रस्तावों की कहानी

विपक्ष के 128 लोकसभा सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंप दिया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि उन्होंने नियम 94सी के तहत लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफअविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। अब तक लोकसभा में 27 बार अविश्वास प्रस्ताव रखे जा चुके हैं। लोकसभा में सबसे पहला अविश्वास प्रस्ताव अगस्त 1963 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के विरुद्ध जे.बी. कृपालानी ने पेश किया था। लेकिन विपक्ष सरकार गिराने में नाकाम हो गया था, क्योंकि इस प्रस्ताव के पक्ष में केवल 62 वोट और विरोध में 347 वोट पड़े थे। लेकिन 1978 में लाए गए अविश्वास प्रस्ताव ने मोरारजी देसाई की सरकार को गिरा दिया था। अब तक सर्वाधिक 4 बार अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का रिकॉर्ड माकपा सांसद ज्योतिर्मय बसु के नाम है। उन्होंने अपने चारों प्रस्ताव इंदिरा गांधी सरकार के विरुद्ध रखे थे। सर्वाधिक अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाली भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार रही है। इंदिरा गांधी सरकार के विरुद्ध 15 अविश्वास प्रस्ताव पेश किए गए थे। इसके अलावा पी.वी. नरसिम्हा राव और लाल बहादुर शास्त्री की सरकारों ने 3-3 बार अविश्वास प्रस्तावों का सामना किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार इंदिरा गांधी की सरकार और दूसरी बार पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। संयोग की बात है कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के विरुद्ध भी 1996 व 1998 में दो बार अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था और वह दोनों बार हार गए थे। सन 2018 में नरेंद्र मोदी की सरकार के विरुद्ध भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप है कि वह विपक्ष के साथ भेदभाव करते हैं और सांसदों को बोलने का मौका कम देते हैं। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी लोकसभाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा हो। संसद के इतिहास में कई बार ऐसा हो चुका है। अविश्वास प्रस्ताव भारतीय संसदीय परंपरा का ही एक हिस्सा है। जब भी विपक्ष को सरकार या फिर लोकसभाध्यक्ष पर भरोसा नहीं होता है तो उन्हें हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है। लोकसभाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत लाया जाता है, इसे 'मोशन ऑफरिमूवल' कहा जाता है। इसके तहत लोकसभा के अध्यक्ष को हटाया जा सकता है। वोटिंग में बहुमत मिलने पर अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार सन 1954 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लोकसभा के पहले अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर के खिलाफ यह प्रस्ताव लाया गया था। सोशलिस्ट पार्टी के नेता विग्नेश्वर मिसिर यह प्रस्ताव लाए थे। इस प्रस्ताव पर लगभग दो घंटे तक चर्चा हुई थी, हालांकि बाद में उसे खारिज कर दिया गया। इस प्रस्ताव को जवाहर लाल नेहरू ने सदन की गरिमा का सवाल बताया था। सन 1954 के बाद लोकसभाध्यक्ष के विरुद्ध दूसरा प्रस्ताव 1966 में हुकम सिंह के विरुद्ध लाया गया। वहीं तीसरी बार 1987 में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। पिछले तमाम प्रस्तावों की तरह यह अविश्वास प्रस्ताव भी खारिज हो गया था। अब देखना यह है कि ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव कितना बल पाता है, इससे लोकसभाध्यक्ष की कुर्सी जाती है या फ़िर यह प्रस्ताव धड़ाम गिरता है। फ़िलहाल तो संख्या बल देखते हुए ऐसा नहीं लगता कि ओम बिरला की कुर्सी जाएगी, बाकी आने वाला वक्त बताएगा।

# यूपी के दिग्गज नोएडा में दिखाएंगे अपनी ताकत



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव 2027 का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे सियासी हलचल तेज होती जा रही है। इस बार चुनावी रणनीतियों का केंद्र अचानक वही जिला बन गया है, जिसे लंबे समय तक सत्ता के लिहाज से 'अशुभ' माना जाता रहा। बात हो रही है गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा की। दिल्ली से सटे इस जिले ने अब प्रदेश की राजनीति में वह हैसियत बना ली है, जहां से उठने वाली लहर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तकरीबन 100 विधानसभा सीटों को प्रभावित करने की ताकत रखती है। यही वजह है कि भाजपा, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी तीनों ने अपने-अपने मिशन-2027 की शुरुआत यहीं से करने का फैसला किया है।गौतमबुद्ध नगर को आज उत्तर प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहा जाने लगा है। जिले में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बीते पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के किनारे बस रही यमुना सिटी, प्रस्तावित फिल्म सिटी और अंतरराष्ट्रीय स्तर का जेवर एयरपोर्ट इस जिले को राज्य की विकास गाथा का पोस्टर बॉय बना चुके हैं। राजनीति में विकास अक्सर सबसे बड़ा हथियार होता है और सत्तारूढ़ दल इस हथियार को पूरी धार के साथ मैदान में उतारने की तैयारी कर चुका है।

भारतीय जनता पार्टी इस बार विकास के ठोस आंकड़ों और बड़ी परियोजनाओं को अपने चुनावी अभियान की रीढ़ बना रही है। 21 फरवरी को यमुना सिटी के औद्योगिक सेक्टर-28 में उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव मौजूद रहेंगे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जनसभा को संबोधित करेंगे।

करीब 48 एकड़ में लगने वाली इस यूनिट में एचसीएल और फॉक्सकॉन जैसी दिग्गज कंपनियां निवेश कर रही हैं। शुरुआती चरण में ही इससे 4,000 प्रत्यक्ष और 10,000 अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। भाजपा नेताओं का दावा है कि सेमीकंडक्टर यूनिट केवल एक उद्योग नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश को तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने वाला कदम है। पार्टी का आकलन है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा पहले ही आईटी हब के रूप में पहचान बना चुके हैं और अब चिप मैन्युफैक्चरिंग के साथ यह इलाका वैश्विक मैप पर और मजबूती से उभरेगा। इसके तुरंत बाद जेवर में बन रहे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ की तैयारी है। लगभग 1,334 हेक्टेयर में फैले इस एयरपोर्ट की पहली फेज क्षमता सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की है, जिसे अगले चरणों में 7 करोड़ तक ले जाने की योजना है। भाजपा इसे पश्चिमी यूपी के विकास का गेमचेंजर मान रही है।




**2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस जिले में क्लीन स्वीप किया था, लेकिन इस बार मुकाबला कहीं ज्यादा त्रिकोणीय और कड़ा नजर आ रहा है। जिले में तेजी से बढ़ती शहरी आबादी, प्रवासी मतदाताओं की संख्या और रोजगार से जुड़े मुद्दे इस बार चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दस सालों में यहां की आबादी में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें बड़ी संख्या युवाओं और मध्यम वर्ग के पेशेवरों की है, जिनकी प्राथमिकताएं पारंपरिक जातीय राजनीति से अलग विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हैं। यही कारण है कि 2027 की चुनावी जंग में नोएडा केवल एक जिला नहीं, बल्कि सत्ता की प्रयोगशाला बन चुका है। यहां जो प्रयोग सफल होगा, वही मॉडल पूरे प्रदेश में दोहराया जाएगा। भाजपा विकास की रफ्तार और बड़ी परियोजनाओं के सहारे मैदान में है, सपा सामाजिक गठजोड़ और नए संदेश के साथ वापसी की कोशिश में है, जबकि बसपा अपने पुराने आधार को फिर से मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। आने वाले एक महीने में होने वाली रैलियां और कार्यक्रम यह तय करेंगे कि 2027 के चुनावी ऊंट की करवट किस ओर बैठेगी, लेकिन इतना तय है कि इस बार सत्ता की राह नोएडा होकर ही गुजरेगी।**

दूसरी ओर समाजवादी पार्टी ने इस बार पुराने अंधविश्वासों को पीछे छोड़ते हुए नोएडा को ही अपनी सियासी प्रयोगशाला बनाया है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव 29 मार्च को दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज से अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं। इसे 'समाजवादी समानता भाईचारा रैली' और 'पीडीए भागीदारी यात्रा' का नाम दिया गया है। सपा नेतृत्व का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिमी यूपी में पार्टी के प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग का गठजोड़ अगर जमीन पर उतर आया तो भाजपा के लिए राह आसान नहीं रहेगी।सपा के रणनीतिकारों का कहना है कि गौतमबुद्ध नगर की सामाजिक संरचना पीडीए फॉर्मूले के लिए अनुकूल है। जिले की करीब 35 प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्गों से आती है, जबकि दलित और अल्पसंख्यक मिलकर लगभग 30 प्रतिशत मतदाता हैं। इसके अलावा गुर्जर, जाट और त्यागी जैसी प्रभावशाली जातियों की मौजूदगी यहां की राजनीति को और दिलचस्प बना देती है। अखिलेश यादव को भरोसा है कि जिस तरह 2012 में उन्होंने यहीं से साइकिल यात्रा शुरू कर पूर्ण बहुमत हासिल किया था, उसी तरह 2027 में भी नोएडा से उठी लहर लखनऊ तक पहुंचेगी।

बहुजन समाज पार्टी भी इस जिले को हल्के में लेने के मूड में नहीं है। यह जिला बसपा सुप्रीमो मायावती का गृह जनपद है और पार्टी इसे अपनी राजनीतिक शो विंडो मानती है। 15 मार्च को मान्यवर कांशीराम की जयंती पर नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल में बड़े शक्ति प्रदर्शन की तैयारी है। पार्टी नेताओं का दावा है कि मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़ और आगरा मंडल से लाखों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में जुटेंगे। बसपा का फोकस साफ है अपने कोर दलित वोट बैंक को फिर से एकजुट करना और यह संदेश देना कि सत्ता की दौड़ में वह अभी भी मजबूत खिलाड़ी है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि गौतमबुद्ध नगर की अहमियत सिर्फ यहां की तीन विधानसभा सीटों तक सीमित नहीं है। नोएडा का राजनीतिक संदेश पूरे दिल्ली-एनसीआर में गूंजता है। यहां होने वाली रैलियां, घोषणाएं और विकास परियोजनाएं मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए पश्चिमी यूपी के हर जिले तक पहुंचती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस जिले में क्लीन स्वीप किया था, लेकिन इस बार मुकाबला कहीं ज्यादा त्रिकोणीय और कड़ा नजर आ रहा है।

जिले में तेजी से बढ़ती शहरी आबादी, प्रवासी मतदाताओं की संख्या और रोजगार से जुड़े मुद्दे इस बार चुनावी बहस के केंद्र में रहेंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले दस सालों में यहां की आबादी में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनमें बड़ी संख्या युवाओं और मध्यम वर्ग के पेशेवरों की है, जिनकी प्राथमिकताएं पारंपरिक जातीय राजनीति से अलग विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी हैं।यही कारण है कि 2027 की चुनावी जंग में नोएडा केवल एक जिला नहीं, बल्कि सत्ता की प्रयोगशाला बन चुका है। यहां जो प्रयोग सफल होगा, वही मॉडल पूरे प्रदेश में दोहराया जाएगा। भाजपा विकास की रफ्तार और बड़ी परियोजनाओं के सहारे मैदान में है, सपा सामाजिक गठजोड़ और नए संदेश के साथ वापसी की कोशिश में है, जबकि बसपा अपने पुराने आधार को फिर से मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। आने वाले एक महीने में होने वाली रैलियां और कार्यक्रम यह तय करेंगे कि 2027 के चुनावी ऊंट की करवट किस ओर बैठेगी, लेकिन इतना तय है कि इस बार सत्ता की राह नोएडा होकर ही गुजरेगी।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

विचार

# सपा-कांग्रेस को ओवैसी के चलते मुस्लिम वोटों के बंटवारे की चिंता



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश की राजनीति में मुस्लिम मतदाता सदैव निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी एकजुटता और रणनीतिक वोटिंग ने कई चुनावों के परिणाम बदल दिए हैं। प्रदेश में मुस्लिम आबादी करीब बीस प्रतिशत है, जो सवा चार सौ विधानसभा क्षेत्रों में से सवा सौ से अधिक पर अपना प्रभाव डालती है। इनमें सत्तर क्षेत्र ऐसे हैं, जहां मुस्लिम मतदाताओं का प्रतिशत तीस से अधिक रहता है। कभी कांग्रेस का मजबूत आधार रहे ये मतदाता अब हवा के रुख के अनुसार अपना पाला बदल लेते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य हमेशा उन दलों को सत्ता से दूर रखना रहता है, जो हिंदू हितों की बात प्रमुखता से करते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस के कमजोर पड़ने के साथ मुस्लिम मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की ओर रुख करने में जरा भी गुरेज नहीं किया। 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अधिकांश मुस्लिम वोट मिले, लेकिन बहुजन समाज पार्टी को भी कुछ हिस्सा हाथ लगा। बीते निकाय चुनावों में यह पैटर्न बदला, जब मुस्लिम मतदाताओं ने एक दल के पीछे न जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवारों को चुना। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में छोटे दलों के मुस्लिम प्रत्याशियों को समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी से अधिक समर्थन मिला। इस बदलाव ने राजनीतिक दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया।मुस्लिम नेताओं ने अपनी अलग पार्टियां बनाकर इन मतों को लुभाने की कोशिश की। मुस्लिम लीग और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी जैसे पुराने संगठनों के बाद पीस पार्टी तथा उलेमा काउंसिल ने मैदान संभाला। 2022 के विधानसभा चुनाव में पीस पार्टी ने राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल के साथ गठबंधन कर कई प्रत्याशी उतारे, लेकिन सफलता सीमित रही। इन प्रयासों से मुस्लिम वोटों में कुछ बिखराव तो हुआ, लेकिन कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आया।

अब सबसे अधिक चिंता का विषय है असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी का उभार। बिहार चुनावों में पांच सीटें जीतने के बाद ओवैसी ने उत्तर प्रदेश पर नजरें टिका ली हैं। पार्टी ने 2017 के विधानसभा चुनाव के लिए सौ



सीटों पर लड़ने की घोषणा की थी और अब 2027 के चुनावों के लिए ओवैसी की पार्टी ने 200 क्षेत्रों को चार भागों में बांटकर चुनाव लड़ने की तैयारी तेज कर दी है। इसकी वजह भी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम बहुल जिलों जैसे सहारनपुर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल और बरेली में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। निकाय चुनावों में यहां उसके प्रत्याशी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। ओवैसी का यह उभार समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी सभी की नींद उड़ा रहा है। हाल ही में समाजवादी पार्टी के सांसदों की बैठक में भी मुस्लिम वोटों के बंटवारे पर चिंता जताई गई। बिहार और महाराष्ट्र के निकाय चुनावों के उदाहरण देते हुए सपा नेताओं द्वारा यहां तक कहा गया कि ओवैसी के बिना गठबंधन से नुकसान हो सकता है। कुछ सांसदों ने गठबंधन का सुझाव दिया, हालांकि शिवपाल यादव ने ऐसी अटकलों को खारिज कर दिया। फिर भी मिशन 2027 की रणनीति पर विचार चल रहा है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की चिंता भी सामने आ चुकी है। संसद भवन परिसर में सांसद इमरान मसूद से बातचीत का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने हैदराबादी परेशानी को उत्तर प्रदेश में घुसने से रोकने की बात कही। सभी इसे ओवैसी पर तंज मान रहे हैं। खरगे ने चेतावनी दी कि ऐसा होने पर सभी को नुकसान होगा। यह वीडियो राजनीतिक हलकों में बहस छेड़ चुका है।

बहरहाल, 2027 के विधानसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता किसके साथ खड़े होंगे, यह सवाल सभी को कुरेद रहा है। यदि पैटर्न पुराना रहा तो अधिकांश वोट समाजवादी पार्टी को मिल सकते हैं, क्योंकि पिछली बार भी यही हुआ था। लेकिन ओवैसी के बढ़ते प्रभाव से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 70 से अधिक क्षेत्रों में वोट बंट सकते हैं। यहां मुस्लिम युवाओं में असंतोष है और ओवैसी मुस्लिम हितों पर सीधी बात करते हैं। बिहार की तर्ज पर यदि वे पांच से दस सीटें जीत लेते हैं, तो समाजवादी पार्टी का नुकसान बढ़ सकता है। कांग्रेस का आधार पहले से कमजोर है, इसलिए उसके लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। खरगे की चिंता इसी का संकेत है।उधर, बहुजन समाज पार्टी की बात की जाए तो बसपा मुस्लिम वोट खो चुकी है, क्योंकि उसकी रणनीति अब ब्राह्मणों पर केंद्रित है। यदि समाजवादी पार्टी ने ओवैसी से गठबंधन किया, तो मुस्लिम वोट एकजुट रह सकते हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी के पिछड़े वोट बैंक में दरार और मुस्लिम वोटों के जरिये ओवैसी अपने लिए नई जमीन मजबूत कर सकते हैं। बिना गठबंधन के ओवैसी स्वतंत्र लड़ेंगे, तो मुस्लिम वोट तीन भागों में बंटेंगे, जिससे भाजपा को फायदा होगा। खैर, कहा यह भी जा रहा है कि पिछले निकाय चुनावों से साफ हो गया है कि मुस्लिम मतदाता अब विवेकपूर्ण हो गए हैं। वे एक दल के पीछे नहीं भागते, बल्कि स्थानीय मुद्दों पर फैसला लेते हैं। 2027 में आर्थिक मुद्दे, बेरोजगारी और विकास के साथ धार्मिक ध्रुवीकरण भी भूमिका निभाएंगे। यदि भाजपा ने मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारे, जैसा कुंदरकी उपचुनाव में हुआ, तो वहां भी सेंध लग सकती है। कुल मिलाकर मुस्लिम वोट का अधिकांश भाग समाजवादी पार्टी या ओवैसी के साथ रहेगा, लेकिन बिखराव भाजपा के हित में होगा। यह चुनाव उत्तर प्रदेश की राजनीति को नया मोड़ दे सकता है। ओवैसी यदि जनाधार मजबूत रखे, तो मुस्लिम राजनीति का नया अध्याय लिखा जाएगा। समाजवादी पार्टी को रणनीति बदलनी पड़ेगी, ताकि वोट बैंक सुरक्षित रहे। कांग्रेस को तो मुस्लिम समर्थन वापस पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य




## बढ़ता हुआ बच्चा


**अशोक चक्रधर**

मैग्ज़ीन पढ़ रही है मां
बच्चा सो रहा है,
बच्चे के हाथ में भी
एक किताब है
पढ़े कैसे
वह तो सो रहा है।

हिचकियां ले रहा है
और बड़ा हो रहा है।

बढ़ता हुआ बच्चा
जब और और बढ़ेगा,
तो मां से भी ज़्यादा
किताबें पढ़ेगा।
मज़ा तो तब आएगा,
जब वो
किसी अनपढ़ मां को
पढ़ाएगा।





## राशिफल

**मेषः-** भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं।

**वृषभः-** व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

**मिथुनः-** किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्कः-** समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में वृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंहः-** नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्याः-** रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**तुलाः-** प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिकः-** अच्छे अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

**मकरः-** उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभः-** परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीनः-** सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा।

# घुसखोर पंडित : सिनेमा के नाम पर समाज में जहर घोलने की कोशिश



कुमार कार्तिकेय त्रिपाठी "राज"

हाल के दिनों में चर्चा में आई फिल्म घुसखोर पंडित केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं है, बल्कि यह समाज के सामने खड़ा किया गया एक वैचारिक प्रश्न भी है। सिनेमा का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज को आईना दिखाना होता है, लेकिन जब वही सिनेमा किसी खास वर्ग, समुदाय या विचारधारा के खिलाफ ज़हर घोलने लगे, तब उसका विरोध करना लोकतांत्रिक जिम्मेदारी बन जाता है। घुसखोर पंडित इसी श्रेणी में आती दिखाई देती है, जहाँ कहानी के नाम पर नफरत, पूर्वाग्रह और विभाजन को बढ़ावा देने की कोशिश की गई है।

फिल्म का शीर्षक ही अपने आप में आपत्तिजनक है।

घुसखोर जैसे शब्द का प्रयोग किसी समुदाय विशेष को संदेह के घेरे में खड़ा करता है। यह भाषा न केवल असंवेदनशील है बल्कि समाज में पहले से मौजूद तनावों को और गहरा करती है। सिनेमा अगर शब्दों के स्तर पर ही ज़हरीला हो जाए, तो उससे सकारात्मक संवाद की उम्मीद करना कठिन हो जाता है।

कहा जाता है कि कला समाज को जोड़ती है, लेकिन घुसखोर पंडित जोड़ने के बजाय तोड़ने का काम करती नज़र आती है। फिल्म की कहानी एक खास वर्ग को चालाक, स्वार्थी और समाज के लिए खतरा बताने की कोशिश करती है। यह तरीका बेहद खतरनाक है क्योंकि इससे दर्शकों के मन में नफरत के बीज बोए जाते हैं। जब कोई फिल्म किसी समुदाय को एक ही रंग में रंग देती है, तो वह सच्चाई नहीं बल्कि प्रोपेगेंडा बन जाती है।

भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में सिनेमा की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। यहाँ भाषा, धर्म, जाति और संस्कृति की अनेक धाराएँ साथ-साथ बहती हैं। ऐसे में अगर कोई फिल्म इन धाराओं को आपस में टकराने का काम करे, तो उसका सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकता है। घुसखोर पंडित का कंटेंट इसी दिशा में जाता प्रतीत होता है, जहाँ मनोरंजन से ज़्यादा उकसावे की भावना दिखाई देती है।

फिल्म के समर्थक यह तर्क दे सकते हैं कि यह केवल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। निश्चित रूप से, अभिव्यक्ति की आज़ादी लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन यह आज़ादी निरंकुश नहीं होती। जब अभिव्यक्ति किसी दूसरे की गरिमा, सम्मान और सामाजिक शांति को नुकसान पहुँचाने लगे, तब उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है।


अभिव्यक्ति का मतलब यह नहीं कि आप किसी समुदाय को निशाना बनाकर उसे घुसखोर साबित करने लगें।

एक और चिंताजनक पहलू यह है कि ऐसी फिल्में युवाओं पर गहरा असर डालती हैं। युवा दर्शक सिनेमा से बहुत जल्दी प्रभावित होते हैं। अगर उन्हें बार-बार यह संदेश दिया जाएगा कि कोई खास वर्ग देश या समाज के लिए खतरा है, तो उनके भीतर अविश्वास और घृणा की भावना जन्म लेगी। यह भावना आगे चलकर सामाजिक टकराव का कारण बन सकती है।

इतिहास गवाह है कि जब कला और मीडिया का इस्तेमाल नफरत फैलाने के लिए किया गया, तो उसके परिणाम विनाशकारी रहे हैं।

समाज में हिंसा, असहिष्णुता और विभाजन बढ़ा है। इसलिए यह ज़रूरी है कि हम समय रहते ऐसे कंटेंट पर सवाल उठाएँ।

घुसखोर पंडित का विरोध इसी सोच से जुड़ा है — यह विरोध सिनेमा के खिलाफ नहीं, बल्कि सिनेमा के गलत



इस्तेमाल के खिलाफ है।

फिल्मकारों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे समाज को दिशा देने वाला काम करें, न कि उसे भटकाने वाला। अगर कहानी कहनी ही है तो सच्चाई, संवेदनशीलता और संतुलन के साथ कही जाए। किसी एक वर्ग को खलनायक बनाकर तालियाँ बटोरना आसान हो सकता है, लेकिन यह रास्ता समाज को कमजोर करता है। इसके अलावा, ऐसी फिल्मों से असली मुद्दों से ध्यान भटकता है।

बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, महँगाई जैसे सवालों पर बात करने के बजाय अगर दर्शकों को भावनात्मक रूप से भड़काया जाएगा, तो लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर होगा। घुसखोर पंडित इसी तरह के भटकाव का उदाहरण बन सकती है, जहाँ सिनेमा सामाजिक समाधान के बजाय सामाजिक तनाव पैदा करता है।

विरोध का मतलब हिंसा या तोड़फोड़ नहीं होता। विरोध का मतलब है जागरूकता, संवाद और सवाल। दर्शकों, बुद्धिजीवियों और मीडिया की जिम्मेदारी है कि वे इस तरह की फिल्मों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करें। सोशल मीडिया पर ट्रेंड चलाना काफी नहीं है, ज़रूरी है कि हम यह समझाएँ कि ऐसी सोच समाज के लिए क्यों खतरनाक है।

सरकार और सेंसर बोर्ड की भूमिका भी यहाँ महत्वपूर्ण हो जाती है। सेंसरशिप का मतलब रचनात्मकता को कुचलना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कंटेंट सामाजिक सौहार्द को नुकसान न पहुँचाए। अगर कोई फिल्म नफरत फैलाने की सीमा पार करती है, तो उस पर पुनर्विचार होना चाहिए।

अंततः सवाल सिर्फ घुसखोर पंडित का नहीं है, सवाल उस मानसिकता का है जो सिनेमा को समाज तोड़ने का हथियार बनाना चाहती है। हमें तय करना होगा कि हम कैसा सिनेमा चाहते हैं — ऐसा जो डर और नफरत फैलाए, या ऐसा जो समझ, करुणा और एकता को मजबूत करे।

आज ज़रूरत है कि हम जिम्मेदार दर्शक बनें। हर फिल्म को बिना सोचे-समझे स्वीकार करने के बजाय उस पर सवाल उठाएँ। घुसखोर पंडित का विरोध इसी जागरूकता का हिस्सा है। यह विरोध किसी व्यक्ति या कला के खिलाफ नहीं, बल्कि उस विचारधारा के खिलाफ है जो समाज को बाँटने का काम करती है।

अगर सिनेमा सच में समाज का आईना है, तो उस आईने में नफरत नहीं, इंसानियत दिखनी चाहिए। घुसखोर पंडित जैसी फिल्मों के खिलाफ आवाज़ उठाकर ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भारतीय सिनेमा विभाजन नहीं, बल्कि एकता का माध्यम बने।

**लेखक सामाजिक चिंतक एवं छात्र हैं**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### काशी विश्वनाथ से डमरू बाबा करेंगे प्रथम भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ




**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** होली पर्व के पावन अवसर पर प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति द्वारा इस वर्ष भक्त प्रहलाद जी की प्रथम भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आस्था और उत्साह से परिपूर्ण इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा का शुभारंभ काशी विश्वनाथ से पधार रहे डमरू बाबा के करकमलों द्वारा किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभा यात्रा आज आवास विकास कॉलोनी स्थित सामुदायिक पार्क से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा में भक्त प्रहलाद जी की आकर्षक झांकी, पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मंगलध्वनि, भजन-कीर्तन मंडलियां तथा विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शोभा यात्रा श्रद्धालुओं में भक्ति और उत्साह का संचार करेगी। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देगा। समिति ने समस्त नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाने और शोभा यात्रा को सफल बनाने की अपील की है। होली के उल्लासमय वातावरण में आयोजित यह प्रथम शोभा यात्रा नगर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का विशेष केंद्र बनने जा रही है।

### ग्राम चन्दोईहार के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** विकासखंड कछौना की ग्राम पंचायत खजोहना के ग्रामीणों ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक (160 विधानसभा बालामऊ) से मिलकर उन्हें एक प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने ग्राम चन्दोईहार से लखनऊ-पलिया हाईवे (ताजपुर मार्ग) को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के निर्माण की पुरजोर मांग की है। दिये गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से ग्रामीणों ने अवगत कराया कि लगभग 500 मीटर लंबी यह सड़क 15 वर्ष पूर्व जिला पंचायत द्वारा बनवाई गई थी। वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है और जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण आवागमन अत्यंत कष्टदायक हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के दोनों ओर जल निकासी के लिए नाली की व्यवस्था न होने से स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मी देवी के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में ग्रामीणों ने विधायक से जनहित में इस मार्ग का अविलंब पक्का निर्माण कराने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है और इसके बनने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

### मुडरामऊ में डिप्टी कमिश्नर के भाई की पुरानी रंजिश में निर्मम हत्या का आरोप, घर में खून से लथपथ मिला था, एक आरोपी हिरासत में



**समृद्धि न्यूज, पाली/हरदोई।** थाना क्षेत्र के मुडरामऊ गांव में शनिवार सुबह एक युवक अपने घर के आंगन में खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ा मिला। पुलिस और ग्रामीणों ने उसे आनन-फानन एंबुलेंस से पाली पीएचसी भेजा, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने पुरानी रंजिश में गांव के ही दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मुडरामऊ निवासी विजय प्रकाश (35) पुत्र स्व. दयाराम राठौर अपनी मां गोमती के साथ रहता था, उसका भाई रामेंद्र डिप्टी कमिश्नर के पद पर मथुरा में तैनात है। बताया गया कि शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि करीब एक बजे विजय प्रकाश पड़ोसी आशीष कुमार बाजपेई के घर में घुस गया था। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उसे समझाकर घर भेज दिया। शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे वह फिर पड़ोसी सुशील मिश्रा के घर पहुंचा और गांव के ही दो लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए उनके नाम ले रहा था। इसके बाद सुशील मिश्रा ने विजय प्रकाश को उसकी मां के साथ मिलकर घर पहुंचाया। करीब आधा घंटे बाद विजय प्रकाश के घर से चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो देखा कि वह आंगन में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था और अत्यधिक रक्त बह चुका था, उसकी आंतें बाहर निकल आई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे पीएचसी पाली भेजा, उसे पीएचसी से गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की मां गोमती ने गांव के महावीर और समरपाल के खिलाफ तहरीर देकर चाकू से हमला कर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। परिजनों के अनुसार आरोपियों से पुरानी रंजिश चल रही थी और करीब ढाई वर्ष पहले मृतक के पिता दयाराम की हत्या के मामले में भी उनका नाम सामने आया था। घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह, एएसपी शाहाबाद आलोक राज नारायण भारी पुलिस बल के साथ मुडरामऊ गांव पहुंचे और बारीकी से जांच पड़ताल की। एएसपी ने घटना के संबंध में पड़ोसियों से के भी बयान दर्ज किए और जानकारी जुटाई। पुलिस को जांच के दौरान घर के बाहर रखी एक बोरी से हसिया भी बरामद हुआ, जिस पर खून के निशान नहीं थे। एएसपी आलोक राज नारायण ने परिजनों की मांग पर विजय प्रकाश के शव के पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी करने का भी निर्देश दिया। वहीं एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने कहा कि एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### हरदोई-शस्त्र लाइसेंस फाइल प्रकरण : डीएम कार्यालय के तीन लिपिकों पर एफआईआर दर्ज

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के शस्त्र अनुभाग से संबंधित एक शस्त्र लाइसेंस पत्रावली के कथित रूप से गायब किए जाने एवं अभिलेखों में अनियमितता बरतने के गंभीर आरोपों के बाद कोतवाली शहर पुलिस ने तीन लिपिकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने अपराध संख्या 107/26 के तहत धारा 61(2), 238 एवं 62 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में रिपोर्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# सरकार किसान, युवा और महिलाओं के लिए कर रही है कार्य : रजनी तिवारी

**केन ग्रोवर्स सोसायटी द्वारा नवनिर्मित खाद गोदाम का किया लिकार्पण**

समृद्धि न्यूज




**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के तहसील के निकट हरदोई डिस्ट्रिक्ट केन ग्रोवर्स को ऑपरेटिव सोसाइटी के नविनीकृत खाद गोदाम का शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने लोकार्पण कर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर सरकार की उपलब्धियों के बारे मे बताया। इस अवसर पर शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती तिवारी ने कहा उत्तर प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए लगातार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। जिससे आज देश की महिलाये और बेटियां पूर्णतया सुरक्षित हैं। आज देश का युवा अपना स्वरोजगार कर देश की अर्थ व्यबस्था को मजबूती प्रदान कर रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए भी किसान पेंशन सहित बहुत कल्याणकारी योजनाए चला रखी हैं। आज किसान को खाद और बीज के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। किसानों को सरकार द्वारा टेल तक पानी पहुँचाया जा रहा है।शाहाबाद मे खाद की गोदाम बन जाने से किसानों को बहुत सुगमता हो जाएगी। इसके लिए केन ग्रोवर्स सोसायटी के चेयरमैन रंजीत सिंह का बहुत प्रयास रहा।इस मौके पर केन ग्रोवर्स हरदोई के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने भी खाद गोदाम के शुभारंभ को किसानों के लिए एक बड़ी सहूलियत बताते हुए कहा इस खाद गोदाम से किसानों को अच्छी गुणवत्ता की खाद और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध होगी और यहां पर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद सिंह, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू, क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र अंकित गुप्ता, आनंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर की गयी थी श्रीदेवी की हत्या

**पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का किया खुलासा**

समृद्धि न्यूज




**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली छेत्र के ग्राम अमिरता मे गुरुवार को खेत मे काम रही महिला की हत्या के मामले मे पुलिस ने आरोपी को आलाक़त्ल के साथ गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण मे 12 फरवरी को ग्राम अगमपुर के मजरा अमिरता निवासी सुरेश चंद्र की 45 वर्षीय पत्नी श्रीदेवी अपने पुत्रों के साथ खेत पर प्याज़ की बेड़ लगाने गयी थी। जहां उसकी धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गयी थी।मृतका के देवर पिंटू पुत्र भइयालाल ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

एएसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया शाहाबाद के प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस बल के द्वारा श्रीदेवी हत्याकांड के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।मृतका के ही गांव निवासी गिरफ्तार आरोपी रामनिवास पुत्र सुखलाल ने पुलिस को बताया है कि गांव के एक व्यक्ति की साली से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसकी जानकारी मृतका को हो गयी थी। मृतका द्वारा परिजनों को प्रेम प्रसंग की जानकारी दिए जाने की धमकी से छुब्द होकर उसने फावड़े से हमला कर श्रीदेवी की हत्या कर दी और फरार हो गया था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर एक फावड़ा और उसका टुटा हुआ बेट बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

## जिला कारागार के शौचालय में बंदी ने लगाई फांसी मौत

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार में पॉक्सो और रेप के मामले में विचाराधीन एक कैदी ने गमछे से फांसी लगा ली। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिला हमीरपुर के थाना कुरारा क्षेत्र के ग्राम कडौर निवासी मनोज 24 वर्ष पुत्र बाबूलाल रेप और पॉक्सो एक्ट मामले में कालपी कोतवाली में दर्ज एक मुकदमे में आरोपी था। जो मार्च 2024 से जिला कारागार उरई में बंद था। बताया जा रहा है कि मनोज ने जेल परिसर के बाथरूम में गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। अन्य कैदियों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने शोर मचाया। सूचना मिलते ही बंदी रक्षक मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से नीचे उतार कर तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## थाना समाधान दिवस प्रशासन, पुलिस ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**सदर कोतवाली में डीएम एसपी की मौजूदगी में निस्तारण के निर्देश**



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** सदर कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान कुल एक शिकायत, प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसे मौके पर ही संज्ञान में लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को जांच कर समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब न किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना समाधान दिवस आमजन और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है, अतः प्रत्येक शिकायत का निस्तारण पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की जांच तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष हो तथा शिकायतकर्ता को प्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# युवक पर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने व अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप

**पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को दी नामजद तहरीर**



**उरई (जालौन)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित किशोरी के पिता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी 16 वर्षिय पुत्री चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा है। जबकि वह और कन्या स्कूल के सामने डिफेंस एकेडमी में फिजिक्स की कोचिंग करने जाती थी।

बताया जाता है कि करीब तीन-चार माह से मोहल्ले का ही निवासी राजा पुत्र मुनेश पुत्री का पीछा करता था। जबकि मोहल्ले का ही निवासी ऋतिक उसका सहयोग करता था। इस दौरान आरोपी राजा ने उसे बहला फुसलाकर दोस्ती कर ली और उसे अपने घर लिवा ले गया। बताया कि आरोपी राजा की मां सुमन तांत्रिक है और उसने अपनी मां से तंत्र विद्या के जरिए पुत्री को प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। कुछ पता नहीं बताया कि जब पीड़ित की पुत्री ने 4 दिसंबर से स्कूल जाना छोड़ दिया तब उससे स्कूल न जाने का कारण पूंछा गया। इस दौरान पुत्री ने रोते हुए घटना की पूरी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी होते ही पर्सन आरोपी राजा के घर शिकायत करने पहुंचे लेकिन वह अपनी हरकत से बात नहीं आया। बताया कि उसके बाद भी जब कभी पुत्री बाजार आती जाती थी तो वह उसका पीछा कर हमेशा अपने घर ले जाता था और मां से तांत्रिक विद्या करवाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था। बताया कि बीते दिन 11 फरवरी की रात बड़ी पुत्री के मोबाइल फोन पर आरोपी राजा द्वारा इंस्टाग्राम से एक वीडियो भेजा गया। जिसमें आरोपी राजा द्वारा पुत्री के साथ अश्लील फोटो भेजे गए जिन्हें मोबाइल में सेव कर लिया गया। सुमित पिता का आरोप है कि आरोपी राजा ने अपनी मां व पिता मुनेश और बड़े पुत्र गोलू के सहयोग से पीड़ित की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करके उसके जीवन बर्बाद कर दिया और अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम करने में लगा हुआ है। पीड़ित पिता ने मांग की है कि तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## लाडली प्रोजेक्ट के तहत सेनेटरी पैड वितरण व महिला स्वच्छता जागरूकता अभियान संपन्न




**समृद्धि न्यूज,अजनर /महोबा।** महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम के रूप में वेदनिधि फाउंडेशन द्वारा लाडली परियोजना सुखानंद हाई स्कूल, अजनर में सेनेटरी पैड वितरण एवं महिला स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वाभिमान और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय और अत्यंत आवश्यक पहल के रूप में देखा जा रहा है। वेदनिधि फाउंडेशन लंबे समय से महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। फाउंडेशन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक आवश्यक संसाधन और सही जानकारी पहुँचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

## एडीजी प्रयागराज जोन का महोबा दौरा, कानून व्यवस्था के संबंध में की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**एडीजी ने महाशिवरात्रि पर्व पर ऐतिहासिक माँ बड़ी चण्डिका धाम का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण का जनपद महोबा आगमन हुआ। पुलिस लाइन में सुसज्जित गार्द द्वारा उन्हें सलामी दी गई। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी महाशिवरात्रि, होली एवं प्रचलित सूर्य महोत्सव के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। जनपद में घटित अपराधों की स्थिति, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी, प्रभावी गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़-नियंत्रण, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## उप जिलाधिकारी चरखारी ने किया जैतपुर मंडी का औचक निरीक्षण

**किसानों की शिकायत के बाद अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश**



**समृद्धि न्यूज, जैतपुर/महोबा।** विगत दिवस बुंदेलखंड किसान यूनियन द्वारा राजस्व चोरी एवं अतिक्रमण की शिकायत किए जाने के बाद उप जिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार ने जैतपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर पहुंचकर व्यापारियों से वार्ता की और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप जिलाधिकारी ने मंडी में तैनात कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि मंडी परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौजूद बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत ने बताया कि मंडी के बाहर कुछ दुकानदार गल्ला खरीद का कार्य कर रहे हैं, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है तथा राजस्व की चोरी की जा रही है। उन्होंने मांग की कि ऐसे दुकानदारों की जांच कर उनका लाइसेंस बनाकर उन्हें मंडी परिसर के अंदर स्थापित किया जाए। वहीं यूनियन की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष किरन पाठक ने आरोप लगाये। उन्होंने मंडी में पेयजल व्यवस्था न होने, शौचालयों की गंदगी तथा कुछ दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण पर ध्यान आकर्षित कराया।

# संविदा कर्मियों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय विकास खंड कार्यालय में कार्यरत संविदा कर्मियों ने एक वर्ष से अधिक समय हो जाने पर मानदेय न मिलने के कारण खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर मानदेय निर्गत कराए जाने की मांग की है। विकास खंड कार्यालय में कार्यरत संविदा कर्मचारी मनोज कुमार व रविकरण ने खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर बताया कि अक्टूबर 2024 से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में संविदा पद पर कार्य कर रहे है। तथा अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। लेकिन चौदह माह से मानदेय का भुगतान नहीं मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तथा बच्चों की शिक्षा आदि बाधित हो रही है। संविदा कर्मियों ने लंबित मानदेय भुगतान कराए जाने की मांग की है।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में बाल विवाह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया





**कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** समर्थ इंडिया और बाल कल्याण समिति द्वारा वाल विवाह पर जागरूकता कार्यक्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा एवं चंदुपुर में किया गया।बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती ने कहा कि बाल विवाह सामाजिक और कानूनी अपराध है। इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्यवाही का प्रावधान है। हमें बाल विवाह को रोकने के लिए आगे आना होगा। सदस्य सनत श्रीवास्तव ने बाल विवाह के खिलाफ बने कानून की जानकारी दी। वही जिला प्रभारी चाइल्ड लाइन साफवान ने 1098 के बारे में जागरूक किया। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार और उच्च प्राथमिक विद्यालय चदुपुर के प्रधानाध्यापिका तरंग खरे में दहेज प्रथा और बाल विवाह की रोकथाम हेतु छात्र छात्राएं को जागरूक और सजग बनने पर जोर दिया। इस दौरान विजय श्रीवास्तव, लियाकत, विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाएं छात्र छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# चिल्ली ने खड़ेही लोधन को 9 विकेट से हरा कर जीता मैच

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** गांव खड़ेही लोधन में बैंक के पास संगम स्टेडियम में चल रहे बाल टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को चिल्ली की टीम व खड़ेही लोधन की टीम के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें चिल्ली ने खड़ेही लोधन को 9 विवेक से हरा दिया मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव खड़ेही लोधन में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के पास मिहुँना रोड पर संगम स्टेडियम में चल रहे बाल टूर्नामेंट मैमोरियल कप प्रतियोगिता के दूसरे शुक्रवार को आयोजित हुए मैच का शुभारंभ उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबन्धक रितेश कुमार अवस्थी ने फीता काट कर किया।इसके बाद चिल्ली की टीम व खड़ेही लोधन की टीम के बीच मुकाबला खेला गया।जिसमें खड़ेही लोधन की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओबरो में 56 रनों के लक्ष्य रखा,लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिल्ली की टीम ने 3 ओबर 5 गेंदों मे 57 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। जिसमे खिलाड़ी सरीफ ने 13 गेंदों में 53 रन बनाए जिसमे 8 छक्के भी सामिल है।

# बृजभूषण सिंह ने जातिवाद व मिलावटखोरी पर जताई चिंता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने दुल्हादेपुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर बजरंग व्यायाम शाला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में जातिवाद और बाजार में बढ़ती मिलावटखोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने लोगो से एकजुट रहने और शुद्धता बनाए रखने का आह्वान किया।

उन्होंने देश भर में चल रहे राजनीतिक जातिवादी संग्राम पर टिप्पणी करते हुए कहाकि लोग जातियों में बंटते जा रहे हैं। पहले केवल कर्म के आधार पर चार जातियां थी,लेकिन अब जातियो के अंदर भी उप-जातियां बन रही हैं,जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करना है। बृजभूषण सिंह ने



लोगो को संबोधित करते हुए शुद्ध दूध की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी से एक गाय पालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि बड़ी गाय संभव न हो, तो कम दूध देने वाली देशी गाय ही पालें। उन्होंने बाजार में बढ़ती मिलावटखोरी पर चिंता जताते हुए कहाकि हर चीज में मिलावट है और जहर बेचा जा रहा है। उन्होंने पनीर जैसे उत्पादो की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। हलवानी गुरु बाबा हरिशंकर दास की पुण्यतिथि पर सगे भाई समान बाबा बलराम दास के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम एकता को बढ़ावा देता है और गरीबों को आपस में जोड़ता है।कार्यक्रम के छठे दिन वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह और वस्त्र वितरण का आयोजन किया गया।इस दौरान हजारों महिलाओं को साड़ियां और पुरुषों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगो को प्रसाद भोजन वितरित किया गया। पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। हेलीपैड और मंच पर उनके समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। कार्यक्रम मे हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर राहुल चौहान,रवि सिंह, प्रहलाद कुमार विमल और कुलदीप सिंह, सौरभ दास, अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत मनीराम दास,अमन दास, श्रवण दास सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# तनुज पुनिया ने किया बदोसराय कैफे का उद्घाटन

## कैफे बदोसराय में संचालित होने से लोगों को मिलेगा अच्छा स्वादः अमान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



क्षेत्र के लोगो के लिए एक नई सौगात के रूप मे बदोसराय कैफे का भव्य उद्घाटन शनिवार को सांसद तनुज पुनिया और ब्लाक प्रमुख सिरौली गौसपुर रेनू वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। यह कैफे बदोसराय चौराहा,कोटवा धाम रोड पर बदोसराय गारमेंट्स के सामने स्थित है। कैफे प्रबंधन के अनुसार बदोसराय की पहचान अब केवल स्टाइल तक सीमित नहीं रहेगी,बल्कि स्वाद के नए अंदाज़ से भी लोगो को आकर्षित करेगी। प्रोप्राइटर अमान ने बताया कि कैफे मे गुणवत्ता और बेहतरीन स्वाद का विशेष ध्यान रखा गया है ताकि ग्राहको को एक अलग और यादगार अनुभव मिल सके। इस कैफे पर बर्गर, पिज्जा ,सैंडविच, कश्मीरी चाय, काफी, मोमोज सहित अन्य गुणवत्तापूर्ण खाने पीने की सामग्री उपलब्ध रहेगी। उद्घाटन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप में सिरौलीगौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनु वर्मा ने कहाकि अब काफी कैफे बदोसराय में संचालित किए जाने से गांव और छोटे कस्बा के लोगों को अच्छा स्वाद कम दूरी पर मिल जाएगा। अच्छी काफी पीने के लिए अभी तक बाराबंकी लखनऊ जाना पड़ता था अब बदोसराय में ही मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर नैय्यर मियां,प्रधान प्रतिनिधि औंन मियां, फराज रिज़वी,हैदर रिज़वी, वाहिद काज़मी, फुरकान, अखिलेश सोनी, इमरान नूरी,माती, रिफीकेश, फरहान अंसारी, असीम श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, मनोज यादव, तौफीक खान सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# आवारा सांड़ के हमले से किसान की दर्दनाक मौत

रामसनेहीघाट,बाराबंकी। कोटवा सड़क कस्बे में शुक्रवार देर रात एक 50 वर्षीय व्यक्ति की सांड के हमले में मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों ने आवारा पशु को पकड़वाने की मांग की है। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोटवा सड़क निवासी संतोष के अनुसार उनके पिता विद्याराम रावत शुक्रवार रात करीब 10 बजे घर से बाहर शौच के लिए निकले थे। सड़क किनारे पहुंचते ही वहां घूम रहे एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि सांड ने उन्हें उठाकर पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और किसी तरह सांड को भगाया, लेकिन तब तक विद्याराम की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शनिवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सांड पहले भी कस्बे में हमला कर चुका है।

# दहेज में कार व दो लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर शादी से मुकरा वर पक्ष,मुकदमा दर्ज

**12 फरवरी को तिलक व 19 फरवरी को शादी होना निश्चित हुआ था।**

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़। वर्षों पूर्व हुई वरीक्षा की रस्म के बाद जब अब विवाह का समय नजदीक आया तो वर पक्ष ने दहेज में कार व दो लाख रुपये नगद की मांग सामने रख दी और दहेज की मांग पूरी न करने की स्थिति में शादी से इनकार कर दिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट एवं दहेज प्रथा मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। सुबेहा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी रामदयाल की पुत्री श्यामवती का विवाह क्षेत्र के ही गोसियामऊ गांव निवासी हरिश्चंद्र के पुत्र रामजी से 12 फरवरी को तिलक व 19 फरवरी को शादी होना निश्चित हुआ था। वधू पक्ष द्वारा शादी को लेकर निमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे। गीता श्यामवती के भाई रामराज पुत्र स्वर्गीय रामदयाल ने बताया कि वह 12 फरवरी को तिलक चढ़ाने की तैयारी कर रहा था पर्चानु इसी बीच वर पक्ष द्वारा 19 फरवरी को दरवाजे पर ही तिलक चढ़वा लेने की बात कह कर झांसा दे दिया गया। जिसके बाद लड़के पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग को लेकर बात करने के लिए वधू पक्ष को अपने दरवाजे बुलाया और दहेज में चार पहिया वाहन एवं 2 लाख रुपया नगद लेने की शर्त रख दी। वधू पक्ष ने आरोप लगाया कि इतना दहेज देने में असमर्थता जताते ही वर पक्ष द्वारा वधू पक्ष के लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी गई। वधू पचाने आरोप लगाया कि वर पक्ष द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। घटना की सूचना पाकर 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों को शांत कराया। इसी विवाद के चलते शादी टूट गई। लड़की के भाई रामराज ने दहेज मांगने वाले रामजी,उनके पिता हरिश्चंद्र, माता श्रीमती व बहन रेनू के खिलाफ दहेज एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बिना अनुमति सभा करने पर एसडीएम सख्त

**सुहेलदेव स्वाभिमान यात्रा से जुड़े कार्यकर्ता हिरासत में, माफीनामा के बाद छोड़ा**

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



बिना अनुमति सभा आयोजित करने और स्वीकृत कार्यक्रम से अलग गतिविधि करने के मामले में शनिवार को पुलिस ने सुहेलदेव स्वाभिमान यात्रा से जुड़े कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। बाद में लिखित माफीनामा और चेतावनी के उपरांत उन्हें रिहा कर दिया गया। प्रशासन के अनुसार संगठन द्वारा राजा सुहेलदेव के सम्मान में असन्दरा थाना क्षेत्र के देवीगंज से रामसनेहीघाट स्थित पटेल पंचायती इंटर कॉलेज तक बाइक रैली निकालने की अनुमति प्राप्त की गई थी। रैली निर्धारित मार्ग से शांतिपूर्वक निकाली गई तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। आरोप है कि निर्धारित स्थल पर पहुंचने के बाद मिनी स्टेडियम परिसर में कुछ प्रतिभागियों ने बिना पूर्व अनुमति सभा का आयोजन कर लिया और यूजीसी के समर्थन में नारेबाजी व पोस्टर वितरण शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद कोतवाली निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे और प्रचार वाहन को कब्जे में लेकर थाने भिजवाने के साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल भी बुला लिया। थोड़ी देर बाद एसडीएम अनुराग सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक जटाशंकर मिश्र ने पहुंच कर आयोजकों से पूछताछ की। जिलाध्यक्ष राम अचल और विधानसभा अध्यक्ष मंसाराम ने अधिकारियों से अनुमति शर्तों के उल्लंघन पर लिखित क्षमा याचना की। इसके बाद प्रशासन ने भविष्य में नियमों के पालन की सख्त हिदायत देते हुए सभी को रिहा कर दिया।

# बॉबी हत्याकांड में पुलिस कार्यवाई हुई तेज

बाराबंकी। बीते शुक्रवार को कोतवाली नगर क्षेत्र के असेनी मोड़ पर हुई अधिवक्ता शुएब क़िदवई बॉबी की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्यवाई तेज कर दी है। इस हत्याकांड ने जिले को दहला दिया है। मृतक का सम्बंध माफिया मुख्तार अंसारी से जोड़कर देखा जा रहा है। शोएब उर्फ बॉबी की सनसनीखेज हत्या के मामले मे पुलिस ने कानूनी कार्रवाई तेज कर दी है। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती हत्या की गुत्थी सुलझाने की है। बॉबी की हत्या के मामले में उसकी पत्नी शाजिया ने बाराबंकी कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। हत्याकांड की गंभीरता को देखते हुए बाराबंकी पुलिस ने खुलासे के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया है। सूत्रों के अनुसार तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# "हमारा आंगन-हमारे बच्चे" उत्सव का हुआ आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

बीआरसी परिसर में निपुण भारत मिशन के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें बेसिक शिक्षा और बाल विकास एवं पुष्ठाहार विभाग ने भाग लिया।उत्सव में 150 दिव्यांग बच्चों को उपकरण देने के अलावा अन्य बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख आरती रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, चेयरमैन आलोक तिवारी ने क्रमशः मुख्य व विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत से किया गया जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर व बच्चों ने मन मोह लिया । मुख्य अतिथि श्रीमती रावत ने सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी एवं बच्चों को सरकारी स्कूल भेजने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है।

आलोक तिवारी ने उपस्कर वितरण को सरकार की अच्छी पहल बताया। कहा शिक्षा व बाल विकास विभाग शिक्षा की उत्तरोत्तर प्रगति में अपना योगदान दे रहे हैं। बीईओ ने विभागीय प्रगति की विस्तार से जानकारी दी व अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।अतिथियों व सेवानिवृत शिक्षिका आशा देवी को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

# पैरोकारों व मॉनीटरिंग सेल के साथ एसपी ने की समीक्षा बैठक

अमेठी,समृद्धि न्यूज़। शनिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. की अध्यक्षता में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें रायबरेली व सुलतानपुर न्यायालयों से संबद्ध कोर्ट मोहर्रिरों के साथ-साथ जनपद के सभी थानों पर नियुक्त न्यायालय पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर एवं मॉनीटरिंग सेल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि जनपद में घटित गंभीर अपराधों जैसे हत्या, डकैती, लूट, दुष्कर्म, गैंगेस्टर एक्ट, पॉक्सो एक्ट आदि के प्रकरणों को चिन्हित कर उनकी प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, ताकि आरोपियों को कठोर दंड दिलाया जा सके। उन्होंने सभी पैरोकारों को निर्देश दिया कि अभियोगों से संबंधित गवाहों के सम्मन समय से निर्गत कराकर न्यायालय में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। विशेष रूप से मॉनीटरिंग सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि लंबित व विचाराधीन प्रकरणों में साक्षियों की न्यायालय में उपस्थिति का नियमित पर्यवेक्षण किया जाए।

# दिनदहाड़े साइकिल चोरी का वीडियो हुआ वायरल

**पुलिस की असक्रियता को लेकर हो रही चर्चाएं**

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत कस्बे की मेन मार्केट शिवगढ़ रोड पर दिनदहाड़े एक साइकिल चोरी का वीडियो बड़ी तेजी के साथ शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के विषय में जब अधिक जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि यह वायरल वीडियो बीते शुक्रवार की दोपहर लगभग 1:00 बजे के आसपास का है, जब कस्बे की मेन मार्केट शिवगढ़ रोड पर एक अज्ञात चोर आता हुआ दिखाई दे रहा है, पहले वह इधर-उधर मार्केट की दुकानों में ताक झांक कर रहा है, उसके बाद अचानक वह साइकिल लेकर मौके से फरार हो जाता है। यह घटना कस्बे के मुख्य चौराहे से चंद कदमो की दूरी पर मेन मार्केट शिवगढ़ रोड पर स्थित ओम प्रकाश रेडीमेड के सामने की है, जिनकी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में उक्त घटना का पूरा मामला कैद हो गया और शनिवार को सोशल मीडिया पर बड़ी तेजी के साथ वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के पश्चात क्षेत्रीय लोग कस्बे के मुख्य चौराहे पर मौजूद पुलिस की असक्रियता को लेकर चर्चाएं करते हुए नजर आ रहे हैं और लगातार हो रही चोरियों पर स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# कस्बे में चोरों ने दो ई रिक्शा से आठ बैटरियां की पार



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

वर्तमान समय में थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात चोरों का आतंक नहीं अपितु अज्ञात चोरों की धमा चौकड़ी देखने को मिल रही है, क्योंकि अज्ञात चोर मौजूदा थाना प्रभारी बछरावां श्याम कुमार पाल के कार्यकाल में दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की करते हुए नजर आ रहे हैं और जनपद के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के सख्त निर्देशों के बावजूद उनकी बछरावां पुलिस की गश्त की पोल खोलते हुए एक सप्ताह के अंदर तीसरी चोरी एवं वर्तमान थाना प्रभारी के सीमित कार्यकाल की पांचवी चोरी की घटना को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बीते शुक्रवार व शनिवार की रात अज्ञात चोरों ने कस्बे के वार्ड नंबर 3 सत्यनारायण टोला के रहने वाले आशीष कुमार उर्फ पिंटू पुत्र स्वर्गीय श्याम किशोर एवं मनीष कनौजिया पुत्र रामदीन निवासी उपरोक्त के घर के बाहर खड़े एक ई रिक्शा डाला से चार बैटरियां और एक ई रिक्शा सवारी से चार बैटरियां पार कर दी। पीड़ित जब शनिवार सुबह अपने घर के बाहर निकले तो वह अपने दरवाजे पर खड़े अपने वाहनों का नजारा देखकर दंग रह गए, क्योंकि उन दोनों वाहनों से लगभग 80000 की आठ बैटरियां गायब मिली। चोरी की घटना की सूचना आसपास फैलते ही मौके पर सैकड़ो लोगों का जमावड़ा लग गया। घटना के उपरांत दोनों पीड़ितों के द्वारा घटना के सूचना तहरीर के माध्यम से स्थानीय थाने में दी जिसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। फिलहाल उक्त घटना के पश्चात क्षेत्रीय लोग स्थानीय पुलिस के द्वारा उस क्षण के आने का इंतजार कर रहे हैं, जब इन घटनाओं का अनावरण कर स्थानीय पुलिस पीड़ितों को न्याय दिला पाएगी, जो की एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है?

## तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, हालत गंभीर

बछरावां रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रधान ढाबा के पास एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार युवक सुरेंद्र पुत्र अज्ञात उम्र 30 वर्ष पता अज्ञात, जो की उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रधान ढाबा के निकट स्थित ओमेक्स फैक्ट्री में काम करता है। वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था, तभी लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस के द्वारा तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। संजय गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, जगदीशपुर में 12 से 14 फरवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर संजय सिंह निदेशक सीटेड उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. राम रतन द्वारा की गई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के सम्मुख 1500 मीटर की दौड़ संपन्न हुई जिसमें आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा अन्य सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक व ट्रॉफी प्रदान की गई। सर्वाधिक पदक प्राप्त कर शिवांश सिंह ने बालक वर्ग में एवं बालिका वर्ग में पावनी कसेरा ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता। 76 अंकों के साथ विक्रम साराभाई हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम रतन ने सहर्ष वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए पिछले वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम के बारे में बताया।

# घर में आग लगने से हुए धमाके में महिला की मौत, तीन घायल



सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

रायबरेली प्रतापगढ़ राजमार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया। जब पटाखा गोदाम में आग लगने से विस्फोट हो गया। जिसकी चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग की हालत गंभीर हो गई।मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज बाजार का है।जहां लाइसेंस धारी यूनुस घर के भीतर पटाखे का भंडारण किया था।शुक्रवार की रात आग लगने से धमाका हो गया।जिसमें मकान क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं आसपास के कई मकान भी छतिग्रस्त बताए जा रहे हैं।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके में पहुंची और आग पर काबू पाया।विस्फोट के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई है। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।वहीं घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक रवि कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने स्थानीय प्रशासन के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया।साथ ही फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य इकठ्ठा किया जा रहा है।

# जल्द बनेगी पानी की टंकी, नहीं करना पड़ेगा इंतजार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

विधानसभा सरेनी के बाजपेयीपुर गांव के लोगों को बहुत जल्द पानी के लिए दर दर की ठोकरे नहीं खानी पड़ेगी कुछ दिन पहले समृद्धि न्यूज ने इस खबर को प्रमुखता से दिखाया था जिसका असर हुआ है और मौके पर जिम्मेदार अधिकारी लेखपाल जलनिगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जगह चिन्हित कर जल्द ही पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया।



बाजपेई पुर निवासी आनंद मिश्रा ने कहा कि हम लोगों को पानी की काफी दिक्कत लगभग 10 से 15 साल से लगातार हो रही थी और अब हम लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिल रही है मिश्रा ने कहा कि जल्द ही पानी टंकी बनकर तैयार हो जाएगी जिससे हम लोगों को लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शनिवार को जल निगम की टीम बाजपेई पुर गांव पहुंच कर सर्वे करके स्थान चिन्हित कर लिया है। जल निगम के जेई सुमित प्रजापति का कहना है कि इससे पहले भी ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्ताव दिया गया था जल निगम की टीम ने वहाँ भी जाकर सर्वे किया तो वहां पर 2000 (डग्र्स) निकला और बाजपेयी पुर गांव में 841 (डग्र्स) पाया गया है। जहाँ पर स्थानीय लेखपाल को बुलाकर स्थान को चिन्हित किया गया है। जल्द ही काम शुरू करवा दिया जाएगा। जल्द ही बाजपेयी पुर गांव में बड़ी पानी की टंकी देखने को मिलेगी जिससे ग्रामीणों की पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी और सभी ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

# धोखाधड़ी से जमीन बैनामा कराने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी। सुबेहा थाना क्षेत्र की मूल निवासी एक महिला ने कस्बा हैदरगढ़ निवासी एक व्यक्ति पर अपने सहयोगियों की सहायता से लापता पति के साथ धोखाधड़ी कर भूमि का बैनामा करा लेने का आरोप लगाया है। पुलिस से शिकायत की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। टिकुरी मजरे थलवारा गाँव निवासी महिला कमलेश पत्नी बिंद्रा माली ने बताया कि उसे यह जानकारी मिली कि 1 अगस्त 2025 को विपक्षी मो. शफीक पुत्र खुर्शीद निवासी मोहल्ला घोसियाना वार्ड नगर पंचायत व थाना कोतवाली हैदरगढ ने मेरे गुमशुदा पति की नम्बरी भूमि का बैनामा गवाहान रामकरन सिंह पुत्र राया बक्स सिंह निवासी ग्राम बरावां व जंगबहादुर सिंह पुत्र बंश बहादुर सिंह निवासी गोसुपुर थाना कोतवाली हैदरगढ के समक्ष करा लिया है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त विपक्षीजनों ने आपस में सांठ-गांठ करके धोखाधड़ी से मेरे पति की भूमि का बैनामा कराया है।

# कोतवाली परिसर में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।



डलमऊ कोतवाली परिसर में नायब तहसीलदार डलमऊ वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर कुल 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 06 राजस्व से संबंधित 03 पुलिस से संबंधित जिसमें एक प्रार्थना पत्र पुलिस से संबंधित का निस्तारण हुआ शेष प्रार्थना पत्र पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कोतवाली क्षेत्र के जोहवा नटकी ग्राम निवासी रमेश कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अपनी पुत्री के साथ मिलकर धोखाधड़ी और जाल साजी करते हुए पूर्व में अपने नाती के नाम अपनी भूमि की रजिस्ट्री दान पत्र कर देने के बाद धोखाधड़ी करते हुए दोबारा इस भूमि का विक्रय 300000 लेकर मेरे पुत्र के नाम किया गया जानकारी होने पर पैसा वापस न करने की धमकी देने का आरोप लगाया है कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# डीपीआरओ ने दो एडीओ को कर रखा अटैच, दो को दे दिया प्रभारी एडीओ का चार्ज

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जनपद सीतापुर में पंचायत विभाग की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत राज अधिकारी निशीथ चंद्र साहू पर आरोप लग रहे है कि वे शासनादेशों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से प्रभारी सहायक विकास अधिकारियों (एडीओ) के चार्ज बांट रहे हैं, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार विकासखंड मछरेहटा में सचिव संदीप कुमार तथा विकासखंड कसमंडा में सचिव संजय कुमार को प्रभारी एडीओ का चार्ज दिया गया है, जबकि दोनों मूल रूप से ग्राम पंचायत अधिकारी हैं। वहीं दूसरी ओर जनपद में तैनात मूल सहायक विकास अधिकारी अवनीश चौधरी और विनोद कुमार सिंह



को मुख्यालय पर अटैच कर रखा गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब मूल एडीओ उपलब्ध हैं तो उन्हें ब्लॉकों में भेजने के बजाय सचिवों को प्रभारी एडीओ का चार्ज क्यों दिया गया। बताया जा रहा है कि मछरेहटा ब्लॉक में सचिव संदीप कुमार पहले से ही कई ग्राम पंचायतों का कार्यभार संभाल रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें प्रभारी एडीओ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई। विभागीय जानकारों का कहना है कि इस प्रकार एक ही व्यक्ति पर कई जिम्मेदारियां डालना न केवल कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है बल्कि पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। पंचायत विभाग में चर्चा है कि डीपीआरओ द्वारा लिए जा रहे निर्णयों में शासनादेशों का पालन नहीं किया जा रहा और अपने स्तर से ही तैनाती व चार्ज का निर्धारण किया जा रहा है। यही कारण है कि विभागीय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि क्या जिले में नियमों से अधिक व्यक्तिगत निर्णय हावी हो गए हैं।

अब निगाहें जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर पर टिकी है। जनप्रतिनिधियों और पंचायत विभाग से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि वास्तव में शासनादेशों की अनदेखी कर मनमानी की जा रही है तो जिलाधिकारी को मामले का संज्ञान लेकर जांच करानी चाहिए, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रह सके। फिलहाल यह मामला जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पूरे प्रकरण की जांच कर नियमों के अनुरूप व्यवस्था बहाल करता है या फिर प्रभारी विभाग की कार्यशैली को लेकर उठ रहे सवाल यूं ही बने रहेंगे।

## क्या है शासनादेश

कुछ दिन पहले एक शासनादेश जारी किया गया था उस शासनादेश में मुख्यालय और निदेशालय के द्वारा समस्त जिलाधिकारी और समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजा गया था कि इस शासनादेश का अनुपालन किया जाए साथ लखनऊ दिनांक 13 मार्च, 2015 द्वारा समस्त जिला पंचायतराज अधिकारी उप को यह निर्देश दिये गये है कि जानकारी में लाया गया है कि नियमित रूप से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के पद पर तैनात कर्मचारियों को विकास खण्ड स्तर से हटाकर जनपद मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया जाता है और ग्राम पंचायत अधिकारी को सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का प्रभार सौंप दिया जाता है। यह स्थिति अत्यन्त गम्भीर एवं आपत्तिजनक है। चूंकि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का पद विकास खण्ड स्तरीय पद है और उनकी तैनाती विकास खण्ड स्तर पर ही की जाती है। अत एव जनपद में तैनात नियमित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को जनपद मुख्यालय से सम्बद्ध नहीं किया जायेगा। यह भी निर्देश दिये गये है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

# सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने थाना संदना में की जनसुनवाई

**जिलाधिकारी ने दिए निर्देश , आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही की जाये सुनिश्चित**

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने थाना संदना में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपसी विवाद के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाये तथा समस्त संबंधित अभिलेख अद्यतन रखे जाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरान्त जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सीतापुर स्थित पंजाबी धर्मशाला में एस.आई.आर. फार्म, फार्म-6 एवं फार्म-8 की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुये एस.आई.आर. की पूर्ण लिस्ट दीवार पर चस्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में तेजी लायी जाये।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय पौधशाला-स्वरूपनगर (स्थानीय) पर आम-6 पेड़, कटहल-7 पेड़ व लीची-9 पेड़, बेलीथारा (हरगाँव) पर आम-60 पेड़, मछरेहटा पर आम-40 पेड़, चन्द्रसेनी (रेउसा) पर आम-35 पेड़ गनेशपुर (लहरपुर) पर आम-80 पेड़, कंकरकुई (सकरन) पर आम-20 पेड़, नेरी (पिसावा) पर आम-70 पेड़ की फसल बहार नीलामी दिनांक 20 फरवरी, 2026 को मध्याह्न-12:00 बजे पौधशाला-स्वरूपनगर (स्थानीय) सीतापुर पर की जायेगी। इच्छुक क्रेता निर्धारित तिथि व समय एवं स्थान पर पहुँचकर बोली बोल सकते हैं। नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य अवधि में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर, सीतापुर में देख सकते हैं।

**जिला उद्यान अधिकारी सीतापुर।**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ तिर्वा की कार्यकारिणी का हुआ गठन

# महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष बनी माया देवी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ संगठन को विस्तार करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जनपद सहित नगर में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम तेजी से शुरू हो गया है। यह बात राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महा संघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी वाल्मीकि ने कही उन्होंने कहा कि जनपद सहित पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ से सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है इसके अलावा सफाई कर्मचारी के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत यदि किसी भी कर्मचारी को होती है तो उसका निस्तारण हर हाल में किया जाएगा इससे पहले तिर्वा पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष का राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा वाल्मीकि ने फूलमालाओं के साथ उनका स्वागत किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनपद के सभी कस्बा व नगरों की इकाई का गठन राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में किया जाएगा जिसके लिए रणनीति बनाई गई है इससे पहले राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशन में जिला अध्यक्ष ने तिर्वा नगर अध्यक्ष विक्की शाखा अध्यक्ष रंजीत कुमार संगठन मंत्री अमरदीप नगर उपाध्यक्ष दिनेश कुमार नगर सचिव मुकेश कुमार मीडिया प्रभारी दीपक कुमार को मनोरंजन पत्र सौंप कर संगठन को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी सौपी । मनोरंजन पत्र मिलते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं ने माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष राजा वाल्मीकि ने बताया कि इसी प्रकार नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में कार्यरत छाया देवी को राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

उनके मनोनयन पर पदाधिकारी ने उनका भव्य स्वागत किया इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजा वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष सेवा बाल्मिक जिला सचिव संजय बाल्मिक जिला मीडिया प्रभारी राज वाल्मीकि नगर अध्यक्ष गुरसहायगंज धर्मेंद्र वाल्मीकि सहित राष्ट्रीय सफाई अभियान महासंघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर नगर में चलेगा विशेष सफाई अभियान

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी मंदिरों में चूना डाला जाएगा। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के निर्देश पर शनिवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में सफाई नायकों की बैठक की गई। जिसमें सफाई नायक के अलावा सफाई कर्मियों को नगर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सफाई अभियान के बारे में जागरूक किया गया उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के चिन्हित प्रमुख मंदिरों पर चूना डालने का काम सुबह से ही शुरू हो जाएगा इसके अलावा नगर की सफाई व्यवस्था के लिए सफाई नायकों की टीम बनाई गई है यह टीम अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मंदिरों पर पहुंचकर सफाई अभियान चलाएगी।

# न्यूरो अंडरस्टैंडिंग जीके परीक्षा के विजेता पुरस्कृत

▸ गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गैलेक्सी पब्लिक स्कूल में आयोजित न्यूरो अंडरस्टैंडिंग जीके परीक्षा में विभिन्न कक्षा समूहों में शानदार प्रदर्शन करने बाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

परीक्षा परिणाम के आधार पर विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 1 से 5 के समूह में कुणाल शर्मा ने प्रथम, कविस पाल ने द्वितीय, अभय चौहान एवं प्रबल प्रताप ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा 6 से 8 के समूह में अभिषेक यादव प्रथम, श्रेया पाल द्वितीय तथा प्रिंस त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 9 से 12 के समूह में वैभव सिंह ने प्रथम, आशी यादव ने द्वितीय तथा कार्तिक पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनीता सिंह एवं डॉ. रजनीश द्विवेदी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजीव चौहान, प्रधानाचार्य विजय सिंह एवं शिक्षक अमित यादव, अनुराग तिवारी, ओम शिव गुप्ता, अनुभव तिवारी, दिनेश, डॉ. शालिनी चतुर्वेदी, ज्योति, शिवांगी पाठक, नेहा यादव, कृष्ण गुप्ता, सोनम पाल, पुष्पा तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कांवड़ यात्रा को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैनपुरी जनपद की सीमा पर स्थित मोहकमपुर पुलिया पहुंचकर कांवड़ियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा रूट डायवर्जन की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न होने दी जाए। निरीक्षण के बाद डीएम और एसपी विशुनगढ़ थाना परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों, ड्यूटी रजिस्टर, बैरियर तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए।

# नेहरू कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नेहरू कॉलेज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन कॉलेज प्रबंध समिति की सचिव इंदिरा दुबे ने सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक है। यह युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धी भावना विकसित करता है। मुख्य अतिथि प्रो. आनंद अग्निहोत्री ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। यह छात्रों को चुनौतियों का सामना करना सिखाता है और उन्हें मजबूत व्यक्तित्व बनाता है। उन्होंने कॉलेज के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को सही दिशा देते हैं। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता कॉलेज की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। डॉ. बबिता यादव ने माल्यार्पण कर सचिव इंदिरा दुबे का स्वागत किया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में निर्णायक मंडल के शिक्षकों और कॉलेज परिवार के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। दूसरे दिन एथलेटिक्स, कबड्डी और अन्य खेलों में छात्रों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखाई। इस दौरान विजेताओं में पुरस्कार भी वितरित किए गए।

# शहर के दक्षिण से निकाला जाए नया बाईपास

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा यहां पर नया बाईपास प्रस्तावित है। इस पर जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे का कहना है कि नया बाईपास शहर के दक्षिण से निकाला जाए, तभी ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने कहा शहर के दक्षिण दिशा में विशुनगढ़ रोड, कैरदा रोड, सौरिख रोड और तालग्राम रोड से भारी वाहनों का आवागमन लगातार होता है। इसके कारण शहर के अंदर ट्रैफिक जाम के हालात आए दिन बने रहते हैं। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे से उतरने वाले भारी वाहन भी तालग्राम और सौरिख रोड से नगर के अंदर होते हुए जाते हैं। दक्षिण दिशा में नया बाईपास बनने से यह अधिकांश भारी वाहन बाहर से ही निकल जाएंगे। कैरदा रोड के पास ग्राम लक्षीराम नगला में विश्व का सबसे ऊंचा अशोक स्तंभ निर्माणाधीन है। इसके बन जाने पर पूरे विश्व से पर्यटकों का आवागमन होगा। इस लिहाज से भी इसके पास से ही दक्षिण दिशा में नया बाईपास बना उपयुक्त रहेगा। उन्होंने कहा निर्माणाधीन अशोक स्तंभ के पास से निकलने वाली बहवलपुर से प्राचीन बाबा की बगिया होते हुए, विशुनगढ़ रोड तक सड़क का चौड़ीकरण अति शीघ्र किया जाए। इसके साथ ही ग्राम पंचायत छिबरामऊ देहात को छिबरामऊ नगर में शामिल किया जाए ताकि नगर के विकास कार्यों के लिए और अधिक जमीन उपलब्ध हो सके।

## सिकंदरपुर में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर में 15 फरवरी (रविवार) को दोपहर 12 बजे आरकेडी पब्लिक स्कूल में विश्वगुरु हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन में क्षेत्र के नागरिकों एवं हिंदू समाज के लोगों को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रमेश जी (प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख) उपस्थित रहेंगे, जो हिंदू संस्कृति, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक एकता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य समाज में जागरूकता, संगठन एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक लोगों से सहभागिता की अपील की जा रही है। आयोजकों ने सभी नागरिकों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत, पिता घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर में नेशनल हाईवे के फर्रूखाबाद चौराहे पर भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियों को चकनाचूर कर दिया। ग्राम कुंवरपुर कंडौली निवासी रंजू अपनी पत्नी साधना, 6 वर्षीय बेटी खुशी और 3 वर्षीय बेटे कार्तिक के साथ बाइक पर ससुराल (पिपरिया गांव) जा रहे थे। साधना के भाई की कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए पूरा परिवार उत्साह से निकला था।

नगर के फर्रूखाबाद चौराहे के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग सड़क पर जा गिरे। 6 वर्षीय मासूम खुशी ट्रक की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पिता रंजू की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज, तिर्वा रेफर कर दिया गया है। मां साधना को भी चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां बच्ची को मृत घोषित किया गया। अस्पताल में साधना की करुण चीखें गूंजती रहीं। जिस घर में खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां अब मातम छा गया है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल नहीं होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। विधायक में से ट्रैफिक सिग्नल लगवाने के लिए विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय से निवेदन किया गया था। उम्मीद है कि वह जल्दी ही इस पर कार्रवाई करेंगी।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कारण स्पष्ट नहीं

▸ सुबह 6 बजे मां को मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था मृतक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

ग्राम अतिराजपुर के पास सुबह करीब 8:30 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई। स्थानीय निवासी पिंकू दुबे ने अपने खेत में खड़े नीम के पेड़ पर एक युवक को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। मृतक की पहचान ग्राम मदारपुर निवासी योगेंद्र कठेरिया के रूप में हुई। पिंकू दुबे ने तुरंत परिजनों को सूचित किया। पिता राजेश कठेरिया, मां शिवरानी सहित अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और बेटे का शव देखकर फूट-फूटकर रो पड़े। कसावा चौकी प्रभारी संजय मौर्य पुलिस टीम के साथ पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। मृतक के पिता राजेश ने बताया कि योगेंद्र मजदूरी करता था। वह सुबह 6 बजे मां शिवदेवी को मजदूरी पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह पांच भाइयों में चौथा था और अविवाहित था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया हैं।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाने के लिए शुरू किया संग्राम

▸ 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर की कदीर वाली गली स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष शाकिर हुसैन एडवोकेट ने प्रेस वार्ता कर कहा कि 20 वर्ष पूर्व यूपीए-1 सरकार ने मनरेगा लागू कर संविधान के काम के अधिकार को साकार किया। इसने ग्राम पंचायतों को मजबूत किया और कोविड-19 जैसे संकट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा बनी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश रच रही है, जो गरीबों की गरिमा और सुरक्षा के लिए खतरा है। कांग्रेस प्रतिबद्ध है कि मनरेगा को मूल रूप में बहाल होने तक यह लड़ाई सड़क से संसद तक जारी रहेगी। 3 जनवरी से शुरू ÷मनरेगा बचाओ संग्राम÷ में प्रदेश भर में 5000 से अधिक चौपाल आयोजित हो चुके हैं। 13 फरवरी को सभी 75 जनपदों में पदयात्राएं हुईं। अब दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव होगा। कार्यकर्ता केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने और संघीय ढांचे को कमजोर करने के प्रयास का विरोध करेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की है। प्रेस वार्ता में पीसीसी सदस्य संजय पौल, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, अमोल दीक्षित, मेराज वारसी, आसिफ सिद्दीकी, अवध बिहारी दीक्षित, आमिर खान, हाकिम रब्बी, सम्राट दीक्षित, बब्बल शर्मा सहित कई नेता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### हर-हर महादेव जय घोष के साथ होगा जलाभिषेक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** महाशिवरात्रि के पर्व पर शक्तिपीठ गमा देवी में प्रातः 11 बजे से विश्वनाथ ममनाथ पुरारी। त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी। संपुट मंत्र के साथ श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ जलाभिषेक के साथ होगा। 16 फरवरी सोमवार को पाठ का विराम रुद्र महायज्ञ के साथ होगा। यह जानकारी देते हुए शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि आज महाशिवरात्रि के दिन शास्त्रीय मान्यता के अनुसार गौरा पार्वती भगवान शंकर जी का विवाह हुआ था। आज ही के दिन भगवान शंकर जी की बारात श्रद्धा भक्ति से निकलती है। काशी तो पूरा शिव मय हो जाता है। महाशिवरात्रि पर श्री रामचरितमानस पाठ सुनने एवं यज्ञ में सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए पंडित बनारसी दास शास्त्री ने श्रद्धालुओं से अपील की है।

### महाशिवरात्रि से पहले प्रशासन अलर्ट,डीएम-एसपी ने किया पैदल गश्त

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना विशुनगढ़ क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की तथा आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए सहयोग की अपील की गई। इस दौरान क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम के 40 बुजुर्गों ने संगम में किया माघ स्नान

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** समाज कल्याण विभाग की ओर से कन्नौज के वृद्धाश्रम में रह रहे 40 बुजुर्गों को प्रयागराज के माघ मेले में संगम स्नान कराया गया। विभाग ने सभी बुजुर्गों को सुरक्षित बस से संगम तक पहुंचाया, जहां उन्होंने श्रद्धा भाव से स्नान कर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्हें मेला क्षेत्र में बनाए गए अस्थायी आश्रम में ठहराया गया, जहां भोजन, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्य जांच की समुचित व्यवस्था की गई। मेले के आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव कर बुजुर्ग भावुक हो उठे और उन्होंने इस पहल के लिए समाज कल्याण विभाग व सरकार के प्रति आभार जताया। अधिकारियों के अनुसार वृद्धजनों की धार्मिक व सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल लगातार जारी है। पिछले वर्ष भी कन्नौज वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को माघ मेले में स्नान कराया गया था। विभाग की इस पहल से बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ नजर आई।

### गोदभराई-वर रक्षा के बाद वर पक्ष ने शादी से किया इंकार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रिश्ता तय हुआ और जल्द शादी होने की खबर पर मानों अपने सुनहरे जीवन के सपने संजोये बैठी कीर्ति उदास सी नजर आने लगी। गोदभराई और वरीक्षा की रस्में पूरी होने के बाद वर पक्ष द्वारा दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर शादी से इंकार किया गया तो वधू पक्ष के लोग वर पक्ष पर कार्यवाही की लेकर थाने पहुंच गए और न्याय की फरियाद लगाई। जानकारी के मुताबिक कन्नौज के कोतवाली गुरसहायगंज के भवानीपुर प्रताप निवासी स्व. रामशरन के परिवार में बड़ी बेटी कीर्ति के अलावा छोटी बेटी 17 वर्षीय छोटी के अलावा दो भाई 15 वर्षीय सत्यम और 13 वर्षीय अमन हैं। विगत दिनों परिवार में कीर्ति के दाऊ के पुत्र सुमित और अन्य परिजनों ने कीर्ति की शादी ठठिया थाना क्षेत्र के गांव अड्डापुर्वा गांव निवासी बिकास पुत्र रवींद्र के साथ तय की थी। सुमित के मुताबिक बीती 16 जनवरी 2026 को वैवाहिक कार्यकम में गोदभराई और वरीक्षा का कार्यक्रम भी संपन्न हो गया था। शादी की तिथि अभी निर्धारित होना बाकी था।

## राशन लेने जा रही महिला की रास्ते में गिरकर मौत

**कन्नौज।** घर से राशन लेने के लिए निकली एक महिला की रास्ते में अचानक गिरने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक कन्नौज जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के गांव औसेर निवासी बाबूराम दोहरे की 65 वर्षीय पत्नी प्रेमा देवी शनिवार को घर से राशन लेने के लिए निकली थीं। रास्ते में अचानक चक्कर आने से तबियत बिगड़ी और वह सड़क पर गिर गईं। पहली बार में तो महिला उठ गई लेकिन चंद सेकेंड बाद महिला पुनः सड़क पर गिर गई। इस बार महिला की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो हड़कंप मच गया। परिजनों द्वारा महिला को स्थानीय हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी। महिला की मौत पर परिजनों के करुण क्रंदन का सिलसिला जारी था।

# अखिलेश ने पार्टी के समर्थकों से की मुलाकात, जाना हाल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सपा प्रमुख और जिले के सांसद अखिलेश यादव से पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं, समर्थकों का लगाव हर बार कुछ खास ही नजर आता है। शनिवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा कन्नौज जिले में दाखिल हुए अखिलेश यादव के लखनऊ से इटावा जाने के दौरान नजर आया।

बताते चलें कि, शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक्सप्रेस वे के रास्ते लखनऊ से इटावा जाने को रवाना हुए थे। जैसे ही अखिलेश का काफिला तिर्वा क्षेत्र के गागेमऊ के निकट पहुंचने की खबर पार्टी के लोगों को हुई तो कार्यकर्ता और समर्थक मौके पर पहुंच गए। यहां झंडे दिखाकर और हांथ हिलाकर अखिलेश के काफिले को रुकने का इशारा कार्यकर्ताओं ने किया। सड़क पर खड़े पार्टी के लोगों को देख अखिलेश का काफिला रुका तो मौके पर पहुंचे लोग उनकी गाड़ी की ओर दौड़ पड़े। अखिलेश ने पार्टी के लोगों से हाल चाल जानने के बाद जिले की व्यवस्थाओं का भी पुरसाहाल लिया। हाथों में समाजवादी झंडे और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे लगा रहे पार्टी समर्थकों की भीड़ से मुलाकात करने के दौरान अखिलेश की सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों को भी अच्छी खासी मशक्कत करते देखा गया।

मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने अखिलेश को अपनी अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र भी दिए। चंद मिनट रुकने के बाद अखिलेश का काफिला इटावा के लिए रवाना हो गये।

## एक्सप्रेस वे पर राजस्थान से बिहार जा रहा कंटेनर पलटा



**कन्नौज।** नमक की बोरियों को लादकर राजस्थान से बिहार जा रहा एक कंटेनर अनियंत्रण के कारण एक्सप्रेस वे पर पलट गया।

जानकारी के मुताबिक, बीती रात एक बजे के करीब राजस्थान से बिहार की ओर जाने के लिए एक कंटेनर नंबर आर.जे 05 जी.सी0980 नमक की बोरियों को लादकर रवाना हुआ था। कंटेनर को चालक हरिओम पुत्र मन्नालाल निवासी गोवाउ ,कुरावली आगरा चला रहा था, जबकि परिचालक उपरोक्त निवासी रामू पुत्रा मुकेश भी कंटेनर पर सवार था। रात एक बजे के करीब जैसे ही कंटेनर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर ठठिया थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 210+900 प्वाइंट पर पहुंचा,तभी अनियंत्रण के कारण लखनऊ जाना वाली साइड की ओर पलट गया। दुर्घटना की जानकारी पर मौके पर यूपीडा टीम, पीआरवी आदि मौके पर पहुंच गई। हादसे में चालक और परिचालक सुरक्षित बताए गए हैं। हाइवे पर सड़क पर पलटे कंटेनर से जाम की स्थित पैदा हुई तो यूपीडा कमचारियों ने हाइड्रा की मदद से कंटेनर को साइड में करवाने और सड़क पर फैली पड़ी बोरियों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सामान्य कराई।

# न हो परेशान, नहीं निकाले जाएंगे आउटसोर्सिंग कर्मी

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को उनके पद से नहीं हटाया जाएगा कोई भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी परेशान ना हो उच्च अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। इसके साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारी एवं सेवानिवृत्ति शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है। यह जानकारी देते हुए शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रदेश के कई मंडलों के अधिकारियों ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने की बात कही है यह भ्रामक खबर को सही ना माना जाए किसी भी कर्मचारी की सेवा समाप्त नहीं की जाएगी पुरानी कंपनी ने नई कंपनी को सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी का डाटा हैंडोवर कर दिया है इसके अलावा जनपदों से सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी का डाटा भेजा जा चुका है उन्होंने कहा कि कोई भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी परेशान ना हो उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई है। उन्होंने बताया कि किसी भी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को निकाला नहीं जाएगा प्रदेश सरकार निगम बनाने पर विचार कर रहा है निगम बनने के बाद सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को निगम में समायोजन किया जाएगा। प्रदेश में लगातार आउटसोर्सिंग कर्मचारी की रक्षा के लिए कर्मचारी महासंघ लगातार काम कर रहा है जिसके लिए प्रदेश महासचिव अवधेश मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी इस कार्य को करने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारी को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिलाने का प्रयास संगठन का चल रहा है कई जनपदों से पत्र भी मांगे गए हैं जो सीधे मुख्यमंत्री को भेजे जा रहे हैं उन्होंने आह्वान किया कि सभी जनपदों के कार्यकर्ता एवं आउटसोर्सिंग कमी प्रदेश के मुख्यमंत्री को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिलाये जाने के लिए पंजीकृत डाक से पत्र भेजें। उन्होंने आह्वान करते हुये कहा कि कोई भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें और घबराएं नहीं किसी को भी उनके पद से नहीं हटाया जाएगा।

# बाइक-मोबाइल छीनकर भागने वाला शातिर गिरफ्तार

▸ कन्नौज के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के गांव कनेकपुर का है मामला



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बीती 7 नवंबर को धोबीघाट रोड गोपालपुर के पास से बाइक की चोरी और बीती 8 नवंबर को इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के नौसारा पुलिया के पास से एक बाइक सवार से मोबाइल छीनकर भागने के मामले में एक शातिर युवक को इंदरगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताते चलें कि, इंदरगढ़ थाना प्रभारी नीलम सिंह ने पुलिस बल के साथ जिले के थाना तालग्राम के गांव निकवा निवासी 19 वर्षीय राजा पुत्र बंटी गिहार को कनेकपुर गांव से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए उपरोक्त शातिर युवक के पास से पुलिस ने चोरी की उपरोक्त नंबर की बाइक और एक बाइक सवार से छीना गया मोबाइल भी बरामद किया है। तलाशी के दौरान पकड़े गए युवक के पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस 315 बोर, भी बरामद होने की बात कही है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए युवक ने अपना जर्म भी स्वीकार किया है।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए युवक के खिलाफ आसपास के जिलों के थानों में भी आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उपरोक्त मामलों में मुकदमा दर्ज किए जाने और युवक की गिरफ्तारी के बाद उसको पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# महाशिवरात्रि को लेकर पांडेश्वरनाथ मंदिर में शनिवार को चलती रहीं तैयारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महाशिवरात्रि को लेकर पांडेश्वर नाथ मंदिर में तैयारियां को अंतिम रुप दिया गया। शनिवार को पूरे दिन तैयारियां होती रहीं। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से आज मंदिर परिसर में पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर शहर स्थित प्राचीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। द्वापर कालीन इस ऐतिहासिक मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर के पुजारी गोपाल शर्मा ने जानकारी दी कि महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। साफ-सफाई के पश्चात सुबह 5:00 बजे से श्रद्धालुओं को दर्शन और जलाभिषेक के लिए प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 6:00 बजे भगवान का विशेष प्रातः कालीन मंगला पूजन संपन्न होगा।


पांडेश्वरनाथ मंदिर में चल रहीं तैयारियां

सैकड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए शनिवार से ही मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग का काम शुरू कर दिया गया है। मंदिर को भव्य रूप देने के लिए आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिस के जवान मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर गर्भगृह तक मुस्तैद रहेंगे ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि पांडेश्वर नाथ मंदिर अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है, जहाँ हर साल शिवरात्रि पर आस्था का सैलाब उमड़ता है।

## महाशिवरात्रि को लेकर प्राचीन रामेश्वरनाथ मंदिर में भी चलती रहीं तैयारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कंपिल में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्राचीन श्री रामेश्वर नाथ, कालेश्वर नाथ मंदिर, कपिल मुनि आश्रम, वर खंडी नाथ और श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में शनिवार को देर शाम तक तैयारियां चलती रहीं। महाशिवरात्रि पर भक्तों की यहां भारी भीड़ उमड़ने की प्रबल संभावना है।

शनिवार सुबह से ही भक्त कांवड़ सजाकर गंगाजल भरने के लिए कंपिल घाट एवं अटैना घाट पर पहुंचने लगे। मंदिर के महंत आनंद गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि आत्मशुद्धि और भक्ति का विशेष पर्व है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष इंतजाम किए जाते हैं। आयोजनों में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि की रात में शिव–पार्वती विवाह का आयोजन होगा। कंपिल स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग का पौराणिक महत्व है। मान्यता है कि यह वही त्र्यम्बक नामक शिवलिंग है जिसकी पूजा कर कुबेर धनाधीश बने थे। बाद में रावण इसे पुष्पक विमान के साथ लंका ले गया और चंडीश्वर के नाम से इसकी पूजा कर त्रिलोक विजेता बना। लंका प्रवास के दौरान माता सीता अशोक वन में इसी शिवलिंग की पूजा करती थीं। लंका विजय के बाद भगवान राम इसे अयोध्या लाए थे। उन्होंने अपने अनुज शत्रुघ्न को मथुरा में लवणासुर का वध करने जाते समय इस शिवलिंग को पवित्र स्थल पर स्थापित करने के लिए दिया था। शत्रुघ्न ने गंगा तट कंपिल में इस शिवलिंग को स्थापित किया। जिससे इसे उपज्योतिर्लिंग की मान्यता मिली। सेतुबंध रामेश्वरम में स्थापित शिवलिंग के बाद इसके पूजन का महत्व दूसरे स्थान पर माना जाता है। महंत आनंद गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर रामेश्वर नाथ मंदिर में सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही है।


तैयारियों में जुटे भक्तगण

# थाना समाधान दिवस में आयीं आधा दर्जन शिकायतें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर थाने में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सबसे अधिक जमीनी विवाद से संबंधित मामले सामने आए।

समाधान दिवस में खेत और अन्य जमीनी विवादों से जुड़े लगभग छह प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर राजस्व टीम के लेखपाल और कानूनगो भी मौजूद रहे। राजस्व टीम ने जमीनी विवादों से संबंधित इन प्रार्थना पत्रों पर फरियादियों को आश्वासन दिया। टीम ने बताया कि दो दिन के भीतर पैमाइश करके इन सभी विवादों का निस्तारण कर दिया जाएगा। क्राइम इंस्पेक्टर कामता प्रसाद ने बताया कि जमीनी विवाद के जो प्रार्थना पत्र आए थे, उन्हें राजस्व टीम को सौंप दिया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इन मामलों का जल्द ही निस्तारण कर दिया जाएगा।



शिकायतें सुनतें थानाध्यक्ष

# ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर 17 फरवरी को रेल रोको आंदोलन का ऐलान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही रेल ठहराव की मांग को लेकर अब भारतीय किसान यूनियन स्वराज ने आर-पार की जंग का एलान कर दिया है। संगठन द्वारा आगामी 17 फरवरी मंगलवार को शमशाबाद रेलवे स्टेशन पर दोपहर 12 बजे कानपुर-कासगंज पैसेंजर ट्रेन को रोककर सांकेतिक प्रदर्शन किया जाएगा। भाकियू स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में सुबह 07:15 बजे फर्रुखाबाद से कासगंज की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 15041 और सुबह 10:30 बजे कानपुर की ओर जाने वाली ट्रेन संख्या 15040 का शमशाबाद स्टेशन पर ठहराव नहीं है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का यहाँ स्टॉपेज है, लेकिन इन दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के न रुकने से क्षेत्र की जनता को भारी असुविधा और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आंदोलन के दौरान कार्यकर्ता न केवल ट्रेन रोककर विरोध दर्ज कराएंगे, बल्कि जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक मांग पत्र भी मौके पर मौजूद सक्षम अधिकारी को सौंपेंगे। संगठन का तर्क है कि यदि इन ट्रेनों का ठहराव शमशाबाद में सुनिश्चित होता है, तो स्थानीय जनता को सुरक्षित, सुलभ और किफायती यात्रा की सुविधा मिल सकेगी। जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों से इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है, ताकि रेलवे प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके। इस आंदोलन की घोषणा के बाद से ही रेल प्रशासन और स्थानीय पुलिस अलर्ट मोड पर है।

# नवाबगंज टाउन के लिए नये फीडर का विधायक ने किया शुभारंभ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत उपकेंद्र में शनिवार को अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने नवाबगंज टाउन के लिए एक अलग फीडर का पूजन कर शुभारंभ किया। इस पहल से नगर पंचायत के उपभोक्ताओं को अब बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी।

विधायक सुशील शाक्य ने बताया कि अब तक नवाबगंज टाउन को विभिन्न फीडरों से बिजली मिलती थी। जिससे आए दिन फॉल्ट होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी होती थी। नए अलग फीडर के शुरू होने से नगर पंचायत के उपभोक्ताओं को प्रतिदिन साढ़े इक्कीस घंटे बिजली आपूर्ति मिलने लगेगी। एक्सईएन ग्रामीण शिवशंकर ने आश्वासन दिया कि सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से यह भी कहा कि यदि किसी का बिल गलत आ रहा है, तो उसे ठीक कराया जा सकता है। इस अवसर पर एसडीओ धर्मेन्द्र सिंह, जेई अब्दुल मजीद, नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, योगेन्द्र सिंह राठौड़, स्वदेश, भाजपा नेता पूर्व प्रधान उखरा उमेश चंद्र दीक्षित, अखिलेश भारद्वाज, लाइनमैन वीर सिंह, प्रदीप कुमार, अनिरुद्ध सिंह, हुकुम सिंह, प्रमोद कुमार, एसएसओ दीप सिंह और जनसेवक राहुल यादव राज, आशीष यादव, प्रदीप यादव सहित कई विद्युत कर्मी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


नये फीडर का शुभारंभ करते विधायक

## गाजियाबाद में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाजियाबाद में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने मामले में शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर निवासी संतोष के रूप में हुई है। जो गाजियाबाद में निजी नौकरी करते थे। पत्नी मोनी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कुछ लोगों पर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद संतोष का शव एम्बुलेंस से उनके पैतृक गांव हरिहरपुर लाया गया। शव घर पहुंचने पर परिवार में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। उपनिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंदरों के हमले में छत से गिरकर वृद्ध महिला की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बंदरों के हमले से 75 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला अपने घर की छत पर चने सुखा रही थीं, तभी बंदरों ने उस पर हमला कर दिया। जिससे वह भागी, तभी असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम खुड़नाखार निवासी वीरवती गंगवार उम्र करीब 75 वर्ष शनिवार को छत पर चुने सुखा रही थी, तभी अचानक उस पर बंदरों ने हमला कर दिया। बंदरों के हमले से घबराई महिला ने भागने की कोशिश की। इस दौरान वह असंतुलित होकर छत से नीचे गली में गिर गई। गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी बाहर निकले और महिला को अचेत अवस्था में पाया। परिजनों ने महिला को अस्पताल ले जाने की तैयारी की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतका वीरवती पत्नी शेखर चंद्र गंगवार थीं। उनकी एक विवाहित पुत्री प्रीति हैं। जिनके दामाद नोएडा में कार्यरत हैं।

शमशाबाद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में खूंखार बंदरों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। ये बंदर न केवल किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि घरों में भी लोगों के लिए खतरा बन गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब बंदरों का झुंड खेतों में घुसता है, तो फसलें बर्बाद हो जाती हैं। छोटे बच्चे जब दुकानों पर सामान खरीदने जाते हैं, तो उन पर भी बंदर हमला कर देते हैं। किसानों का कहना है कि पहले आवारा गोवंश और जंगली सुअर फसलों के दुश्मन थे, अब बंदर भी खेत.खलिहानों से लेकर घरों तक मुश्किलें खड़ी कर रहे हैं।


रोते बिलखते मृतका के परिजन

# बाइक-टेंपो की टक्कर में चार लोग घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज के कंपिल रोड पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक और टेंपो की आमने-सामने टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी जिले के थाना बिछुआ के ग्राम तेजपुर निवासी विवेक कुमार अपने चचेरे भाई विक्रम और बाबा मोरपाल के साथ बाइक पर सवार होकर अटेना घाट गंगा जल लेने जा रहे थे। उनकी बाइक कंपिल रोड स्थित एक मंदिर के पास पहुंची थी, तभी यह हादसा हुआ। सामने से आ रहे एक टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार विवेक और विक्रम के साथ-साथ टेंपो में सवार मोंटी पुत्र पप्पू निवासी कटरा बदायूं और अनिकेत निवासी शिकोहाबाद फिरोजाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मोरपाल और मौसी मोहिनी पत्नी पिंटू निवासी एटा को भी चोटें आईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटनास्थल पर चीख.पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

इसके बाद सभी घायलों को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने विवेक, विक्रम और अनिकेत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मोंटी ने बताया कि वह टेंपो से अपने रिश्तेदारों को कंपिल छोड़ने जा रहा था, जबकि घायल विवेक गंगा स्नान के लिए अटेना जा रहा था।


सीएचसी में भर्ती घायल

# पुलवामा शहीदों को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को कृष्णा देवी बालिका डिग्री कालेज आवास विकास में पुलवामा हमला ब्लैक-डे के उपलक्ष्य में 14 फरवरी 2019 को हुई संवेदनशील घटना को स्मरण करते हुए वीर शहीद सी.आर.पी.एफ. जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्राचार्या डॉ0 रुबी यादव ने बताया कि यह दिन हमारे राष्ट्र के इतिहास में शोक और गर्व दोनों भावनाओं के साथ अंकित है। आज के दिन जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों द्वारा हमारे सुरक्षा बलों के काफिले पर कायरतापूर्ण हमला किया गया, जिसमें सी.आर.पी.एफ.के 40 वीर जवान शहीद हो गये। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंक संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। पुलवामा हमला केवल सुरक्षा बलों पर हमला नहीं था, बल्कि पूरे भारत की आत्मा पर प्रहार था, परन्तु हमारे देश की विशेषता यह है कि हर संकट हमें और मजबूत बनाता है। हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर राष्ट्रकी रक्षा की है। उनका बलिदान हमें सदा प्रेरित करता रहेगा। साथ ही साथ प्राचार्या रुबी यादव ने यह भी बताया कि एक शैक्षणिक संस्थान के रुप में हमारा कर्तव्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना भी है। हमें अपने युवाओं में राष्ट्र भक्ति, अनुशासन, सहिष्णुता और एकता की भावना को विकसित करना चाहिए, क्योंकि आतंकवाद का उत्तर नफरत से नहीं, बल्कि जागरुकता, एकजुटता और मजबूत राष्ट्रीय चरित्र से दिया जा सकता है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम देश की एकता और अखण्डता की रक्षा करेंगे, समाज में शांति और सद्भाव बनाये रखेंगे। यही हमारे शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्रायें व शिक्षकगण

# श्रृंगीरामपुर मेले में गूंज रहे बम-बम भोले के जयकारे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के श्रृंगीरामपुर में महाशिवरात्रि मेले में शनिवार को लगभग दो लाख श्रद्धालु पहुंचे। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर यहां भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष गूंज रहे थे।

श्रद्धालु अपने-अपने क्षेत्रों के शिवालयों में गंगाजल से अभिषेक करने के उद्देश्य से यहां आ रहे हैं। वे पहले गंगा तट पर स्नान करते हैं। विधि-विधान से जल भरते हैं और फिर कावड़ लेकर पैदल यात्रा शुरू करते हैं। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के जालौन, औरैया, इटावा, मैनपुरी और हरदोई जैसे जनपदों से भी भक्तों की टोलियां पहुंच रही हैं। श्रृंगीरामपुर चौराहे के पास एक किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य मेला सजा हुआ है। यहां कावड़ सजाने के लिए आकर्षक सामग्री, पूजा-पाठ का सामान, शिव झंडे और डमरू जैसी धार्मिक वस्तुएं उपलब्ध हैं। दुकानों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। स्थानीय प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय है। जालौन से आए श्रद्धालु रामवीर सिंह ने बताया हम हर वर्ष यहां आकर गंगाजल भरते हैं। यहां का वातावरण अत्यंत पवित्र और ऊर्जावान रहता है। मध्य प्रदेश के भिंड जिले से आए दीपक शर्मा ने कहा कि श्रृंगीरामपुर में गंगाजल भरने की विशेष मान्यता है और वे पूरी श्रद्धा के साथ अपने गांव के शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। कुल मिलाकर श्रृंगीरामपुर का कावड़ मेला आस्था, अनुशासन और उत्साह का अनूठा उदाहरण बन गया है। जहां हर ओर शिवभक्ति की गूंज सुनाई दे रही है।


श्रृंगीरामपुर का ऐतिहासिक मंदिर जहां लगा हुआ है मेला

▶ आज दूरदराज के भक्त आकर चढ़ायेंगे कांवर

## तमंचा सहित एक गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर अपराध एव अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कम्पिल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त महिपाल उम्र 36 वर्षीय पुत्र हरी सिंह निवासी नगला भजन थाना पिलुआ जनपद एटा को मय एक 315 बोर नाजायज तमन्चा व एक कारतूस के साथ गिफ्तार किया है। पुलिस ने उसका मेडीकल परीक्षण करवाकर न्यायलय में पेश किया।

## दबंगों ने वृद्धा को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव श्याम नगर निवासी विरमा देवी गिहार उम्र 70 वर्षीय पत्नी चन्द्रपाल गिहार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उनका धेवता अंकित गिहार पुत्र विनोद गिहार अपना ई-रिक्शा लेकर घर से जा रहा था, तभी गाँव के छोटू, ध्रुव, बब्लू, शिवनन्दन गाली-गलौज करने लगे। विरमा ने गाली देने का विरोध किया, तो उक्त लोगों ने वृद्धा विरमा को जमीन पर गिराकर लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने वृद्धा के प्रार्थना पत्र पर मेडीकल परीक्षण करवाया।

# स्वयं सेवकों ने निकाली वृक्षारोपण और जन-जागरूकता रैली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का सफल आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य थीम प्रकृति रक्षिता रक्षति (प्रकृति सुरक्षित रहने पर ही हमारी रक्षा करती है) रही। शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना योग अभ्यास और (एनएसएस) के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। स्वयंसेवकों ने शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति के लिए विभिन्न योगासन किए। जिसके बाद सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। वृक्षारोपण और जन-जागरूकता रैली कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विद्यालय परिसर और गांव के मुख्य मार्गों पर 50 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। गांव की गलियों में जागरूकता रैली निकाली जिसमें पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ के गगनभेदी नारों के साथ ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया।

**बौद्धिक सत्र के विषय सतत विकास के लिए वृक्ष अनिवार्य**

मुख्य वक्ता के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर सत्यनारायण सिंह ने प्रकाश डालते हुए कहा कि सतत विकास का अर्थ है वर्तमान की जरूरतों को इस तरह पूरा करना कि आने वाली पीढ़ियों के संसाधनों से कोई समझौता न हो। जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी प्राकृतिक हथियार है। पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि भूजल स्तर सुधारने और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी सहायक हैं।

कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इन शिविरों का उद्देश्य केवल श्रमदान नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर समानता, समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना है।

शिविर के माध्यम से छात्र समाज की जमीनी हकीकत से रूबरू होते हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, ग्राम प्रधान और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।


रैली निकालते स्वयं सेवक


वृक्षारोपण करते स्वयं सेवक

# सपा नेताओं ने बड़ी संख्या में फिर पकड़े फर्जी फॉर्म 7, कार्रवाई की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया दिन-प्रतिदिन विवादित होती जा रही है, हर रोज कहीं न कहीं जीवित और वैद्य मतदाताओं के फर्जी फॉर्म 7 बरामद हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों पर कार्यवाही अथवा इसकी रोकथाम के कोई प्रयास कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव/अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने इस मामले को संज्ञान लेते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग को इसकी निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। फर्रुखाबाद के अलावा कई अन्य जनपदों में भी ऐसे में समाजवादी पार्टी ने पकड़े है, लेकिन उसके बावजूद अभी तक आयोग की ओर से कोई कार्यवाही

**▸ निर्वाचन आयोग निष्पक्ष जांच कराकर करें कार्रवाई डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव**

नहीं की गई है। जनपद की 194 विधानसभा सदर के नवाब दिलावर जंग बूथ संख्या 276 पर 66 फॉर्म, 277 पर 130 फॉर्म तथा बजरिया बड़ा खेल बूथ संख्या 278 पर 14 फॉर्म फर्जी तरीके से भरकर दिए जाने की सूचना जिला महासचिव इलियास मंसूरी को मिली। उन्होंने तुरन्त जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को अवगत करवाया और मौके पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी पहुंचे। फर्जीवाड़े के शिकार क्षेत्रीय मतदाताओं ने बताया कि हमारे सबके नाम काटने के लिए फर्जी फॉर्म 7 में वैभव सक्सेना, रंजीत कश्यप एवं उमेश कश्यप को आवेदनकर्ता बनाकर सुपर वाइजर संजीव दुबे लेखपाल ने ये फॉर्म बीएलओ दिए हैं। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बताया कि भाजपा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करके लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचलने का प्रयास कर रही है, हम लोग लगातार इस तरह से भरे गए फर्जी फॉर्म की शिकायत तथ्यों के साथ जिम्मेदार



शिकायतकर्ताओं के साथ सपा नेता

उच्चाधिकारियों से कर रहे हैं। ऐसी घटना व फर्जीवाड़ा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बताया कि संबंधित बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है कि मतदाताओं को सूचित किए बिना ही हस्ताक्षर करके सम्मिट करो, जिससे ये वोट कट जाएंगे, जबकि ये सभी लोग जीवित और वैद्य मतदाता मौके पर मौजूद हैं। जिला सह0 प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि नैतिक रूप से हार चुकी भाजपा हार का सामना करने से डर रही है। इसीलिए इस तरह के काले कारनामे सामने आ रहे हैं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर मुख्तार आलम, नियुक्त बीएलए, बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित रहे।

# दिव्यांग शिविर उपकरण वितरण के साथ हुआ संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसएन साध ट्रस्ट व डॉ. रजनी सरीन के संयोजन में दिव्यांग शिविर के तीसरे व अंतिम दिन भीड़ उमड़ी। एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी राकेश साध व चमकेश साध ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। व्यवस्था मधु साध, प्रिया साध, रितेश साध, राहुल साध, रोहित गर्ग ने संभाली। कई वर्षों से चल रहे शिविर में मरीजों को मूल भूत सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया जाता है। शनिवार को समापन अवसर पर कान की समस्या से परेशान मरीजों को स्पेशलिस्ट डॉ0 शिखर सक्सेना ने परीक्षण कर कान की मशीन दी व दवाई उपलब्ध करायी। जयपुर से आई विशेष टीम में मनीष, गणेश, विनोद, दिनेश, अवधेश, लोकेश, सीएस



दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल देते संस्था के पदाधिकारी

मलकानी, रमाकांत, हलदार, रोजन ने सहयोग किया। शिविर में 339 रजिस्ट्रेशन हुए। जिसमें मरीजों को 28 ट्राई साइकिल, 06 कृत्रिम हाथ, 20 व्हीलचेयर, 45 छड़ी, 26 कैलिपर, 20 कृतिम पैर, 19 वैशाखी, 25 वॉकर, 49 जूते, 85 कान की मशीन वितरित की गई। इस अवसर पर दृउदय पाल, गुंजा जैन, सुजीत वर्मा, विजय, नितिन, राहुल, प्रभात, नरेश, जगदीश, रॉबिन साध, शेखर साध मौजूद रहे।

## जेएन मेमोरियल स्कूल में माता-पिता सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जेएन मेमोरियल स्कूल घारमपुर में माता–पिता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों की प्रथम पाठशाला मां होती है और हमारे शास्त्रों में नारी के सम्मान की महती विशेषता को रेखांकित किया गया है। मुख्य अतिथि उद्यमी अनुराग तिवारी व समाजसेवी कनक तिवारी ने दीप प्रज्वलन व मां वागीश्वरी के चरणों में माल्यार्पण कर किया। बच्चों ने विभिन्न संस्कृत कार्यक्रमों का उत्कर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभागार में उपस्थित सभी गणमान्यों का छात्रों ने मन मोह लिया।
मुख्य अतिथि ने कहा कि यह सीखने का समय है, माता–पिता की अभिलाषाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने का समय है, इसलिए वर्तमान समय में सोशल मीडिया से दूर रहकर अपना मन पढ़ाई में पूरी तरह लगावे और राष्ट्र की सेवा करें। निदेशक दुष्यंत दुबे ने सभी का स्वागत किया। बच्चों ने जूडो कराटे का निदेशक पुष्कर भारद्वाज के निर्देशन में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अंशिका दुबे, तानिया गुप्ता, रेखा त्रिवेदी, रितु कटियार, माधव सिंह, संजीव तिवारी, अमन दुबे, अनुराग प्रकाश, डिंपल, रन्ना परमार आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस के शिविर में स्वयं सेवकों ने किया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सप्त दिवसीय विशेष शिविर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुबेरपुर में पांचवें दिन की शुरुआत दिन की शुरुआत सरस्वती वंदना, योग अभ्यास एवं छै के लक्ष्य गीत के साथ हुई।

मुख्य थीम प्रकृतिः रक्षिता रक्षति थी। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर एवं गांव के मुख्य मार्ग पर 50 पौधे लगाए, साथ ही गांव में रैली निकाल कर पेड़ लगाओ, प्रकृति बचाओ नारा लगाकर ग्रामीणों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर सत्यनारायण सिंह थे। उन्होंने ने कहा कि सतत विकास का उद्देश्य वर्तमान पीढ़ियों की आवश्यकताओं



वृक्षारोपण करते शिक्षक व स्वयं सेवक

को भावी पीढ़ियों की क्षमता से समझौता किए बिना पूरा करना है। सतत विकास के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है, क्योंकि यह जलवायु परिवर्तन से निपटने, वायु प्रदूषण कम करने और कार्बन को अवशोषित करके ऑक्सीजन प्रदान करने का सबसे प्रभावी प्राकृतिक तरीका है। पेड़ मिट्टी के कटाव को रोकने, भूजल स्तर को बढ़ाने, जैव विविधता को बनाए रखने और पारिस्थितिक तंत्र को स्वस्थ रखकर भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ, प्रकृति बचाओ एक आवश्यक संदेश है जो स्वस्थ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का यह विशेष शिविर समाज में समानता, समरसता जैसे मानवीय लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करता है।



सम्मानित होते गजेन्द्र सिंह

## स्काउट/गाइड प्रादेशिक परिषद की बैठक में गजेन्द्र सिंह व योगेश हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत स्काउट और गाइड संस्था की प्रादेशिक परिषद की बैठक 14 फरवरी शनिवार को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय रायबरेली रोड़ लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेई ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुई। एचडब्लूबी/एएलटी/एलटी को पार्चमेंट/आनरेबुल चार्ज का वितरण किया गया। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से जिला संगठन कमिश्नर गजेन्द्र सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त योगेश कुमार को सम्मानित किया गया। मण्डल व कई जनपदों के स्काउट गाइड व रोवर्स रेंजर ने भाग लिया। प्रादेशिक परिषद की बैठक में जनपद फर्रुखाबाद से मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा व आशीष कुमार जिला आयुक्त कब, जिला आयुक्त गाइड पुष्पा सिंह, जिला प्रादेशिक परिषद की सदस्य चमन शुक्ला ने भाग लिया।

## अजय प्रताप सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अजय प्रताप सिंह नेपाल में हो रही माउंट एवरेस्ट जी-1 ग्रेड इंटरनेशनल ओपन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत की तरफसे यू-केजी सीनियर पुरुष भार वर्ग में हिस्सा लेंगे। यह



अजय प्रताप सिंह

प्रतियोगिता नेपाल की राजधानी काठमांडू के दशरथ रंगशाला त्रिपुरेश्वर में 16 से 18 फरवरी 2026 को आयोजित होगी। इसके लिए जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. रजनी सरीन ने तथा प्रशिक्षक सुशांत गुप्ता, सत्यम मिश्रा, लिपिक मनोज कुमार, स्टेडियम स्टॉफतथा ओलंपिक संघ के सचिव अवनेंद्र सक्सेना एवं जनपद के खेल प्रेमियों ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# आप नेताओं ने मोदी-ट्रंप डील के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी के जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप सिंह शाक्य के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि मोदी-ट्रंप ट्रेड डील को तत्काल निरस्त करने एवं देश के किसानों, आम नागरिकों के हितों पर कुठाराघात, मोदी ट्रंप ट्रेड डील भारतीयों के लिए डेथ वारंट से किसान, जवान, युवा, व्यापारी बर्बाद होगें। कलेक्ट्रेट में धरना देते हुए आप नेताओं ने प्रदर्शन किया। नीरज प्रताप शाक्य ने कहा कि यह ट्रेड डील नहीं भारत के किसानों, व्यापारियों, आत्मनिर्भर भारत मेक इन इंडिया का डेथ वारंट है। इससे भारत का किसान बर्बाद होगा और हर साल अमेरिका से 12 लाख करोड रुपए का उत्पाद, 5 सालों में 500 बिलीयन डॉलर के उत्पाद भारत खरीदेगा। जिसमें पहली बार कृषि उत्पादन भी होंगे, जो भारत में 0 प्रतिशत टैक्स पर आएगा। यह डील मोदी को डराकर धमकाकर की गई है। जो की 140 करोड़ देशवासियों के लिए गुलामी साबित होने वाली है। साथ ही प्रतियां जलाकर विरोध किया। इस मौके पर नवीन कुमार शाक्य, सिद्धाराम यादव, राघवेंद्र सिंह यादव, सोनू कुशवाह, अंकित शाक्य, जगतपाल सिंह, गुड्डू शाक्य, पप्पू कुमार, राजेश यादव, अवनीश कुमार, कमलेश सिंह, अंकुश सिंह चौहान, मनोज सिंह शाक्य, आंचल प्रताप सिंह, पंकज सिंह चौहान, सोनू कुशवाह, राम सिंह दिवाकर, गेंदालाल जाटव मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मनाया गया त्रिमूर्ति शिव महोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी फतेहगढ़ में 90वी की त्रिमूर्ति शिव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अपर जिला अधिकारी दिनेश सिंह ने बताया विश्व के इतिहास और भूगोल के परिवर्तन का समय अब आ चुका है, शिव परमात्मा का आनंद नाथ बज रहा है, प्रकृति को आपदाएं, देश में मिसाइल युद्ध विश्व के विनाश का संकेत दे रहे हैं तो हम सबको जग जाना चाहिए। कर्नल सती ने बताया आपसी एकता एवं विश्वास को जीवन में जागृत करने के लिए ध्यान अर्थात राजयोग की बहुत जरूरत है।

हमारे अंदर का जो अंदर का जो जागत है उसको परिवर्तन करना ही राजयोग है। यहां आकर हम जानते हैं कि परम सत्ता निराकार सी परमात्मा



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व अन्य

जो शक्ति के पुंज है और चैतन्य है उनके साथ अपने मन को जोड़ना ही आत्म शुद्धिकरण करना है। कमांडेंट हरवीर सिंह की सिखलाई इन्फेंट्री सेंटर के कमांडेंट रहे हैं ने पुलवामा युद्ध, कारगिल युद्ध में जीत पाई थी और अपने देश का झंडा फहराया था। उन्होंने कई युद्ध में जीत प्रकार के अपने देश का नाम रोशन किया। वर्तमान समय यूनिवर्सिटी के चांसलर्स को सफलता का मार्ग दिखाया। कॉलेज में सब कुछ लाइन इन ऑर्डर में चले उसकी युक्ति बताते हैं। कुमारी दिव्या ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। बहन मीरा ने संचालन किया। बीके राधिका ने विचार रखे। शिवानी बहन, उषा, पुष्पा राधिका, गौरी, कमलेश उपस्थित रही।

## महाशिवरात्रि पर गंगाजल वितरण आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा धर्म समिति की ओर से रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में 501 लीटर गंगाजल भक्तों को वितरित किया जायेगा। यह जानकारी संस्था सचिव अविनाश सारस्वत ने दी है।

# वैलेंटाइन डे पर हिन्दूवादी नेताओं ने रेस्टोरेंटों पर चलाया छापामारी अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वैलेंटाइन डे पर हिन्दू रक्षा कानपुर मण्डल अध्यक्ष सनी गुप्ता के नेतृत्व में शहर के विभिन्न होटल व रेस्टोरेंट पर छापेमारी की गई। सनी गुप्ता ने कहा कि प्रेम प्रसंग, लव जिहाद, प्रेमी जोड़ों का मिलना जो गलत संगत का असर समाज पर पड़ता है। जिसको लेकर हिन्दू रक्षा दल ने पूरे दिन वैलेंटाइन डे पर पहरेदारी की। जिसको लेकर कई रेस्टोरेंट संचालकों से नोकझोंक भी हुई। सनी गुप्ता ने बताया कि भारतीय संस्कृति में लड़के-लड़कियों का इस तरह मिलना गलत है। अपनी संस्कृति को बरकरार रखते हुए होटल, रेस्टोरेंट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कई युवक-युवतियां चलते बने। कई लोगों से बहस भी हुई। यह



होटल में छापामारी करते हिन्दूवादी नेता

अभियान देर शाम तक चलता रहा। हिन्दूवादी नेताओं ने कई युवकों को चेतावनी देकर छोड़ा। इस मौके पर विनीत बाजपेई, शिवम् गुप्ता, गौतम कुमार, सत्यम गुप्ता, ईशु दीक्षित, ऋषभ गुप्ता, आशीष राजपूत, ऋषभ त्रिवेदी, सिवा सम्राट, मोनू दुबे, लवी सैनी, शुभम शर्मा, कन्हैया बाजपेई आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने बोर्ड परीक्षा के कंट्रोल रुम का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में संचालित उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के कंट्रोल रूम व राजकीय इंटर कालेज में परीक्षा की तैयारियों का निरीक्षण किया। डीएम ने

**▸ राजकीय इंटर कालेज में परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा**

निर्देशित किया कि सभी जगह की सी0सी0टी0वी से निगरानी समुचित तरीके से की जाये, किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई भी अवांछित गतिविधि होने पर तत्काल सूचित किया जाये, सभी केंद्रों पर प्रश्नपत्र समय से उपलब्ध कराएं जाए।

## डीएम-एसपी ने ब्लैक स्पॉट का किया निरीक्षण



ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण करते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में दुर्घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने अभय वर्मा क्षेत्राधिकारी (यातायात, अंकित कुमार अवर अभियन्ता (निर्माण खण्ड) लोक निर्माण विभाग व थानाध्यक्ष राजेपुर के साथ शेराखार, डबरी, मेहमदपुर गढ़िया, गांधी मोड़, निबिया चौराहा, जमापुर चौराहा ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया तथा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण भी किया। ब्लैक स्पॉट पर लिंक मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने, स्ट्रीट लाइट लगाने व राजमार्ग पर दोनों ओर रिपीटेड बार लगाने, जहाँ स्लोव ज्यादा है उसे सही कराने व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के बोर्ड तत्काल लगाने तथा किनारे की झाड़ियों की सफई हेतु निर्देशित किया गया।

# सेवानिवृत्त प्रा.शि.क. परिषद की कमालगंज शाखा का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय सेवा निवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने जनपद की कमालगंज शाखा की कार्यकारिणी कई वर्षों से निष्क्रिय चल रही थी। जिससे पेंशनरों की समस्या का समुचित समाधान, निराकरण नहीं हो पा रहा था। परिषद के अध्यक्ष व महामंत्री के आदेशानुसार विकास खण्ड क्षेत्र कमालगंज के संयोजक समिति का गठन किया गया। जिसमें कमालगंज



नवीन कार्यकारिणी के साथ विजय बहादुर यादव

के पेंशनरों की समस्या का निराकरण किया जा सके। कमालगंज शाखा संयोजक कश्मीर सिंह यादव बने। सह संयोजक की जिम्मेदारी शकील अहमद खां को मिली। सदस्य रतिराम पाल, सर्वेश्वर सिंह, श्रीकृष्ण बाथम, सुशील यादव, मंशानाथ मिश्रा, शिवराम सिंह, कृष्ण कुमार वर्मा, कन्हई सिंह यादव, अनंतराम राजपूत को बनाया गया है।

**सूचना**
मैंने नगर पालिका से पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र 19/11/2008 में बनवाया था, जिसमें उसका नाम कु0 अयाना जहरा दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि पुत्री का हाईस्कूल के अंक प्रमाण पत्र में सही नाम नरजिस जहरा दर्ज है, जो सही है। इसी नाम से जाना पहचाना जाये तथा मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करने की कृपा करें।
**मुन्तजिर हुसैन पुत्र इफ्तेखार हुसैन नि0 5/12 घेरशामू खां, जनपद फर्रुखाबाद।**

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रा मानसी ने जीता टैबलेट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरपुर ब्लॉक मोहम्मदाबाद की कक्षा 8 की छात्रा मानसी ने अपनी मेधा का लोहा मनवाया। मानसी ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे ब्लॉक का नाम रोशन किया। मानसी के वैज्ञानिक मॉडल और आत्मविश्वास की जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने जमकर सराहना की। मुख्य अतिथि ने मानसी



विजेता छात्रा मानसी के साथ शिक्षकगण

को पुरस्कार स्वरूप टैबलेट, शैक्षणिक बैग और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वीना गौतम ने खुशी जाहिर करते हुए मानसी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय छात्रा की कड़ी मेहनत और अपने समर्पित स्टाफ को दिया। उन्होंने विशेष रूप से विज्ञान शिक्षक शिवानन्द, अंग्रेजी शिक्षक हृदेश कुमार सिंह, स्कूल मेंटर विपिन कुमार और अनुचर जितेंद्र कुमार को बधाई दी। जीत से पूरे विद्यालय परिवार और छात्र.छात्राओं में उत्साह का माहौल है।

## किशोरी को बदनियती से दबोचा, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी किशोरी घर से खेतों की तरफ शौच करने गई थी। उसी समय उसी गांव निवासी सुखवीर पुत्र अर्जुन सिंह खेतों की तरफपहुंच गया और किशोरी को बदनीयती से दबोच लिया। युवती ने अपने आप को छुड़ाकर भागने का प्रयास कर रही थी, तभी सुखवीर ने उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ करने लगा। किसी तरह किशोरी वहां से भागकर घर पहुंची और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। थाने पहुंचकर पिता ने सुखवीर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने सुखवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# संस्कृत में उदाहरणों व व्याकरण का रखे विशेष ध्यान



देवेन्द्र पाठक, प्रवक्ता संस्कृत



डॉ0 बिंदू साहू, शिक्षिका संस्कृत



दुर्गा शाक्य, छात्रा



शिवानी , छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इं0का0 के संस्कृत प्रवक्ता देवेन्द्र पाठक ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय में अच्छे नम्बर लाने के लिए विद्यार्थी निरंतर प्रयास करें। उदाहरणों का प्रयोग, व्याकरण का विशेष ध्यान रखें। इसके साथ-साथ सुलेख, पुराने प्रश्न पत्रों को समय के अन्तर्गत हल करने का अभ्यास करें। उत्तरों को स्पष्ट व सटीक सारगर्भित लिखने का अभ्यास करें। प्रश्नों के उत्तर नोट्स बनाकर घर पर लिख-लिखकर अभ्यास करें।

सर्वोदय इंटर कॉलेज पिपरगांव संस्कृत विषय शिक्षिका डा0 बिंदू साहू ने बताया कि चंद्रा पीड कथा से संबंधित गद्यांशों को धैर्य पूर्वक पढ़कर प्रश्नों को हल करें। चंद्रा पीड कथा के पात्रों का चरित्र चित्रण लिखते समय उनकी विशेषताओं का उल्लेख अवश्य करें। रघुवंश महा काव्यम् के श्लोकों की संस्कृत व हिन्दी व्याख्या को सावधानी पूर्वक लिखें। अभिज्ञानशा कुन्तलम् नाटक की सूक्तियों की व्याख्या, महाकवि परिचय एवं व्याकरण से संबंधित सभी प्रकार के प्रश्नों को धैर्यपूर्वक एवं सावधानी से हल करें। तनावमुक्त होकर निरन्तर अभ्यास करते रहे।

कक्षा 10 की छात्रा दुर्गा शाक्य ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए हमारे विद्यालय में बहुत ही अच्छी तरह से तैयारी सभी अध्यापकों द्वारा कराई गई है, सभी प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह से समझे गए हैं। कोर्स के अतिरिक्त रिवीजन और अभ्यास भी कराया गया। वैकल्पीक प्रश्नों को मैंने अच्छी तरह से याद किया है, क्योंकि इसमें नंबर पूरे मिलते हैं, परीक्षा वाले दिन समय से आधा घंटा पूर्व घर से निकालना चाहिए। समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचा जा सके।

कक्षा 10 की छात्रा शिवानी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी मैंने बहुत ही अच्छी तरीका से की है। अध्यापकों द्वारा सारा कोर्स तय समय में पूर्ण करा दिया गया है और सारे टॉपिक को कई बार समझाया गया है। जिन प्रश्नों के उत्तर समझने में कोई भी दिक्कत हो रही थी उनको विद्यालय के टीचर्स ने बहुत ही अच्छी तरह से समझाया है, अन्य विषयों के अतिरिक्त हिंदी एवं संस्कृत की तैयारी भी बहुत अच्छी तरह से कराई गई है। प्री बोर्ड परीक्षा के पेपर भी याद किये है।

# शिव कॉरिडोर में आधी रात विवाद

## यूपीपीसीएल जेई से मारपीट का आरोप, अनुमति प्रक्रिया को लेकर मतभेद

▸ होर्डिंग लगाए जाने व हटाए जाने को लेकर बढ़ा विवाद

**समृद्धि न्यूज़, गोला/लखीमपुर खीरी।**




ऐतिहासिक शिव मंदिर कॉरिडोर में चल रहे विकास कार्य शुक्रवार/शनिवार देर रात विवाद और तनाव की चपेट में आ गए। नगर पालिका गोला के द्वारा प्रवेश द्वार के पास लगाई गई एक होर्डिंग को लेकर उपजा मतभेद आधी रात हिंसक टकराव में बदल गया। जानकारी के अनुसार नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से गेट के समीप होर्डिंग लगवाई गई थी, जिस पर बाद में मंदिर कमेटी से जुड़े कुछ लोगों ने बिना अनुमति लगाए जाने की आपत्ति जताई। इसी घटनाक्रम के बीच सड़क पैचिंग कार्य में लगे यूपीपीसीएल के जूनियर इंजीनियर (जेई) से मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है, जिसने कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक निगरानी और विभागीय समन्वय को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

**पहले नहीं जताई गई आपत्ति, बाद में मिली तोड़फोड़ की सूचना : अध्यक्ष**

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने बताया कि देर रात कॉरिडोर क्षेत्र में लाइटिंग व्यवस्था की जांच की तैयारी चल रही थी, जिसमें तकनीकी कारणों से अपेक्षा से अधिक समय लग रहा था। इसी दौरान वह भोजन के लिए घर चले गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उस समय तक मंदिर कमेटी या संबंधित पक्ष की ओर से होर्डिंग लगाए जाने को लेकर कोई औपचारिक आपत्ति या विरोध दर्ज नहीं कराया गया था और न ही किसी विवाद की जानकारी उन्हें दी गई। अध्यक्ष के अनुसार, जब वह वापस लौट रहे थे तो शिवम चौराहे के पास उपजिलाधिकारी को मुख्य गेट की ओर जाते देखा, किंतु तब भी स्थिति सामान्य प्रतीत हो रही थी। वाहन में बैठने के बाद उन्हें फोन पर सूचना मिली कि गेट के पास लगाई गई उनकी होर्डिंग फाड़ दी गई है। साथ ही यह भी कहा गया कि मंदिर कमेटी अध्यक्ष की अनुमति के बिना परिसर में कोई कार्य नहीं कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने तत्काल वार्ता के माध्यम से अगले दिन समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

**ड्यूटी के दौरान जेई से मारपीट, मोबाइल छीना**

यूपीपीसीएल के जूनियर इंजीनियर नितिन सिंह ने बताया कि वह विभागीय टीम के साथ देर रात कॉरिडोर में कार्यरत थे और उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में अतिरिक्त कार्य के निर्देश दिए गए थे। कुछ कर्मचारी मंदिर परिसर के अंदर कार्य कर रहे थे, जबकि बाहरी हिस्से में सड़क पैचिंग की तैयारी चल रही थी।

उन्होंने बताया कि अंबेडकर तिराहे से सिनेमा चौराहे की ओर जाते समय 10-15 लोगों ने उन्हें घेर लिया, मोबाइल छीन लिया और मारपीट की। उन्होंने कहा कि उनका पहले किसी से कोई विवाद नहीं था तथा बाहरी जनपद से होने के कारण हमलावरों की पहचान नहीं कर सके। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि होर्डिंग विवाद से जुड़े लोग ही घटना में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कराने और पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## आदर्श इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट विद्यार्थियों का विदाई सम्मान समारोह आयोजित



**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।** मितौली स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान एवं विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापक इरशाद अली तथा पत्रकार रमेश शुक्ला ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए आशीर्वचन दिए। विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदाई समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मेडिकल स्टोर संचालक की दर्दनाक मौत



**समृद्धि न्यूज़, मितौली (खीरी)।** मितौली थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में मेडिकल स्टोर संचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रसूलपुर (मगही) निवासी भीखम लाल (लगभग 40 वर्ष) बेहड़ा पुलिया बाजार स्थित अपने मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे। बताया जाता है कि वह अपनी दुकान के पास नहर पटरी पर रखी बेंच पर बैठकर बाजार की गतिविधियां देख रहे थे और ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान आलपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहा गन्ना लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन की गति काफी तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली सीधे पटरी की ओर चढ़ गई और बेंच पर बैठे भीखम लाल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह ट्रॉली के नीचे दब गए। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली गन्ने सहित पलटकर नहर में जा गिरी। आसपास मौजूद लोगों ने दौड़कर बचाव का प्रयास किया, लेकिन तब तक भीखम लाल दम तोड़ चुके थे। उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी महेश पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जांच में सामने आया कि ट्रैक्टर बाबूराम पुत्र नेतराम निवासी आलपुर का बताया जा रहा है, जबकि वाहन चालक सोनू वर्मा पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी आलपुर, थाना मितौली, घटना के समय ट्रैक्टर चला रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है तथा वाहन को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि भीखम लाल अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाशिवरात्रि पर मेला व बिरहा मुकाबला आज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के खरीहट खुर्द बेलन नदी के किनारे बाबा भोलेनाथ मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि के अवसर पर मेला व बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया है। बिरहा मुकाबला मिर्ज़ापुर के मनोज लाल यादव व बिहार की गायिका चिंता संवरिया के बीच होगा। कमेटी के अध्यक्ष जगनारायण यादव ने बताया की महाशिवरात्रि के अवसर पर भोलेनाथ मंदिर के प्रांगण में मेला व बिरहा मुकाबला का आयोजन किया गया है।

### अदवा बांध पर मरम्मत कार्य में किया जा रहा अनदेखी, सीएम पोर्टल पर शिकायत

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के अदवा कालोनी गांव निवासी विवेक कुमार ने शनिवार को सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराया है की अदवा बांध पर विश्व बैंक के फंड से करीब 17 करोड़ रूपये की भारी भरकम लागत से कराये जा रहे विभिन्न कार्यों के मानक में कार्यदाई संस्था द्वारा मानक की अंदेखी किया जा रहा है। मानक के विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्य कराया जा रहा है। कार्य करीब दो वर्षो से कार्य चल रहा है। लेकिन सिरसी बांध प्रखंड के अधिकारीयों के लापरवाही से कार्य मानक विहीन कराया जा रहा है। समय पूर्ण होने के बाद भी कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य को पूरा नही किया जा रहा है। अदवा बांध के मजबूती और सुरक्षा के लिए कराये जा रहे है। सुंदरीकरण एवं मरम्मती करण कार्य पत्थर डिवाइडर निर्माण रेनसुट,बांध की पिचिंग, नाली निर्माण, डिस्प्ले एवं सिपेज़, निर्माण, सड़क निर्माण, कर्मचारी रूम, जनरेटर रूम, डबला पीचिंग कार्य सहित आदि कार्यों का गुणवत्ता पूर्ण नही कराया जा रहा है। पहली बारिश में ही करीब तीन किलोमीटर से अधिक बांध के दायरे में बनाई गई पत्थर की डिवाइडर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है।

### कोटार नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर सजने लगी दुकानें

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर लगने वाले महाशिवरात्रि पर्व को लेकर परिसर में दुकानदार पहुंचकर अपने अपने दुकानों को सजाने लगे है। महाशिवरात्रि पर कोटार नाथ मंदिर मेला में क्षेत्रीय लोगो के साथ दूर दराज से भक्त दर्शन पूजन के लिए आएंगे। मेला के मद्देनजर थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर पॉइंट पर पुलिस कर्मियों की तैनाती किया है। हरसड़ गांव से कोटार नाथ मंदिर तक पहुंचने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त होने से भक्तों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मेला क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था के लिए एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव द्वारा सफाईकर्मियों की डियूटी लगाई है। ग्राम प्रधान कोटार विनोद सिंह द्वारा पेयजल, विद्युत, शौचालय आदि की व्यवस्था कराई गई है। मंदिर पुजारी जयराम गिरि ने बताया की महाशिवरात्रि पर लाखों की संख्या में भक्त जलाभिषेक करने के लिए आएंगे।

### कोटार नाथ महाशिवरात्रि मेला के लिए मिली अतिरिक्त फ़ोर्स

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध कोटार नाथ शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेला में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव की मांग पर पुलिस अधीक्षक मिर्ज़ापुर अपर्णा रजत कौशिक ने एक निरीक्षक, एक उप निरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी, चार आरक्षी, दो महिला आरक्षी, सहित एक फायर टेंडर छोटी गाड़ी मेला के लिए दिया है जिससे महाशिवरात्रि का मेला सकुशल सम्पन्न कराया जा सके मेला के राजपत्रित अधिकारी सीओ लालगंज अमर बहादुर होंगे। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की हलिया थाने की फ़ोर्स के साथ ड्रमण्डगंज थानाध्यक्ष व जिला मुख्यालय से मिली अतिरिक्त फ़ोर्स की डियूटी के लिए डियूटी पॉइंट को चिन्हित कर डियूटी लगा दिया गया है।

## संस्कार ही शति है : मोहदियापुर में 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' पर बच्चों ने किया भावपूर्ण समान

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया खीरी।**

मां गायत्री देवी सरस्वती शिशु मंदिर, मोहदियापुर में शनिवार को आस्था, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों से ओत-प्रोत 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर, आरती उतारकर तथा उनके चरण स्पर्श कर भारतीय संस्कृति में निहित पारिवारिक सम्मान की परंपरा को जीवंत कर दिया। इस भावुक क्षण को देखकर उपस्थित अभिभावकों की आंखें नम हो उठीं। कार्यक्रम को महाशिवरात्रि पर्व से भी जोड़ा गया, जिसमें शिशु वाटिका के बच्चों ने भगवान शिव, माता पार्वती और श्री गणेश के रूप में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ. संजीत सिंह सनी एवं परमजीत कौर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता का स्थान देवतुल्य है और ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में संस्कारों का संचार करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ, जबकि संचालन कांवर पाल ने किया। पूजन विधि का संचालन अंकुर पाण्डेय ने तथा शिवरात्रि प्रसंग की प्रस्तुति प्रज्ञा त्रिवेदी ने की। कार्यक्रम के छायांकन का दायित्व अनामिका पाल ने निभाया। इस अवसर पर 100 से अधिक अभिभावक उपस्थित रहे।

## करोड़ों खर्च के बावजूद स्वच्छ जल से वंचित ग्रामीण, आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर

**समृद्धि न्यूज़, सिंगाही खीरी।** सरकार की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना क्षेत्र में कागजों तक सिमटती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा, जिससे लोगों में रोष व्याप्त है और वे आर्सेनिक युक्त पानी पीने को मजबूर हैं।



भेडौरी ग्राम पंचायत के तकिया पुरवा गांव में निर्मित पानी की टंकी को बने लगभग आधा दशक बीत चुका है, लेकिन अब तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। विभागीय अभिलेखों में जहां प्रतिदिन पानी सप्लाई दर्शायी जा रही है, वहीं जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में सप्लाई दिखाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में बिछाई गई पाइपलाइन कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है। जब कभी पानी छोड़ा भी जाता है तो लीकेज के कारण रास्तों और गलियों में जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। यही स्थिति भूलनपुर गांव की पानी टंकी से जुड़ी पाइपलाइन की भी बताई जा रही है, जिसके माध्यम से लालापुरवा गांव तक पानी पहुंचना था, परंतु वहां आज तक नियमित सप्लाई नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रारंभ में कुछ समय तक पानी मिला, लेकिन बाद में सप्लाई बंद हो गई। शिकायतों के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। बीच-बीच में कर्मचारी मरम्मत कार्य करते हैं, परंतु समस्या जस की तस बनी रहती है। स्वच्छ जल उपलब्ध न होने से ग्रामीण आर्सेनिक मिश्रित पानी का उपयोग करने को विवश हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

समस्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर पूरे प्रकरण की शिकायत करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि कागजों में दर्शायी जा रही जलापूर्ति की वास्तविक जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस संबंध में जल निगम के अवर अभियंता धनंजय सिंह ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदारों द्वारा जलापूर्ति लाइन के कनेक्शन क्षतिग्रस्त कर दिए गए, जिसके कारण सप्लाई बाधित हुई। विभाग द्वारा सर्वे कराया जा रहा है और शीघ्र ही जलापूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया गया है।

**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें**

ग्रामीणों ने टंकी निर्माण व पाइपलाइन बिछाने वाले ठेकेदारों के भुगतान पर रोक लगाने, सड़क निर्माण एजेंसियों की जिम्मेदारी तय करने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। उनका सवाल है कि कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में भुगतान कैसे किया गया।

## नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां पूरी

**समृद्धि न्यूज़, ओयल, खीरी।**



महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कस्बे के मध्य स्थित ऐतिहासिक नर्मदेश्वर महादेव मेंढक मंदिर में तैयारियां कई दिन पूर्व से ही जोर-शोर के साथ शुरू कर दी गई थीं, जो अब पूर्ण हो चुकी हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा भोले बाबा के शिवलिंग का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान शिव के लिए भव्य मंडप भी तैयार किया गया है। यह मंदिर देश का अनूठा शिवालय माना जाता है, जहां भगवान शिव मेंढक की पीठ पर विराजमान हैं। साथ ही नंदी जी की प्रतिमा यहां खड़ी मुद्रा में स्थापित है, जो इस मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में शामिल है। पवित्र सावन माह और महाशिवरात्रि पर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। मान्यता है कि यह मंदिर मंडूक तंत्र और श्री यंत्र के आधार पर निर्मित है तथा सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। बाढ़ और सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रजा की रक्षा हेतु ओयल स्टेट के शासकों द्वारा इसका निर्माण कराया गया था।

**ऐतिहासिक धरोहर के रूप में पहचान**

बताया जाता है कि तराई क्षेत्र प्राचीन काल से तांत्रिक साधना का प्रमुख केंद्र रहा है। 11वीं से 19वीं सदी तक यह क्षेत्र चाहमान शासकों के अधीन रहा। ओयल स्टेट के शासक राजा बक्श सिंह ने दैवीय आपदाओं से बचाव के उद्देश्य से मंडूक तंत्र व श्री यंत्र पर आधारित इस मंदिर का निर्माण प्रारंभ कराया, जो उनके उत्तराधिकारी राजा अनिरुद्ध सिंह के काल में सन् 1747 ई. में पूर्ण हुआ। मंदिर की वास्तु परिकल्पना कपिल नामक एक तांत्रिक द्वारा किए जाने की भी मान्यता है।

मंदिर की संरचना भी अत्यंत विशिष्ट है। शिवलिंग पर अर्पित जल नलिकाओं के माध्यम से मेंढक के मुख से बाहर निकलता है। मेंढक की पीठ पर अष्टकोणीय ऊंचा चबूतरा बना है, जहां से सीढ़ियों द्वारा गर्भगृह तक पहुंचा जाता है। गर्भगृह में संगमरमर का लगभग तीन फीट ऊंचा अरधा निर्मित है, जिस पर शिवलिंग स्थापित है तथा सहस्त्रदल कमल की आकृति उकेरी गई है। मंदिर की देखरेख आज भी ओयल राजपरिवार द्वारा की जाती है।

**शिव बारात का होगा आयोजन**

महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार देर शाम कस्बे के मोहल्ला बगिया से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। यह बारात कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन मार्ग तक जाएगी। कार्यक्रम के दौरान खीरी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी तथा भक्तिभाव के साथ डीजे और झांकियों के माध्यम से भगवान शिव की बारात का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से किया जाएगा।

## रोवर रेंजर्स स्काउट कैंप का त्रिदिवसीय आयोजन संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** पलिया क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह डिग्री कॉलेज में रोवर रेंजर्स स्काउट कैंप का सफलतापूर्वक त्रिदिवसीय आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 70 प्रतिशत बालिकाओं एवं 30 प्रतिशत बालकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन संजीत शर्मा (प्रवक्ता, जनता इंटर कॉलेज) के नेतृत्व में किया गया। वहीं मुख्य प्रशिक्षक के रूप में विनय कुमार (जिला संस्था बेसिक स्काउट मास्टर) ने प्रशिक्षण का संचालन किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी सिखाया गया कि आपदा या जंगल जैसी परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित कैसे रखें, लोगों को सुरक्षित स्थानों तक कैसे पहुंचाएं तथा सीमित संसाधनों में भोजन व आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था कैसे करें। कैंप के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपनी स्किल के अनुसार लकड़ी के डंडों से कैंप स्थापित किए। कैंप के अंदर बैठने, रहने, सोने एवं जूता स्टैंड आदि की भी व्यवस्था की गई। भोजन व्यवस्था के तहत प्रतिभागियों ने कंडे की आग पर बाटी-चोखा, फ्रूट चाट, गाजर का हलवा व झालमुड़ी आदि तैयार किया, जिसे प्रशिक्षकों एवं मुख्य अतिथियों को केले के पत्ते एवं सागौन के पत्तों में परोसकर प्रस्तुत किया गया।

## थाना दिवस पर पड़े चार प्रार्थना पत्र, नहीं हुआ निस्तारण



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार हलिया राजीव यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस पर कुल चार प्रार्थना पत्र भूमि विवाद से संबंधित पड़े। मौके पर किसी भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। नायब तहसीलदार ने प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया गया है। नायब तहसीलदार ने संबंधित राजस्व व पुलिसकर्मियों को समय से निस्तारण कर आख्या देने का निर्देश दिया है जिससे मामलों का निस्तारण हो सके। इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी हथेडा श्रवण कुमार, राजस्व निरीक्षक शिव कुमार चौबे, प्रमोद सिंह, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, एसआई महेंद्र प्रताप यादव, शिवजी यादव सहित राजस्व चकबंदी के लेखपाल मौजूद रहे।

## ब्लॉक नकहा में कृषकों को निःशुल्क उर्द-मूंग बीज मिनीकिट का वितरण

▸ गन्ना फसल में अंत: फसली खेती को बढ़ावा, आय वृद्धि व मृदा उर्वरता सुधार पर जोर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद खीरी के समस्त राजकीय कृषि बीज भंडारों पर उर्द व मूंग बीज का निःशुल्क वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी क्रम में विकास खंड नकहा में राज्य स्तरीय उर्द-मूंग मिनीकिट कार्यक्रम के अंतर्गत बसंतकालीन गन्ना फसल के साथ अंतःफसली खेती को प्रोत्साहित करने हेतु कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए गए।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को दलहनी फसलों की अंतःफसली खेती के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि गन्ना फसल के साथ उर्द एवं मूंग की खेती करने से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होती है। साथ ही मृदा उर्वरता में वृद्धि, नाइट्रोजन स्थिरीकरण तथा संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। कृषकों को समय से बुवाई करने पर विशेष जोर देते हुए उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विभागीय योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान चयनित कृषकों को विकास खंड स्तर पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार से निःशुल्क बीज उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के अनेक कृषक उपस्थित रहे।

## शिव भक्तों के लिए कोटार नाथ धाम का है अनोखा चमत्कार, महाशिवरात्रि पर जुटेंगे लाखों दर्शनार्थी

▸ मेले में पुलिस की चौकस व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।**



हलिया थाना क्षेत्र के अदवा नदी के मध्य विहंगम दृश्य में टापू पर स्थित शिव लिंग का भक्तों के लिए अनोखा चमत्कार है। जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां भूत भावन भगवान शंकर जी की पूजा करता है भोलेनाथ उसकी सारी मनोकामना पूरी करते हैं।यहां पर स्थित शिव लिंग कृत्रिम अथवा बनावटी नहीं हैं बल्कि शिव भक्तों की रक्षा करने के लिए अपने आप प्राकट्य हुए हैं। यहां के शिव लिंग की महिमा की शोहरत दूर दूर तक है। यही कारण है कि दूर दराज से श्रद्धालु सारी बाधाओं को पार करते हुए कोटार नाथ धाम में आकर दर्शन और पूजन करते हैं। चाहे चारों धाम की यात्रा हो अथवा घर में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम लोग पहले कोटार नाथ धाम में मत्था टेकते हैं।भक्तों के कष्ट निवारण में कोटार नाथ धाम की महिमा अपार है। वदंतियों के अनुसार आज के चार सौ वर्ष पूर्व बैलों की सवारी करने वाले व्यवसायियों का एक जत्था पानी की सुविधा को देखते हुए पड़ाव डाल दिया। और सभी व्यवसाई स्नान ध्यान में लग गए।

पहाड़ी नदी होने के कारण एकाएक तूफान और नदी में पानी की प्रचंड धारा पड़ाव की ओर आती दिखी। व्यवसायियों ने प्राण का संकट देख भगवान भोलेनाथ का ध्यान किया।

### विवाहिता के सिर में अचानक हुआ दर्द, हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी विवाहिता के सिर में शुक्रवार की रात्रि में अचानक सिर में दर्द उठा स्वजनों द्वारा उपचार के लिए मिर्ज़ापुर हॉस्पिटल लेकर गए जहां पर विवाहिता की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी नीरज अग्रहरी की 29 वर्षीय पत्नी धर्मा देवी के सिर में शुक्रवार को अचानक सिर में दर्द उठा और तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए मिर्ज़ापुर हॉस्पिटल लेकर गए जहां पर धर्मा देवी की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौत की सूचना पर रिश्तेदार व क्षेत्र के लोग आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्ज़ापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक के निर्देश पर चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा क्षेत्र के सोठिया खुर्द व सोठिया कला गांव में शनिवार को मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा चौपाल लगाकर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिलाओ व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर मौजूद रहे।